हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित
शुक्ल पक्ष, हस्त, विक्रम संवत् 2081 • औरंगाबाद • शनिवार • 07 सितंबर 2024 • वर्ष 26 • अंक 268 • पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 2.00

ऊर्जा विभाग अंतर्गत

## मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना

हर माह 200 यूनिट बिजली मुफ्त

जे.बी.वी.एन.एल से व्हाट्सएप नंबर पर जुड़ें 9431135503

### 200 यूनिट तक बिजली उपभोग करने वाले उपभोक्ताओं का बकाया बिजली बिल माफ

#### मुख्य बिन्दु

- **आर्थिक रूप से कमजोर घरेलू उपभोक्ताओं** को इस योजना का लाभ मिलेगा।
- 200 यूनिट प्रति माह मुफ्त बिजली योजना के तहत सभी तरह के शुल्क यथा **Energy Charge, Fixed Charge, Electric Duty, FPPPA Charge** आदि की छूट 200 यूनिट तक मासिक खपत करने वाले घरेलू उपभोक्ताओं को प्रदान की जाएगी।
- यह योजना **जुलाई 2024** के बिलिंग माह से लागू की जाएगी।
- **33,07,294** ग्रामीण घरेलू उपभोक्ता लाभान्वित होंगे।
- **6,37,095** शहरी घरेलू उपभोक्ता लाभान्वित होंगे।
- 200 यूनिट प्रति माह मुफ्त बिजली योजना हेतु झारखण्ड सरकार प्रतिमाह लगभग **₹350 करोड़ सब्सिडी** के रूप में झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमिटेड को उपलब्ध करायेगी।
- करीब **40 लाख** घरेलू उपभोक्ता को लाभान्वित करने का लक्ष्य।

PR NO. 335079 / IPRD / 2024-25

टॉल फ्री हेल्पलाइन नंबर:
**1912/1800-123-8745/1800-345-6570**



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 11



खेल

थिमरोन हेटमायर का टूटा कहर, शतक से चूके, दिल जीता

Page 10



देश

विधानसभा के चुनाव होते ही पूर्ण राज्य का दर्जा जम्मू-कश्मीर को दिया जाएगा : अनुराग

मूल्य ₹ 2.00
शुक्ल पक्ष, हस्त, विक्रम संवत् 2081
• औरंगाबाद • शनिवार • 07 सितंबर 2024 • वर्ष 26 • अंक 268 • पृष्ठ 12

# पीएम मोदी ने की जल संचय जन भागीदारी योजना की शुरुआत

**कहा-आने वाली पीढ़ियां हमारे कामों का आंकलन करेंगी तो पानी उनका पहला पैरामीटर होगा**





सूरत (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से शुक्रवार को सूरत में 'जल संचय जन भागीदारी' पहल की शुरुआत की। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जल संरक्षण में सामुदायिक भागीदारी को बढ़ाना है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, केन्द्रीय जल मंत्री सीआर पाटिल समेत कई मंत्री और सभी जिलों के कलेक्टर भी ऑनलाइन जुड़े। अपने संबोधन में पीएम ने कहा- जल संचय एक पॉलिसी नहीं है, प्रयास और पुण्य भी है। इसमें उत्तरदायित्व भी है। आने वाली पीढ़ियां जब हमारे कामों का आंकलन करेंगी तो पानी का आंकलन उनका पहला पैरामीटर होगा। क्योंकि, यह प्रश्न संसाधनों का नहीं, यह प्रश्न जीवन का है। इसलिए हमने हमारे 9 संकल्पों में जल संरक्षण को पहले नंबर पर रखा है। आज देश में कितनी सारी विशाल नदियां हैं, लेकिन इसके बावजूद हमारे एक भू-भाग को पानी की कमी से जूझना पड़ रहा है। कई जगह पानी का स्तर लगातार गिर रहा है। यह संकट पूरी दुनिया में और गहराता जा रहा है।

## रहिमन पानी रखिए बिन पानी सब सून

पीएम ने आगे कहा- हम उस संस्कृति के लोग हैं, जहां जल को ईश्वर का रूप कह गया गया है। नदियों को देवी, सरोवर, कुंड को देवालय का दर्जा दिया गया है। गंगा, नर्मदा गोदावरी जैसी सभी नदियां हमारी मां हैं। हमारा यह रिश्ता आज का नहीं, हजारों वर्षों पुराना है। हमारे ग्रंथों में कहा गया है कि सभी प्राणी जल से ही उत्पन्न हुए हैं। जल से ही जीते हैं। इसलिए जलदान यानी कि दूसरों के लिए पानी बचाना यह सबसे बड़ा दान है। यही बात सैकड़ों साल पहले रहीम दास ने भी कही थी- रहिमन पानी रखिए, बिन पानी सब सून।

## जल संरक्षण में गुजरात दुनिया के लिए उदाहरण

पीएम मोदी ने गुजरात मे पानी की कमी की बात को उठाते हुए कहा- दो-ढाई दशक पहले तक सौराष्ट्र और उत्तर गुजरात की हालत क्या थी। यह हम सभी ने देखा है। मैं जब गुजरात का मुख्यमंत्री बना तो मेरा पहला संकल्प यही था कि गुजरात में पानी की समस्या खत्म कर दुनिया को बताकर रहूंगा कि जल संकट का भी समाधान हो सकता है। इसके लिए हमने गुजरात में सौनी योजना शुरू की थी। इस प्रोजेक्ट के तहत जहां पानी अधिक था, वहां से पानी जल संकट वाले इलाकों में पहुंचाया गया। इसके लिए भी विपक्ष के लोग हमारा मजाक उड़ाते हुए कहते थे कि पानी के इन पाइपों से हवा निकलेगी लेकिन, आज गुजरात में जल संरक्षण का उदाहरण दुनिया के सामने है। गुजरात की यही सफलता पूरी दुनिया को बताती है कि जल का संरक्षण किया जा सकता है। सूरत नगर पालिका ने शहर में भूजल स्तर बढ़ाने के लिए 27 करोड़ की लागत से 200 से अधिक जल संरक्षण के प्रोजेक्ट शुरू किए। इसके अलावा, तापी, डांग, वलसाड में भी कई प्रोजेक्ट्स की शुरुआत की गई है।



# सुमुख योग में आज विराजेंगे विघ्न विनाशक

**घर-घर होगी स्थापना, दिनभर में 3 विशेष मुहूर्त**

नई दिल्ली (एजेंसी)। कल 7 सितंबर को गणेश चतुर्थी है। इस दिन देशभर में गणपति स्थापना होगी। इसके लिए दिनभर में 3 मुहूर्त रहेंगे। मूर्ति स्थापना सूर्यास्त के पहले करने का विधान है। गणेश पुराण के मुताबिक गणपति का जन्म चतुर्थी तिथि और चित्रा नक्षत्र में मध्याह्न काल, यानी दिन के दूसरे पहर में हुआ था। ये शुभ काल सुबह 11.20 बजे से शुरू हो रहा है। गणेश चतुर्थी पर इस बार सुमुख नाम का शुभ योग बन रहा है। ये गणेशजी का एक नाम भी है। इसके साथ पारिजात, बुधादित्य और सर्वार्थसिद्धि योग बन रहे हैं। ज्योतिषियों का मानना है कि इस संयोग में गणपति स्थापना का शुभ फल और बढ़ जाएगा। ग्रंथों के मुताबिक वैसे तो गणेशजी के कई रूप हैं, लेकिन भादो के महीने में आने वाली इस गणेश चतुर्थी पर सिद्धि विनायक रूप में गणेशजी को पूजने का विधान है। गणेशजी के इस रूप की पूजा भगवान विष्णु ने की और ये नाम भी दिया। पूरे गणेशोत्सव में हर दिन गणपति के सिर्फ तीन मंत्र का जाप करने से भी पुण्य मिलता है। सुबह नहाने के बाद गणेशजी के मंत्रों को पढ़कर प्रणाम कर के ऑफिस-दुकान या किसी भी काम के लिए निकलना चाहिए। गणेश चतुर्थी पर देशभर में गणपति जी के जयकारों की गूंज सुनाई देगी। हर साल भाद्रपद महीने की शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि के दिन बहुत ही धूमधाम से देशभर में गणेश चतुर्थी का पर्व मनाया जाता है। बहुत ही धूमधाम से देशभर में गणेश उत्सव मनाते हैं। गणेश चतुर्थी से ही इसका शुरुआत हो जाती है और यह अनंत चतुर्दशी तक चलता है। गणेश चतुर्थी के दिन गणपति जी को घर, पंडाल में विराजमान किया जाता है। गणेशजी की स्थापना शुभ मुहूर्त में ही करनी चाहिए। ऐसा करने से बुद्धि में वृद्धि होने के साथ ही जीवन में सुख समृद्धि आती है। पंचांग के अनुसार, गणेश चतुर्थी तिथि की शुरुआत 6 सितंबर को दोपहर में 3 बजकर 2 मिनट से पर आरंभ होगी। चतुर्थी तिथि का समापन 7 सितंबर को शाम में शाम 5 बजकर 38 मिनट पर। उदया तिथि के हिसाब से गणेश चतुर्थी का व्रत और गणेशजी की स्थापना कल 7 सितंबर को की जाएगी।

# वक्फ बोर्ड बिल पर जेपीसी बैठक में जबरदस्त घमासान

- संजय सिंह समेत विपक्ष के कई नेता भिड़े, मोदी सरकार को घेरा




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विचार कर रही संयुक्त संसदीय समिति की गुरुवार को हुई बैठक में सांसदों ने शीर्ष अधिकारियों से कई कड़े सवाल किए, जिसमें विपक्षी दलों के सदस्यों ने तर्क दिया कि मंत्रालय मसौदा विधेयक पर स्वतंत्र रूप से विचार नहीं कर रहे हैं और केवल सरकारी नजरिए का ही अनुसरण कर रहे हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विचार कर रही संयुक्त संसदीय समिति को गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में मौजूद वक्फ संपत्तियों से अवगत कराया गया जिसमें सड़क परिवहन एवं रेल मंत्रालयों से संबंधित भूमि पर उपस्थित संपत्तियां शामिल हैं। इस बैठक में शहरी मामलों एवं सड़क परिवहन विभाग के सचिव अनुराग जैन और रेलवे बोर्ड के सदस्य (अवसंरचना) अनिल कुमार खंडेलवाल तथा संबंधित मंत्रालयों के अधिकारियों ने प्रस्तुति दी। बैठक में भारतीय जनता पार्टी, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के कल्याण बनर्जी और आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह सहित विपक्ष के सदस्यों के बीच तीखी बहस भी हुई, जिसके कारण समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल को हस्तक्षेप करना पड़ा।

# जम्मू-कश्मीर चुनाव के लिए बीजेपी का घोषणा पत्र जारी

**परिवार की वरिष्ठ महिला को 18000 और भूमिहीनों को जमीन का वादा**

**2 मुफ्त एलपीजी सिलेंडर भी, जेके के लिए बीजेपी ने खोला चुनावी पिटारा**

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव को लेकर बीजेपी ने शुक्रवार शाम अपना घोषणापत्र जारी कर दिया है। इस मौके पर गृहमंत्री अमित शाह ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि अनुच्छेद 370 की कभी वापसी नहीं हो सकती है।

बीजेपी के इस घोषणापत्र में पार्टी ने महिलाओं से लेकर युवाओं छात्रों पर ज्यादा फोकस किया है। इसके साथ ही केंद्रीय अमित शाह ने पार्टी के घोषणापत्र का जिक्र करते हुए यह भी ऐलान किया कि राज्य के धार्मिक स्थलों का जीर्णोद्धार किया जाएगा। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि कॉलेज में पढ़ने वाले छात्रों का हर साल 3 हजार रुपए यातायात भत्ता दिया जाएगा। इसके अलावा 10वीं क्लास में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स को टेबलेट और लैपटॉप मिलेगा। महिलाओं पर खास फोकस करते हुए गृहमंत्री ने ऐलान किया कि उज्जवला योजना के लाभार्थियों को हर साल 2 फ्री एलपीजी सिलेंडर दिए जाएंगे। अटल आवास योजना के जरिए भूमिहीन लोगों को 5 मरला जमीन मुफ्त दी






जाएगा। जम्मू कश्मीर को लेकर जारी घोषणापत्र में कश्मीरी पंडितों के लिए पुनर्वास योजना शामिल किए जाने पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि योजना बहुत विस्तृत होगी। हम पूर्ण पुनर्वास पर ध्यान देंगे। आतंकवाद के चरम पर रहने के दौरान कई कश्मीरी पंडित और सिख समुदाय के लोग चले गए थे, जिन्हें अपनी संपत्ति बेचने के लिए मजबूर होना पड़ा। हमने इस संबंध में काम करना शुरू कर दिया है, या तो उनकी संपत्ति वापस की जाएगी या उनकी संपत्ति के लिए राशि प्रदान की जाएगी। हम 6000 लोगों के पुनर्वास के पूरा होने की ओर हैं। जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटने को लेकर अमित शाह ने कहा कि 370 हटने से राज्य का विकास हुआ है और लगातार हो रहा है। आज धारा 370 और 35(ए) बीते दौर की बात हो गए हैं। अब ये हमारे संविधान का हिस्सा ही नहीं है।

# विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया ने थामा कांग्रेस का हाथ

- कहा-बुरे वक्त में बीजेपी छोड़ सभी दूसरी पार्टियों ने दिया साथ, दोनों लड़ सकते हैं चुनाव

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** हरियाणा विधानसभा चुनाव के 30 दिन पहले रेसलर विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया शुक्रवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। विनेश का जुलाना सीट से चुनाव लड़ना तय माना जा रहा है। वहीं, बजरंग के भी चुनाव लड़ने की अटकलें हैं। इससे पहले दोनों रेसलर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से उनके आवास पर मिले। इसके बाद कांग्रेस मुख्यालय पहुंचे। राज्य में एक फेज में 5 अक्टूबर को मतदान होगा। रिजल्ट 8 अक्टूबर को आएंगे। कांग्रेस में शामिल होने से पहले विनेश और बजरंग ने रेलवे की नौकरी छोड़ दी। दोनों ओएसडी स्पोर्ट्स के पद पर थे। सबसे पहले तो मैं देशवासियों और



मीडिया का धन्यवाद करना चाहती हूं। कांग्रेस पार्टी का बहुत धन्यवाद करती हूं कि बुरे टाइम पर पता लगता है कि साथ में कौन है। एक समय जब देश की हर पार्टी हमारे साथ थी, लेकिन बीजेपी साथ नहीं थी। महिलाओं के साथ हो रहे अन्याय और बुरे बर्ताव के खिलाफ खड़ी है। जो दर्द हमने सहा है कि हम उन सभी महिलाओं के साथ हैं। बीजेपी ने हमें ये साबित करने की कोशिश की कि हम जले हुए कारतूस हैं, मैं नेशनल खेली। लोगों ने कहा कि मैं बिना ट्रायल दिए ओलिंपिक जाना चाहती हूं, लेकिन मैंने ट्रायल दिया। जो मैंने फेस किया, मैं चाहती हूं कि बाकी खिलाड़ियों को न झेलना पड़े। बजरंग पर चार साल का बैन लगा दिया।

# तीनों सेनाओं में 'तालमेल' के लिए ऐक्टिव हुई मोदी सरकार

- थिएटर कमांड की तैयारी हो गई पूरी, बस सरकार की मंजूरी का है इंतजार
- देश की सुरक्षा के साथ वैश्विक मंच पर भारत की धमक के लिए भी जरूरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तीनों सेनाओं में तालमेल को और भी ज्यादा बेहतर बनाने के लिए मोदी सरकार 'इंटिग्रेटेड थिएटर कमांड' बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ी है। थिएटर कमांड यानी एकीकृत कमांड एक ऐसा सिस्टम होगा जिसके तहत आर्मी, नेवी और इंडियन एयरफोर्स बेहतर तालमेल के साथ एक दूसरे की क्षमताओं का कुशलता से इस्तेमाल कर सकेगी। सैन्य नेतृत्व चीन, पाकिस्तान और हिंद महासागर पर फोकस करते हुए नए थिएटर कमांड्स को अंतिम रूप दे रहा है। मसौदा पूरी तरह तैयार है, बस सरकार की मंजूरी का इंतजार है।



इकलौता थिएटर कमांड नहीं, बल्कि ऐसे 2 से 5 कमांड बनाने की तैयारी है। हर थिएटर कमांड की अगुआई आर्मी, एयर फोर्स या नेवी के थ्री स्टार अफसर करेंगे और सभी थिएटर कमांड की अगुआई चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ करेंगे। बांग्लादेश के उथल-पुथल ने भी भारतीय सेना की चिताएं बढ़ा दी हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध और पश्चिम एशिया में तनाव जैसी तमाम घटनाएं बता रही हैं कि सैन्य क्षमता में सुधार और मजबूती क्यों जरूरी है।

# कॉलेजियम के फैसले में पहली बार 'सुप्रीम' दखल

- दो जजों की पदोन्नति से जुड़ा है अहम फैसला, किया रद्द

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश कॉलेजियम के उस फैसले को रद्द कर दिया, जिसमें हाई कोर्ट में पदोन्नति के लिए दो वरिष्ठ जिला जजों की उम्मीदवारी को नजरअंदाज किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने दो सीनियर जिला जजों की याचिका को स्वीकार करते हुए इस साल की शुरुआत में हुई कॉलेजियम की चयन प्रक्रिया को रद्द कर दिया। जस्टिस ऋषिकेश रॉय और प्रशांत कुमार मिश्रा की बेंच ने कहा कि परामर्श के अभाव में कॉलेजियम का निर्णय इसलिए प्रभावित हुआ क्योंकि हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस ने निजी तौर पर दो जिला जजों के नामों पर पुनर्विचार नहीं करने का निर्णय लिया था। गौरतलब है कि यह फैसला कॉलेजियम के फैसले में सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप का पहला उदाहरण है। ऐसे मामलों को आमतौर पर अदालत द्वारा प्रशासनिक रूप से निपटाया जाता है। वहीं, कॉलेजियम के फैसलों के खिलाफ याचिकाओं पर विचार करते समय व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाया जाता है। जजों ने फैसला सुनाते हुए कहा कि हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस को कॉलेजियम में अन्य जजों से सलाह लेनी चाहिए थी।

# यहां सुरक्षा की गारंटी नहीं, फिर भी हमारे कार्यकर्ता डटे:भागवत

**मणिपुर पर आरएसएस चीफ बोले-संघ कुकी-मैतेई दोनों पक्षों से बातचीत कर रहा**

**पुणे (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने गुरुवार को कहा, मणिपुर में परिस्थितियां कठिन बनी हुई हैं। स्थानीय लोग अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। वहां कारोबार या सामाजिक सेवा के लिए गए लोगों के लिए माहौल अधिक चुनौतीपूर्ण है। उन्होंने कहा- इस सबके बावजूद संघ के कार्यकर्ता दोनों गुटों (कुकी और मैतेई) की मदद और माहौल सामान्य करने की कोशिश कर रहे हैं। कार्यकर्ता न तो वहां से भागे, न ही हाथ पर हाथ रखकर बैठे रहे। वे जनजीवन सामान्य करने, गुस्सा कम करने और राष्ट्रीय एकता की भावना बढ़ाने का काम कर रहे हैं। मोहन भागवत पुणे में शंकर दिनकर काने की 100वीं जयंती पर एक कार्यक्रम में पहुंचे थे। यहां



उन्होंने करीब 5 घंटे का भाषण दिया। भागवत ने कहा-शंकर दिनकर 1971 तक मणिपुर में बच्चों को शिक्षित करने के अभियान में जुटे थे। संगठन के कार्यकर्ता तमाम चुनौतियों और सुरक्षा की गारंटी न होने के बावजूद संघर्षग्रस्त उत्तर-पूर्वी राज्य मणिपुर में डटे हैं। भागवत ने कहा- मणिपुर में कमांडो सब कुछ नहीं संभाल सकते। संघ स्थिति सुधारने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है। संघ सभी पक्षों से बातचीत कर रहा है। स्वयंसेवकों ने लोगों का विश्वास हासिल कर लिया है। स्थानीय लोगों ने सालों से संघ के काम को देखा है, इसलिए विश्वास किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस पर मारपीट का आरोप

**बिहारशरीफ।** मानपुर थाना क्षेत्र के नेवाजी बिगहा गांव निवासी गंगोत्री देवी ने पुलिस पर घर में तोड़फोड़ व परिवार के साथ मारने करने का आरोप लगाया। महिला ने बताया कि 15 अगस्त को गांव में एक हत्या हुई थी। जिसमें 13 लोग नामजद हैं। आरोपियों में उनके घर का कोई सदस्य नहीं है। इसके बाद भी सादी वर्दी में घुसकर पुलिस छापेमारी करते हुए घर के सामानों को तोड़फोड़ कर दी। विरोध करने पर परिवार को बेहरमी से पीटा गया। थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने आरोपों को गलत बताया।

### मोहनपुर के दो शिक्षकों को मिला जिला स्तरीय सम्मान, लोग दे रहे बधाई




**मोहनपुर।** प्रखंड के एक ही गांव के निवासी दो शिक्षकों को जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। अविभाजित धरनी पट्टी गांव के अश्विनीकुमार पंडित और मुकेश कुमार मृदुल को छात्रों में सृजनात्मक प्रतिभा के विकास के लिए किये जाने वाले कार्यों के लिए जिलाधिकारी योगेन्द्र सिंह ने सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी कामेश्वर प्रसाद गुप्ता, डीपीओ मानवेन्द्र कुमार राय समेत शिक्षा विभाग के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### आदेश के बावजूद खाली नहीं हुआ जगन्नाथ मंदिर परिसर



**गया।** गया शहर के गेवाल विगहा वार्ड संख्या 34 स्थित जगन्नाथ मंदिर परिसर पर अब तक अवैध कब्जा बना हुआ है। बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के निर्देश के बाद नगर आयुक्त ने अवैध कब्जाधारक को मियादी आदेश दिया था। इसके मुताबिक रंजीत कुमार मिश्रा को कहा गया था कि 25 अगस्त 2024 तक मंदिर परिसर को पूरी तरह से खाली कर अपना पक्ष नगर आयुक्त के समक्ष रखें। परंतु नगर आयुक्त का यह आदेश अब बेअसर साबित हुआ है। विदित हो कि बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष अखिलेश कुमार जैन ने अमरेन्द्र कुमार तिवारी की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए जगन्नाथ मंदिर परिसर पर अवैध कब्जा माना था। धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष द्वारा इस बाबत वरीय पुलिस अधीक्षक और रामपुर थानाध्यक्ष को भी पत्र लिखकर जगन्नाथ मंदिर से अतिक्रमण हटाने को कहा गया है। इस संबंध में रामपुर थानाध्यक्ष ने बताया कि रंजीत कुमार मिश्रा को पत्र हस्तगत कराया गया है। उनसे लिखित भी लिखा गया है कि वे इस परिसर में किसी तरह का निर्माण अथवा तोड़-फोड़ नहीं करेंगे। विदित हो कि इस परिसर के लिए नगर निगम द्वारा होल्डिंग भी दिया गया है। इसी के आधार बनाकर न सिर्फ मंदिर की जमीन की बिक्री की गई, बल्कि मंदिर को भी क्षतिग्रस्त कर अस्तित्व मिटाने की कोशिश की जा रही है।

### बिहारशरीफ के मंदिर परिसर में नशेड़ियों का अड्डा, श्रद्धालुओं की सुरक्षा पर प्रश्नचिह्न



**बिहारशरीफ।** बिहारशरीफ के लहेरी थाना क्षेत्र के प्रसिद्ध धनेश्वर घाट हनुमान मंदिर, जो कभी भक्तों के लिए शांति और आध्यात्मिकता का केंद्र था। आज नशेड़ियों के अड्डे में तब्दील हो गया है। यह चिंताजनक स्थिति पिछले कुछ महीनों से जारी है। जिसने स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं के बीच गहरी चिंता पैदा कर दी है। मंदिर के पुजारी गोपाल कृष्ण पांडेय ने बताया कि यज्ञशाला, जो पवित्र अनुष्ठानों के लिए समर्पित थी, अब नशेड़ियों का ठिकाना बन गई है। ये लोग दिनभर यहां बैठकर नशे का सेवन करते हैं। जो न केवल मंदिर की पवित्रता को भंग करता है। बल्कि आने वाले भक्तों, विशेषकर महिलाओं की सुरक्षा को भी खतरे में डालता है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुजारी पांडेय ने डीएम और एसपी को लिखित शिकायत भी दी है। लेकिन, उनका आरोप है कि अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने बताया कि गुरुवार को जब मैंने कुछ बदमाशों को गांजा पीने से रोकने की कोशिश की। उन्होंने मुझे गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में और भी चिंताजनक तथ्य सामने आए हैं। कुछ असामाजिक तत्व मंदिर की भूमि पर अवैध निर्माण कर रहे हैं। जबकि यह भूमि केवल धार्मिक गतिविधियों के लिए आरक्षित है। यह स्थिति न केवल मंदिर की संपत्ति के लिए खतरा है, बल्कि इससे भक्तों की सुरक्षा भी जोखिम में पड़ गई है। वहीं, इस मामले में लहेरी थाना अध्यक्ष रंजीत कुमार रजक ने बताया कि हमें इस मामले की सूचना मिली थी। हमने तुरंत एक टीम भेजी। हालांकि, जब हमारी टीम वहां पहुंची, तो सभी संदिग्ध व्यक्ति फरार हो चुके थे। डायल 112 वाहन के जवानों और गश्ती दल को इस क्षेत्र पर विशेष नजर रखने का निर्देश दिया है।

### 7 को राजगीर में ब्रह्मकुमारी संस्था का कार्यक्रम



**राजगीर।** ब्रह्माक ुमारी विश्वविद्यालय में ब्रह्माकुमारी अनुपमा बहन और ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन ने प्रेसवार्ता कर बताया कि 7 सितंबर को राजगीर में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजगीर नालंदा सेवा केंद्र द्वारा आध्यात्मिक कार्यक्रम किया जा रहा है। जिसका विषय आध्यात्मिकता द्वारा सनातन संस्कृति का पुर्नउत्थान है। मुख्य वक्ता ब्रह्माकुमारीज मुख्यालय माउंट आबू के धार्मिक प्रभाग के हेड क्वार्टर कोऑर्डिनेटर राजयोगी ब्रह्माकुमार रामनाथ भाई जी हैं। कई संत महात्मा भी आ रहे है। कार्यक्रम की सारी तैयारियां पूरी की जा रही है।

---

**डीएम ने आवेदकों का सत्यापन कराने दिया आदेश, बीडीओ-सीओ करेंगे जांच**

# विश्वकर्मा योजना में अबतक 50 हजार आवेदन हो चुके प्राप्त

**निज संवाददाता। नालंदा**



नालंदा जिले में विश्वकर्मा योजना के तहत पारंपरिक रोजगार से जुड़े लोगों को आर्थिक सहायता और कौशल विकास के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अब तक करीब 50 हजार आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 80 फीसदी टेलर और राजमिस्त्री ट्रेड में आए हैं। फर्जी आवेदनों की आशंका को देखते हुए जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने सभी बीडीओ और सीओ को आदेश दिया है कि पंचायत स्तरीय कर्मियों से आवेदकों का सत्यापन कराएं। यह सुनिश्चित किया जाए कि आवेदक सही में पारंपरिक रोजगार से जुड़े हैं और शर्तों का पालन कर रहे हैं। उद्योग विभाग के महाप्रबंधक विश्वेश्वर प्रसाद ने पारंपरिक रोजगार से जुड़े लोगों से अपील की है कि जब तक टेलर और राजमिस्त्री के प्राप्त आवेदनों का सत्यापन नहीं हो जाता, तब तक नए लोग दोनों ट्रेडों में आवेदन करने से बचें। अगर आवेदन करते हैं तो उनके आवेदनों पर फिलहाल विचार नहीं किया जाएगा।

**योजना के तहत मिलने वाली सहायताः** विश्वकर्मा योजना के तहत इस साल सभी ट्रेडों को मिलाकर एक हजार आवेदकों को लाभ देना है। पहले चरण में प्रशिक्षण मिलने पर अधिकतम एक लाख रुपए बैंकों के माध्यम से मुहैया कराया जाता है। 18 माह में ली गई राशि को बैंकों को लौटा देते हैं तो उन्हें दोबारा अधिकतम 2 लाख की आर्थिक सहायता मिलती है।

**पहले चरण में 120 लोगों को मिला प्रशिक्षणः** टेलर ट्रेड में चयनित 120 लोगों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। 60-60 के बैच में प्रशिक्षित होने वाले लाभुकों को ट्रेनिंग के दौरान प्रोत्साहन राशि भी दी गई है। अब इन्हें बैंकों से जोड़कर पहली किश्त के रूप में अधिकतम एक लाख रुपए की आर्थिक मदद दिलाने की प्रक्रिया चल रही है। अबतक विभिन्न बैंकों की ओर से छह लोगों को पारंपरिक रोजगार को गति देने के लिए आर्थिक सहायता दी गई है।

---

# 3 बच्चों की डूबने से मौत

**निज संवाददाता। गया**



**♦ 2 प्रखण्ड के अलग-अलग गांव का मामला, नदी और आहर में डूबने से गई जान**

गया के 2 प्रखण्ड के अलग-अलग गांव में नदी और आहर में डूबने से 3 लोगों की मौत हो गई। पहली घटना शेरघाटी के मोहनपुर की। दूसरी घटना बांकेबाजार के रोशनगंज थाना क्षेत्र के दीवान बिगहा की है। दीवान बिगहा में मोरहर नदी में डूबने से 2 लड़के की मौत हुई है। मरने वाले लड़कों की पहचान रोशनगंज थाना क्षेत्र के बारा गांव निवासी लखन चौधरी का बेटा सौरभ कुमार(13) और विनय चौधरी का बेटा गोविंद कुमार(14) के रूप में की गई है। बताया जाता है कि दोनों युवक नदी में नहाने के लिए गए हुए थे। इसी बीच नदी में गड्ढा अधिक होने के कारण वे नदी में डूब गए। इससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। काफी कोशिश के बाद दोनों युवक का शव ग्रामीणों के सहयोग से नदी से निकाला जा सका। गांव के 2 लड़कों की मौत से गुस्साए ग्रामीणों ने बालासोत गांव के पास सड़क पर दोनों लड़कों के शव को रख कर इमामगंज मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। हालांकि, थोड़ी देर में ही पुलिस ने उन्हें समझा कर शांत कर दिया। सीओ विक्रम सिंह ने बताया कि आपदा प्रबंधन की तहत से परिजनों को चार चार लाख रुपया का मुआवजा दिया जाएगा। वहीं, शेरघाटी के मोहनपुर गांव के आहार में डूबने से मंटू कुमार की मौत हो गई। वह 13 साल का था और दिव्यांग था। मंटू के पिता बुधन मंडल ने बताया कि वह बुधवार की शाम शौच के लिए गया था। शाम ढलने के बाद घर वालों की चिंता बढ़ गई। गांव मंटू की खोजबीन की पर कहीं पता नहीं चला। गुरुवार दोपहर उसका शव आहार में तैरता हुआ मिला।

---

# नालंदा में NIA की दबिश, मदरसे में घंटों चली पूछताछ

**रिकॉर्ड और कम्प्यूटर समेत अन्य दस्तावेजों की हुई जांच**

**निज संवाददाता। नालंदा**



केंद्रीय जांच एजेंसी (NIA) की टीम ने गुरुवार को नालंदा के इस्लामपुर में एक बड़ी कार्रवाई करते हुए खानकह मोहल्ला स्थित हेमायतुल इस्लाम मदरसे में छापेमारी की। NIA की टीम ने मदरसे के व्यवस्थापक डॉ.मंजर इकबाल से घंटों पूछताछ की। इसके अलावा, टीम ने कई अन्य संदिग्ध स्थानों पर भी छापेमारी की।

**क्या है मामला?:** NIA की इस अचानक कार्रवाई से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। हालांकि, एजेंसी ने अभी तक इस कार्रवाई का कोई आधिकारिक कारण नहीं बताया है। सूत्रों के मुताबिक, NIA किसी विशेष मामले की जांच कर रही है। लेकिन यह मामला क्या है, इस बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं मिल पाई है।

**मदरसे में छापेमारीः** NIA की टीम ने मदरसे में काफी समय तक तलाशी ली। टीम ने मदरसे के रिकॉर्ड, कंप्यूटर और अन्य दस्तावेजों की जांच की। मदरसे के व्यवस्थापक डॉ.मंजर इकबाल से भी लंबी पूछताछ की गई।

**अन्य स्थानों पर भी छापेमारीः** मदरसे के अलावा, NIA की टीम ने इस्लामपुर के कुछ अन्य स्थानों पर भी छापेमारी की। हालांकि, इन स्थानों पर कोई महत्वपूर्ण जानकारी हाथ नहीं लगी।

**सुरक्षा के पुख्ता इंतजामः** NIA की इस कार्रवाई के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। इस्लामपुर थानाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश कुमार, नगर परिषद इस्लामपुर कार्यपालक पदाधिकारी पूजा वाला सहित कई पुलिसकर्मी मौजूद थे।

---

# रेलवे ओवरब्रिज निर्माण, यातायात व्यवस्था में बदलाव, बड़े वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित

**♦ आज से 14 अक्टूबर तक जारी रहेगी व्यवस्था**

**निज संवाददाता। नालंदा**



बिहारशरीफ शहर में चल रहे रेलवे ओवरब्रिज (ROB) निर्माण कार्य के कारण अगले 45 दिनों तक यातायात व्यवस्था में महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। अनुमंडल कार्यालय, बिहारशरीफ की ओर से जारी एक आधिकारिक सूचना के अनुसार ये बदलाव 6 सितंबर से 20 अक्टूबर 2024 तक लागू रहेंगे। प्रोजेक्ट डायरेक्टर, गावर कंस्ट्रक्शन लिमिटेड, पाटलिपुत्र नालंदा की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, विजवनपर ग्राम के पास ROB निर्माण कार्य चल रहा है। इस दौरान बड़ी गाड़ियों जैसे बस, ट्रक, हाईवा, ट्रेलर इत्यादि के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए गए हैं।

**बदलावों को सुचारू रूप से लागू करने के निर्देशः** स्थानीय प्रशासन ने यातायात पुलिस और संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि वे इन बदलावों को सुचारू रूप से लागू करें। अंचल अधिकारी, बिहारशरीफ को विशेष रूप से निर्देशित किया गया है कि वे इस अवधि में अपने स्तर से निगरानी रखते हुए विधि-व्यवस्था/यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। प्रोजेक्ट डायरेक्टर को निर्देश दिया गया है कि वे डायवर्जन स्थल से संबंधित निर्देश बड़े-बड़े साफ अक्षरों में डायवर्जन स्थल और उससे 500 मीटर पहले व अन्य महत्वपूर्ण स्थलों पर फ्लैश/बैनर के माध्यम से जनता को अवगत कराएं। पुलिस अधीक्षक, नालंदा से अनुरोध किया गया है कि उपरोक्त डायवर्जन स्थल के पास विधि-व्यवस्था/यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए निर्धारित अवधि में पुलिस पदाधिकारी/पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाए।

**मुख्य परिवर्तन इस प्रकार हैं:**

- नवादा से बिहारशरीफ शहर होते हुए पटना/अस्थावां जाने वाली बड़ी गाड़ियां देवधा के पास मोकामा जाने वाली सड़क के माध्यम से पटना, अस्थावां, बिहार शरीफ की ओर जाएंगी।
- कारगिल चौक से नवादा की ओर जाने वाली बड़ी गाड़ियां राजगीर रोड से होकर नवादा की ओर जाएंगी।

---

**सिलाव में स्कूल में छेड़छाड़ का मामला**

# कम्प्यूटर रूम में बैठी स्टूडेंट से हुई छेड़खानी, रोकने पर शिक्षक के साथ की गई मारपीट

**निज संवाददाता। नालंदा**



नालंदा के सिलाव प्रखंड के उर्दू उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय बड़ाकर में एक छात्रा के साथ छेड़छाड़ की घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी है। इस घटना के बाद विद्यालय में जमकर हंगामा हुआ और ग्रामीणों में तनाव का माहौल बन गया।

**क्या है मामलाः** शिक्षक दिवस के कार्यक्रम के बाद एक छात्रा जब कंप्यूटर रूम में बैठी थी, तभी नौवीं कक्षा का एक छात्र कमरे में घुस आया। उसने छात्रा के साथ छेड़छाड़ की। छात्रा की शिकायत पर शिक्षक राजेश कुमार ने छात्र को रोका तो छात्र ने उनके साथ मारपीट की। इस घटना के बाद विद्यालय में हंगामा शुरू हो गया। आसपास के गांवों के लोग भी विद्यालय पहुंच गए। **पुलिस ने किया हस्तक्षेपः** घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी, एसडीओ और कई थाने की पुलिस पदाधिकारी मौके पर पहुंचे। स्थिति को नियंत्रण में किया। पुलिस ने छेड़छाड़ करने वाले छात्र को हिरासत में ले लिया है। स्कूल में पुलिस कैंप लगाया गया है।

**शिक्षक का आरोपः** स्कूल में पदस्थापित शिक्षक राजेश कुमार ने बताया कि स्कूल में अनुशासनहीनता की समस्या है। अक्सर कुछ छात्र-छात्राओं के साथ छेड़छाड़ करते हैं।

**प्रधानाध्यापक ने दिया अस्पष्ट जवाबः** स्कूल के प्रधानाध्यापक तनवीर आलम ने घटना के बारे में कुछ भी स्पष्ट नहीं किया। उन्होंने कहा कि उन्हें सही मामला क्या हुआ है, यह नहीं पता है।

**प्रशासन का आश्वासनः** अनुमंडल पदाधिकारी कुमार ओमकेश्वर ने बताया कि छात्रा का बयान दर्ज किया जा रहा है। दोषी छात्रों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि फिलहाल विद्यालय में पुलिस कैंप लगाया गया है और स्थिति नियंत्रण में है।

---

# कारोबारी के घर-दुकान में गन प्वाइंट पर लूटपाट

**निज संवाददाता। गया**



गया में गन प्वाइंट पर अपराधियों ने दुकान में करीब 10 लाख रुपए नगद लूट लिए। दुकान के ऊपर कोरोबारी का घर भी है। दुकान में वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश घर में घुसे। हथियार के बल पर परिवार वालों को डराया-धमकाया। घर में रखा कीमती सामान और जेवरात अपराधी लूट ले गए। वारदात के बाद अपराधी भाग निकले। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आसपास के इलाके में नाकेबंदी कर दी है। खबर लिखे जाने तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई थी। पुलिस घटनास्थल के आसपास का सीसीटीवी फुटेज खंगालने में लगी है। मामला शेरघाटी थाना क्षेत्र का है।

**फार्च्यून-तेल के थोक विक्रेता हैंः** घटना सुबह 7 बजे के आसपास हुई है। बाइक पर सवार अपराधी हथियार दिखाते हुए सबसे पहले रोहित की दुकान में घुसे। दुकान में कैश लूटने के बाद घर में घुस गए। वहां, जेवरात-नगद राशि लूटे। लूट कितने की हुई है, इसका सही पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने पीड़ित दुकान और परिवार के लोगों से पूछताछ की है।

---

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।**

पत्रांक 1040/ग्रा॰वि॰वि॰प्र॰,चतरा, दिनांक–5.9.2024

**शुद्धि–पत्र**

ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा द्वारा प्रकाशित ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–RDD/SD/CHATRA/04/2024-25 में वर्णित चतरा जिला के प्रखण्ड–ईटखोरी में पंचायत–हलमता में महाने नदी के हलमता एवं जूगूडीह के गरगरिया घाट पर पुल निर्माण कार्य जिसका PR 332827 द्वारा निविदा में भाग लेने हेतु कंडिका क्रमांक 02 में वेबसाईट में निविदा प्रकाश की तिथि–22.08.2024 के स्थान पर दिनांक–09.09.2024, कंडिका क्रमांक 03 में ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय–दिनांक–22.08.2024 से दिनांक–04.09.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक के स्थान पर दिनांक–09.09.2024 से दिनांक–19.09.2024 तथा कंडिका क्रमांक 5 में ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय 06.09.2024 के अपराह्न 02:00 बजे के स्थान पर 21.09.2024 पढ़ा जाय।

निविदा की शेष शर्ते पूर्ववत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
चतरा।

PR 335019 (Rural Development) 24-25 (D)

**पूर्व रेलवे**

**ई–निविदा सूचना सं. एफ–डीवाई–सीएमई –प्रोड –ओएफएफ–सीएएमसी–10875/II, दिनांक 03.09.2024,** उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (उत्पादन), पूर्व रेलवे जमालपुर लोकोमोटिव वर्कशॉप, जमालपुर, जिलाः मुंगेर, बिहार, पिनः811214 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए एकल पैकेट प्रणाली के आधार पर ख्यातिप्राप्त फर्म (ओईएम) से भारतीय रेल के पोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम एकल ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम :** अपेक्षित एजेंसी (अर्थात बिहार सरकार के संबंधित विभाग) द्वारा टीपीटी (रेल)/जेएमपीडब्ल्यू के स्टैटिक इलेक्ट्रॉनिक रेल कम रोड वे ब्रिज, क्षमता–100 एमटी (प्लांट नं. 10875) के 05 वर्ष के लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध (सीएएमसी) के साथ "मशीन का कैलिब्रेशन (अंशाकन) और वजन की स्टैम्पिंग एवं उनका प्रमाणन"। **कार्य स्थलः** पूर्व रेलवे वर्कशॉप, जमालपुर, मुंगेर (बिहार), पिन–811214, **निविदा मूल्यः** रु. 15,07,497/–(जीएसटी @18% सहित)। **बोली प्रतिभूति/बयाना राशिः** 30,200/–, **निविदा कागजात का मूल्यः** शून्य, **समापन अवधिः** मशीन का सीएएमसी कार्य भौतिक रूप से शुरू होने की तिथि से 05 वर्ष (60 महीने)। **अपलोड करने की तिथिः** दिनांक 04.09.2024, **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** दिनांक 25.09.2024 को 15.00 बजे। **प्रस्ताव की वैधताः** निविदा के खुलने की तिथि से 60 दिन। **निविदा का माध्यमः** एकल ई–निविदा । **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट का स्थान जहाँ से निविदा का संपूर्ण विवरण आदि देखा जा सकता है: (www.er.indianrailways.gov.in** के साथ हाइपरलिंक्ड **www.ireps.gov. in)** एवं उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (उत्पादन), पूर्व रेलवे, लोकोमोटिव वर्कशॉप, जमालपुर के कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस को। **पात्रता मानदंडः** यदि फर्म ओरिजिनल इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर (ओईएम) है, तो प्रयोज्य नहीं। **टिप्पणीः** तत्काल संदर्भ के लिए, जीसीसी, अप्रैल–2022 को रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) भारतीय रेल की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। अन्य सभी नियम और शर्तें जो निविदा कागजात में उपलब्ध नहीं हैं, उनका पालन अनुबंध की सामान्य शर्त, अप्रैल–2022 के अनुसार सभी नवीनतम संशोधन पर्ची के साथ किया जाएगा।

MISC-164/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# भारत सरकार ने संयुक्त रूप से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न परियोजनाओं का किया शिलान्यास

निज संवाददाता | नवादा



मुख्यमंत्री बिहार नीतीश कुमार जी तथा माननीय मंत्री स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार जगत प्रसाद नड्डा के द्वारा संयुक्त रूप से पूरे बिहार में कुल 299.16 करोड़ की लागत से तैयार होने वाले 82 स्वास्थ्य से संबंधित संरचनाओं का शिलान्यास तथा 550.7 करोड़ की लागत से 304 स्वास्थ्य विभाग से संबंधित संरचनाओं का लोकार्पण किया गया। मुख्यमंत्री बिहार तथा मंत्री, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा नवादा जिला के वारिसलीगंज प्रखंड में 06 करोड़ रूपये की लागत से तैयार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं अनुमंडलीय अस्पताल, रजौली में दीदी की रसोई के भवन का उद्घाटन किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि सरकार तथा जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि राज्य में बुनियादी स्वास्थ्य सुविधा को और बेहतर बनाया जाय तथा राज्य एवं जिले में अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य से संबंधित कार्यक्रमों की पहुंच सुनिश्चित हो। इस कार्यक्रम में सांसद विवेक ठाकुर, विधायिका नवादा विभा देवी, विधायक रजौली प्रकाशवीर, विधायिका वारिसलीगंज अरूणा देवी, एमएलसी अशोक यादव, सिविल सर्जन नवादा नीता अग्रवाल, उप विकास आयुक्त नवादा प्रियंका रानी, अपर समाहर्त्ता नवादा चन्द्रशेखर आजाद, गोपनीय प्रभारी राजीव कुमार, प्रभारी जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी अमरनाथ कुमार, अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी नवादा राजकुमार सिंहा के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मीगण उपस्थित थे।

## अनुसूचित जाति जनजाति अनुश्रवण सह सर्तकता समिति की हुई बैठक

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

अनुमण्डल कार्यालय में शुक्रवार को एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष के नेतृत्व में अनुसूचित जाति जनजाति अनुश्रवण सह सर्तकता समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान नवादा एसडब्लूओ सुबोध कुमार शर्मा, एसडीपीओ गुलशन कुमार एवं समिति के अन्य लोग मौजूद रहें। एसडीओ ने बताया कि बैठक में अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति से जुड़े मामलों की समीक्षा की गयी और लंबित पड़े कांडों का शीघ्र निष्पादन के साथ मुआवजा की लंबित राशि का भी भुगतान कराने की दिशा में कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। साथ ही एससी/एसटी की आवाज को किसी भी सूरत दबाया जाता है, तो वैसे पीड़ित एसडीओ के पास आकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। अगर किसी एससी/एसटी समुदाय के लोग की आपसी रंजिश में हत्या हो गई हो, आजीविका चलाने में अक्षम उनकी विधवा एफआइआर कॉपी लेकर आवें, उस आवेदन को जिलास्तरीय कमेटी को भेज दिया जाएगा। ताकि आजीविका के लिए जिला स्तरीय टीम कोई व्यवस्था कर सके। आपसी रंजिश के कारण हुई घटना के बाद भी थाना में मुकदमा दर्ज नहीं हो रहा हो, तो उसे अनुमंडल कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं।

## खाकी कलंकित : वर्दी में वसूली पर बुरे फंसे दो सिपाही और उनके एक शागिर्द

निज संवाददाता | नवादा

वर्दी में वसूली के मामले में दो सिपाही और उनके एक शागिर्द बुरी तरह से फंस गए हैं। तीनों के खिलाफ एफआइआर तो दर्ज हुआ ही, सभी को गिरफ्तार कर लाल दरवाजे के अंदर भेज दिया गया है। मामला बेहद संगीन है। वाक्या कुछ यूं है कि 4 सितंबर यानि बुधवार की रात नवादा-नारदीगंज पथ पर खरीदी बिगहा के पास एक बाइक सवार दो युवकों को डायल 112 की बाइक सवार पुलिस ने रोका। बाइक चालक व उनके साथ रहे युवक हेलमेट पहने हुए नहीं थे। दोनों युवकों से पुलिस कर्मियों ने हेलमेट नहीं होने के आरोप में 10 हजार रुपये की अवैध वसूली की। दोनों के पास रहे 8 हजार 200 रुपये नकद ले लिया और 01 हजार 800 रुपये यूपीआइ के माध्यम से एक शगिर्द के बैंक खाते में ट्रांसफर करा लिया। इस घटना की सूचना पीड़ितों के द्वारा एसपी तक पहुंचाई गई। एसपी ने एसडीपीओ सदर-1 अनोज प्रसाद को जांच का जिम्मा दिया। एसडीपीओ ने जांच में आरोपों को सत्य पाया। इसके बाद नगर थाना में पीड़ित सूरज कुमार की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की गई। और दोनों आरोपित पुलिस कर्मियों इंद्रजीत कुमार और सुनील भारती सहित उनके शागिर्द पंकज कुमार को 5 सितंबर गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया गया। आवश्यक कार्रवाई के बाद 6 सितंबर यानि शुक्रवार को तीनों को जेल भेज दिया गया। यह वाक्या नवादा नगर के गोंदापुर-खरीदी बिगहा इलाके की बताई गई है। गिरफ्तार दोनों पुलिस कर्मी नवादा जिला बल के जवान हैं। जो फिलहाल डायल 112 पुलिस एमईआरभी में कार्यरत थे। वहीं उनका शागिर्द पंकज कुमार ग्रामीण चिकित्सक बताया गया है। जो गोंदापुर-खरदी बिगहा इलाके में प्राइवेट प्रैक्टिस करता है। पुलिस कर्मियों द्वारा अवैध रूपये वसूली के कई मामले पिछले एक डेढ़ साल के दौरान सामने आए। मोबाइल ट्रांजक्शन के जरिए भी रुपये वसूली का मामला इस जिले में पहले भी सुर्खियों में रहा। साल 2023 के अगस्त महीने में सिरदला थाना इलाके में एक लकड़ी कारोबारी से एक लाख रुपये की वसूली की गई थी।

## बंदोबस्त पदाधिकारी व एसडीओ ने विशेष सर्वे को लेकर अमीनो के साथ की बैठक

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



अनुमंडलीय सभागार में शुक्रवार को जिला बंदोबस्त पदाधिकारी आईएएस मनोज कुमार व एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष ने अमीनो के साथ बैठक की। इस दौरान सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी रौशन सागर एवं एलआरडीसी प्रमोद कुमार भी मौजूद रहे। बिहार सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों के रैयतों की भूमि का विशेष सर्वेक्षण किया जा रहा है। विशेष सर्वे को लेकर लोगों में तरह-तरह की भ्रांतियां है। जिसको लेकर बंदोबस्त पदाधिकारी आईएस मनोज कुमार के द्वारा स्थानीय पदाधिकारी एवं रजौली अंचल के अमीनों के साथ बैठक कर महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बंदोबस्त पदाधिकारी ने बताया कि विशेष सर्वे हेतु स्वयं घोषणा का प्रपत्र 2 रैयत या रैयत के वंशज द्वारा आधारित भूमि को भरकर अपने आंचल के शिविर में जमा करें या भू-अभिलेख एवं परिमाप की वेबसाइट पर अपलोड करें। राजस्व रसीद की छाया प्रति स्वयं घोषणा के साथ संलग्न करें, यदि क्रय, बदलैन अथवा दान की भूमि हो, तो दस्तावेज की छाया प्रति लगाएं। यदि सक्षम न्यायालय का आदेश हो, तो आदेश की छाया प्रति लगाएं। वहीं बंदोबस्त भूमि या भूदान प्रमाण पत्र अथवा बासिगत पर्चा की छाया प्रति लगाएं। वहीं जमाबंदी रैयत जीवित हैं,तो केवल स्वयं घोषणा देंगे, वंशावली की कोई आवश्यकता नहीं है। वहीं बैठक में अमीनों को कहा गया कि वे ग्रामवार रैयतों से मिलकर क्या जरूरी है और क्या जरूरी नहीं है की जानकारी दें। साथ ही रैयतों से मिलकर उनके कॉन्टैक्ट नम्बर लेकर व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर निरंतर जानकारी साझा करते रहें। उन्होंने बताया कि वंशावली रैयत स्वयं से, अमीन के साथ बैठक कर एवं सरपंच की मदद से बनवा सकते हैं। साथ ही बताया कि रजौली अंचल के 15 ग्राम पंचायतों के कुल 164 गांवों में सभी रैयतों को हरदिया स्थित पंचायत सरकार भवन में संचालित विशेष सर्वे के कार्यालय में पपत्र-2 एवं पपत्र-3 के साथ वर्तमान रसीद, केवाला, जमाबंदी आदि कोई एक दस्तावेज वंशावली के साथ जमा करें। वहीं उन्होंने रैयतों से अपील किया कि वे ज्यादा परेशान न हों, विशेष सर्वे का कार्य हेतु अमीन के अलावे पदाधिकारी आपके सहयोग के लिए हमेशा मौजूद हैं। रजौली अंचल के सभी रैयत हरदिया स्थित पंचायत भवन में जाकर विशेष सर्वे से जुड़े कागजात जमा करवा सकते हैं।

## रक्तदान कर रोह की प्रसूता महिला की जान बचाई

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)।** रक्तदान को महादान यूं ही नहीं कहा जाता है, जरूरत के समय किसी को रक्त देकर उसकी जान बचाना बहुत बड़ा कार्य है। रजौली प्रखंड के अमावां ग्राम निवासी भाजपा कला संस्कृति प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रवक्ता रुद्र प्रताप सिंह ने रक्तदान कर मुकेश कुमार की पत्नी सुमित्रा देवी की जान बचाई। उन्होंने बताया कि रोह प्रखंड की एक महिला का नश फट जाने से काफी रक्त बह गया था, जिसके कारण उसकी जान जा सकती थी। इसी क्रम में पूर्व बजरंग दल संयोजक जीतू प्रताप ने रुद्र प्रताप सिंह से सम्पर्क कर वस्तु स्थिति को बताया। सूचना पाकर रुद्र प्रताप सिंह ने तुरंत नवादा पहुंच जरूरतमंद महिला को रक्तदान किया। रक्तदाता ने कहा कि ब्लड डोनेशन के जरिए आप कई लोगों की जिंदगी बचाने में मदद कर सकते हैं। यही वजह है कि रक्तदान को महादान कहा जाता है।खून हमारे शरीर का सबसे जरूरी तत्व होता है और इसके जरिए ही सभी अंगों तक पोषक तत्व और ऑक्सीजन पहुंचती है।

## सांसद ने किया अनुमंडलीय अस्पताल में जीविका रसोई का उद्घाटन

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



अनुमंडलीय अस्पताल स्थित जीविका दीदी रसोई का उद्घाटन नवादा सांसद विवेक ठाकुर व एमएलसी अशोक यादव के हाथों फीता काटकर किया गया। इस दौरान नवादा राजद विधायक विभा देवी तथा रजौली राजद विधायक प्रकाशवीर के अलावे सिविल सर्जन नीता अग्रवाल मौजूद रहीं। सांसद विवेक ठाकुर के चुनाव जीतने के बाद पहली बार रजौली आगमन पर सबसे पहले रजौली छपरा मोड़ स्थित स्वास्तिक फैमिली रेस्टुरेंट के समीप दर्जनों भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल - माला, अंगवस्त्र और पुष्प गुच्छ देकर भव्य स्वागत किया। इस दौरान रजौली पूर्वी पंचायत के पूर्व मुखिया सुरेश प्रसाद यादव का सांसद विवेक ठाकुर ने अंग वस्त्र देकर भाजपा परिवार में स्वागत किया। इस मौके पर रजौली भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह, भाजपा के पूर्व जिला प्रवक्ता रंजय कुमार सिंह, रितेश कुमार कौशल, कपिल यादव, रामबालक यादव, मो शाहनवाज आलम, मो आदिल आलम, अनिल रविदास, कन्हैया राजवंशी, मनीष कुमार, कुलेश्वर सिंह सहित दर्जनों गणमय भाजपा कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे। इधर संसदीय क्षेत्र के रजौली आगमन के उपरांत बजरंगबली चौक स्थित चौराहा पर सांसद का स्वागत मंडल अध्यक्ष गौरव शांडिल्य गगन के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं एवं जिंदाबाद नारों के साथ भव्य रूप से स्वागत किया। स्वागत उपारांत सांसद विवेक ठाकुर प्रखंड क्षेत्र के 75 शैय्या अनुमंडलीय अस्पताल स्थित जीवीका दीदी की रसोई का उद्घाटन किया गया है। इस दौरान सांसद ने मिडीया कर्मियों को बताया कि अनुमंडलीय अस्पताल में 15 से 20 दिनों के अंदर गर्भवती महिलाओं सुविधा को लेकर सिजेरियन ऑपरेशन की भी व्यवस्था की जा रही है। इसके अलावा जल्द ही इस अस्पताल को समुचित आधारभूत सुविधा प्रदान किया जाएगा। इसके लिए वह लगातार अग्रसर हैं। उन्होंने बताया कि रजौली में पूरे बिहार का पहला फ्लोटिंग बिजली सोलर प्लांट रजौली में बनाया जा रहा है। इसके अलावा रजौली के धनार्जन नदी पर पुल निर्माण को लेकर उनके द्वारा लिखा गया है। उन्होंने बताया कि अपने कार्यकाल के 60 दिन का ब्यौर नवादा जिले के जनता को दे दिए हैं। अभी शुरुआत है, आगे बहुत सारे कार्य करना बाकी है। मंडल अध्यक्ष ने बताया कि भारत सरकार एवं बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग की ओर से 188 करोड़ रूपए की लागत से आईजीएमएस में नवनिर्मित क्षेत्रीय चक्षु संसधान एवं स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत 850 करोड़ रूपए की लागत से विभिन्न परियोजनाओं के उद्घाटन के क्रम में रजौली में भी बिहार चिकित्सा सेवाएं एवं आधारभूत संरचना निगम लिमिटेड, पटना अनुमंडलीय अस्पताल, रजौली में दीदी की रसोई का विधिवत उद्घाटन नवादा लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद विवेक ठाकुर ने किया। सांसद विवेक ठाकुर का अनुमंडलीय स्वास्थ्य विभाग रजौली एवं जीविका दीदीयों ने तिलक, आरती एवं स्वागत गीत गाकर अभिनंदन किया। तत्पश्चात सांसद को अंगवस्त्र एवं बुके देकर स्वागत सिविल सर्जन नवादा डॉक्टर नीता अग्रवाल ने की। भाजपा मंडल अध्यक्ष गौरव शांडिल्य गगन ने सांसद विवेक ठाकुर का अंगवस्त्र एवं बुके देकर स्वागत किया। सांसद विवेक ठाकुर ने सरकार के महत्वाकांक्षी योजना जीवीका दीदी की रसोई के संबंध में विस्तृत रूप से अवगत कराया। इस मौके पर स्थानीय विधायक प्रकाशवीर, एमएलसी अशोक यादव,नवादा विधायक विभा देवी, भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल मेहता, नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रमोद कुमार, जदयू नेता दीपक कुमार मुन्ना,जदयू प्रखंड अध्यक्ष कारू सिंह, अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष सह जिला बीस सूत्री सदस्य विमल राजवंशी, रंजन कुमार बब्लू, सर्वजीत शांडिल्य, मंडल अध्यक्ष गौरव शांडिल्य, अजय सिंह, अवधेश कुशवाहा, सुनील कुमार, सहदेव वर्मा, मंडल महामंत्री संतोष वर्मा, सुनील कुमार, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अमन कुमार, जिला परिषद सदस्य वसंती देवी, सरोज राजवंशी, चंद्रिका राजवंशी, जिला उपाध्यक्ष नरेश वर्मा, प्रोफेसर सुरेन्द्र चौधरी, राजेश शर्मा, रूपेश धनराज, संजय कुमार बंटी, नीरज कुमार मंटू, नरेश यादव, नवीन कंधवे, देवेंद्र प्रसाद दीवान, संदीप कुमार, मनोज बरहपूरिया, दिलीप कुमार, दिलीप कुमार द्वीप, रंजीत कुमार, सुनील कुमार, मनोज शर्मा, मुन्ना चंद्रवंशी, पंकज कुमार गौतम, कुंदन सिंह, मुन्ना सिंह, नवशीष साव, भोली सिंह, पवन पांडेय, राहुल पांडेय,राजु चंद्रवंशी, इंदु देवी, कमलेश पंडित, हरिनंदन राजवंशी, ममता शर्मा, चिंता चौधरी, सावित्री राजवंशी, बेबी देवी, रामभजन, प्रसाद, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष बब्लू पंडित, सुखदेव मांझी, कमलेश पंडित, पप्पू साव, भूषण सिंह, दीपक कुमार दीपू, मनीष कुमार, वीरेन्द्र प्रसाद, राजेश सिंह, अशोक साव, सुरेश सिंह, सैकड़ों भाजपा परिवारजन उपस्थित थे।

## दो आरोपित को भेजा गया न्यायिक हिरासत

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पुलिस ने गुरुवार की रात में छापेमारी की। इस दौरान एसआई कमलेश कुमार ने मटिहानी गांव में हत्यारोपी विधि विरोक बालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया। वह कांड संख्या 209/2024 का आरोपित था, वही दूसरी ओर एएसआई दुर्गानंद ठाकुर ने पुलिस बल के सहयोग से डोहरा गांव में धोखाधड़ी के मामले में आरोपी संतोष कुमार को गिरफ्तार किया।

## बकाये पैसे के लेन देन में बंधक बनाये जाने मामले में चार गिरफ्तार

निज संवाददाता | वारिसलीगंज (नवादा)

थाना क्षेत्र के अपसढ़ गांव के एक युवक को बकाये लेनदेन के पैसे को लेकर अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपने कब्जे में रखकर शेष बकाये रूपये के लिए बंधक बनाकर रख लिया गया है। तथा शेष रूपयों को अपने बताये फोन नम्बर पर स्कैनर के माध्यम से जमा करने के लिए दवाब बनाया जा रहा है। प्राप्त सूचना के आलोक में कांड दर्ज कर त्वरित गति से अनुसंधान प्रारंभ किया गया। उक्त घटना की जानकारी देतें हुए पकरीबरावा पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी ने प्रेस वार्ता कर जानकारी देतें हुए बताया की तकनीकी साक्ष्य के आधार पर यह ज्ञात हुआ कि अपहृत एवं अपहर्ताओ का मोबाईल नम्बर कर लोकेशन लखीसराय पाया गया। स्थानीय पुलिस एवं तकनीकि शाखा से प्राप्त जानकारी के आधार पर लखीसराय पुरानी बाजार ब्लॉक के पास एक स्कोर्पियों गाड़ी को काफी प्रयास के बाद पकड़ा गया।

## खेल प्रतियोगिता में छात्रों ने जीते गोल्ड मेडल

निज संवाददाता | नारदीगंज (नवादा)



हरिश्चन्द्र स्टेडियम नवादा में आयोजित जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता 2024 में इंटर विद्यालय नारदीगंज के छात्र व छात्राओं ने अपने नाम का डंका बजाकर सभी को गौरान्वित किया है, उन्होंने विद्यालय परिवार के साथ घर परिवार, समाज व प्रखंड व जिले का मान सम्मान को बढ़ाया है। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डा0 (प्रो0) कारु रजक ने कहा इस खेल में इंटर विद्यालय नारदीगंज के कई छात्र व छात्राएं गोल्ड मेडल के अलावा सिल्वर व कांस्य पदक हासिल किया है। कहा गया विद्यालय के छात्र सोनू कुमार ने शतरंज प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर गौरान्वित किया है, वही अर्चना कुमारी ने ऊंची व लम्बी कूद में और सचिन कुमार ने जेमलीन थ्रो (भाला फेंक) में गोल्ड मेडल जीतकर कामयाबी हासिल की। इसके अलावा तेजस्वी राज ने जेमलीन थ्रो (भाला फेंक) में सिल्वर मेडल जीतने में सफल रहा।वही विभा कुमारी ने चार सौ मीटर की दौड़ व राजू कुमार में तीन हजार मीटर की दौड़ में कांस्य पदक जीते।साथ ही साथ तेजस्वी राज व सुधीर कुमार ने क्रिकेट खेल में भी अपना नाम रोशन किया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डा0 कारु रजक, शारिरिक शिक्षक सिमरन सिन्हा, वरीय शिक्षक कृष्णकांत इचा गुड्डू, रूपेश कुमार, धनन्जय कुमार, नीरज कुमार, मो0 परवेज आलम, मो0 समीर खान, प्रशांत कुमार, डा0 सुधा कुमारी, नीतू कुमारी समेत अन्य शिक्षकों ने सभी छात्र व छात्राओं को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

**पूर्व मध्य रेल**
**खुली ई-निविदा सूचना**
सूचित किया जाता है कि भण्डार सामग्रियों की आपूर्ति हेतु भारतीय रेलवे के वेब पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से निम्नलिखित सामग्रियों की आपूर्ति हेतु निविदाएं आमंत्रित की गयी है :
**निविदा संख्या :** 36235500A, **संक्षिप्त विवरण :** सप्लाई, इंस्टालेशन, टेस्टिंग एंड कमीशनिंग ऑफ टेस्ट फैसिलिटी फॉर कंपोनेंट्स ऑफ E-70 ब्रेकिंग सिस्टम। **मात्रा (सेट्स में) :** 01, **समापन तिथि :** 18.09.2024.
सभी निविदाओं को बंद होने का समय दोपहर 2:00 बजे है। योग्य प्रतिभागी अंतिम तिथि और समय से पूर्व www.ireps.gov.in पर अपना ऑफर ऑनलाइन दे सकते हैं। उपरोक्त पोर्टल पर निविदा सूचना में प्रेषिती और सामग्रियों के विस्तृत विवरण निविदा दस्तावेजों में उपलब्ध हैं।
वरीय मंडल सामग्री प्रबंधक/
पूमरे/पं. दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/01060/डीडीयू/भंडार/टी/24–25/28

**पूर्व मध्य रेल**
**निविदा सूचना**
**सं. जीएस–डी.एन.आर.–एस.एण्ड टी–2024–05 दानापुर, दि. 05.09.2024**
भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियंता/गति शक्ति पूर्व मध्य रेलवे, दानापुर मंडल, निम्नलिखित कार्य हेतु रेलवे के वेबसाइट पर निविदाएं आमंत्रित करते हैं :–
**1. कार्य का नाम एवं स्थान :** पूर्व मध्य रेलवे के दानापुर मंडल में पटना जंक्शन के हार्डिंग पार्क क्षेत्र में 05 टर्मिनल प्लेटफार्म के प्रावधान से संबंधित सिग्नलिंग कार्य।, **2. अनुमानित लागत :** रूपये 77120310.24, **3. बयाना राशि:** रूपये 535600.00, **4. निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय :** दिनांक 30.09.2024 को 15:00 बजे तक। **5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :** दिनांक 30.09.2024 को 15:30 बजे। **6. वेबसाइट विवरण: www.ireps.gov.in, 7. कार्यालय का पता जहाँ से निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है :** वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियंता /गति शक्ति पूर्व मध्य रेलवे, दानापुर।
**नोट :** विवाद की स्थिति में अंग्रेजी नोटिस मान्य होगा। यदि जरूरत हुई तो शुद्धि पत्र उपरोक्त वेब साईट पर निविदा खुलने की तिथि से 14 दिन पहले अपलोड कर दिया जाएगा।
**वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियंता/गति शक्ति पूर्व मध्य रेल, दानापुर**
पीआर/01074/डीएनआरजीएस/एसएण्डटी/टी/24–25/36

**बिहार सरकार**
**समाहरणालय, औरंगाबाद**
(जिला योजना कार्यालय)
Phone No:-06186-222096 Email:aurangabaddpo@gmail.com
**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**
विशेष केन्द्रीय सहायता (SCA) योजनान्तर्गत औरंगाबाद जिला में संचालित आँगनवाडी केन्द्रों पर बच्चों के समग्र विकास के निमित अनुभवी योग्य एवं सक्षम फर्म/एजेंसी के माध्यम से स्कूल पूर्व शिक्षा से संबंधित किट्स उपलब्ध कराने के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। वर्णित निविदादो बीड पद्धति से प्राप्त किया जायेगा। निविदा से संबंधित कागजात जिला योजना कार्यालय, औरंगाबाद में अंतिम तिथि दिनांक 20.09.2024 को 03:00 बजे अप0 तक प्राप्त किया जायेगा। तकनीकी एवं वित्तीय निविदा दो अलग–अलग मुहरबन्द लिफाफों में एवं दोनो एक बडे लिफाफे में स्वीकार की जायेगी। तकनीकी निविदा दिनांक 20.09.2024 को 03:30 बजे अप0 में अध्यक्ष, क्रय समिति के कार्यालय में क्रय समिति के सभी सदस्यों की उपस्थिति में खोली जायेगी, जिसमें निविदादाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति ही भाग लेगें।
विशेष जानकारी के लिए जिले के Website **www.aurangabad.bih.nic.in** पर उपलब्ध सूचना को देखा जा सकता है अथवा कार्यालय अवधि में जिला योजना कार्यालय, औरंगाबाद से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।
PR- 007641 ( PLANNING ) 2024-25
जिला योजना पदाधिकारी, औरंगाबाद।
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

**पूर्व मध्य रेल**
**ई-निविदा सूचना**
**ई–निविदा सं.– डी.डी.यू/ईएल/ग.श./ ई.–निविदा/24–25/10**
मंडल रेल प्रबन्धक/विद्युत/ग.श./डी.डी.यू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारो से जो रेलवे, केन्द्रीय लोकनिर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोकनिर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूची बद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती हैं।
**1. कार्य क्षेत्र के साथ कार्य का नाम:** डी.डी.यू/ईएल/जी/पी/24–25/03 ए विषय. डी.डी.यू मंडल के अन्तर्गत **(ए)** लोको कॉलोनी/डीडीयू/ में नवनिर्मित टाइप–II 10 यूनिट स्टाफ क्वार्टर में विद्युतीय कार्य करने के संबंध में। **(बी)** प्लांट डिपो कॉलोनी/डीडीयू में नवनिर्मित टाइप–।। 10 यूनिट स्टाफ क्वार्टर में विद्युतीय कार्य करने के संबंध में। **(सी)** स्टेशन कॉलोनी/डीडीयू में आरसीसी ओवरहेड टैंक के प्रतिस्थापन में विद्युतीय कार्य करने के संबंध में। **कार्य करने की कुल लागत:** रू. 12,70,134.52
**2. कार्य क्षेत्र के साथ कार्य का नाम:** डी.डी.यू/ईएल/जी/पी/2024–25/04 विषय. डी.डी.यू मंडल के अन्तर्गत व.अनु.अभि. डेहरी के अधीन सासाराम स्टेशन में गार्ड / डाइवर रनिंग रूम में पावर सप्लाई एवं वायरिंग की व्यवस्था करने के संबंध में। **कार्य करने की कुल लागत:** रू. 10,61,468.16
**3. कार्य क्षेत्र के साथ कार्य का नाम:** डी.डी.यू/ईएल/जी/पी/2024–25/05 विषय. डी.डी.यू मंडल के अन्तर्गत जपला के टावर वैगन शेड एवं ओएचई डिपो के उन्नयन में विद्युतीय कार्य करने के संबंध में। **कार्य करने की कुल लागत:** रू. 7,10,746.37
**4. कार्य क्षेत्र के साथ कार्य का नाम:** डी.डी.यू/ईएल/जी/पी/2024–25/06 विषय. – डी.डी.यू मंडल के अन्तर्गत **(ए)** सासाराम में नवनिर्मित टाइप–II 04 यूनिट क्वार्टर में विद्युतीय कार्य करने के संबंध में। **(बी)** अनुग्रह नारायन रोड में नवनिर्मित टाइप–II 04 यूनिट क्वार्टर में विद्युतीय कार्य करने के संबंध में। **कार्य करने की कुल लागत:** रू. 3,42,878.08
**निविदा बंद करने की अंतिम तिथि एवं समय:** 30.09. 2024, 15:00 बजे **ई–निविदा वेबसाइट का विवरण: www.ireps.gov.in**
कृतेः वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (ग.श.), पूर्व मध्य रेल, डी.डी.यू
पीआर/01070/डीडीयूजीएस/ईजीईएन/टी/24–25/52

**बिहार सरकार**
प्राचार्य का कार्यालय
**राजकीय पोलिटेकनिक, औरंगाबाद**
स्थितः धनाड़ी, पो0–बिजौली, अंचल–देव, जिला–औरंगाबाद–824102 (बिहार)
Email Id –principalpolyaurangabad@gmail.com , Mob. - 9818434694
Advertisement No -06
**SHORT TERM RECRUITMENT NOTICE**
**WALK IN INTERVIEW FOR**
**GUEST LECTURER and YOGA TRANINER/COUNSELLOR**
बिहार सरकार विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा संचालित राजकीय पोलिटेकनिक औरंगाबाद अन्तर्गत व्याख्याता/अनुदेशक के रिक्त पदो के विरूद्व अतिथि व्याख्याता/ अतिथि योगा अनुदेशक हेतु अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिशद नई दिल्ली तथा विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग बिहार पटना द्वारा निर्धारित योग्यताधारी इच्छुक अभ्यार्थी दिनांक 15.09.2024 को प्राचार्य प्रकोष्ठ राजकीय पोलिटेकनिक, औरंगाबाद में Walk-in-interview हेतु अपने सभी मूल प्रमाणपत्रों तथा एक सेट स्वअभिप्रमाणित प्रमाणपत्रों के साथ उपस्थित होंगें। अतिथि व्याख्याता/योगा अनुदेशक का विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार पटना द्वारा निर्धारित मानदेय अतिथि व्याख्याता के लिए प्रतिघंटी 1400/– अधिकतम 45,000/– प्रतिमाह एव अतिथि योगा अनुदेशक के लिए सप्ताह मे 4 घंटा के लिए अधिकतम 10,000/– प्रति माह भुगतेय होगा। साक्षत्कार मे भाग लेने वाले अभ्यार्थी को कोई यात्रा भता देय नहीं होगा।
**साक्षात्कार कार्यक्रम निम्नवत है।**

| पदनाम | | न्यूनतम योग्यता | दिनांक | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| असैनिक अभियंत्रण | अतिथि व्याख्याता | B.Tech/B.E/B.sc Engg. (As Per AICTE) | 15/09/2024 10:00 बजे पूर्वाह्न | प्राचार्य प्रकोष्ठ राजकीय पोलिटेकनिक, औरंगाबाद, धनाड़ी, औरंगाबाद बिहार, पिन- 824102 |
| यांत्रिकी अभियंत्रण. | | | | |
| कम्प्यूटर अभियंत्रण | | | | |
| योगा | अतिथि योगा Trainer/ Counsellor | Diploma/UG/PG in Yoga Science (relevant experience in counselling Activity) | | |

विज्ञापित पद एक वैकल्पिक/कार्यकारी व्यवस्था के तहत है, विभाग द्वारा नियमित/संविदा पर नियुक्ति/नियोजन होने पर यह कार्यानुमति स्वतः समाप्त हो जायेगी। इनके विरूद्ध दी जाने वाली कार्यानुमति के आधार पर सेवा स्थायीकरण/नियमितिकरण आदि का दावा नहीं किया जा सकता है यह पूर्णतः एक अस्थायी कार्यकारी व्यवस्था है। विज्ञापन बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित है, जिसके लिए कोई दावा स्वीकार नहीं होगा।
**प्रभारी प्राचार्य**
**राजकीय पोलिटेकनिक ,औरंगाबाद**
**PR. No. 007654 (Sci.&Tech. ) 2024-25**
उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।
नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

## संक्षिप्त समाचार

### गड़हनी- अगिआंव रोड में ट्रैक्टर की ठोकर से किसान की मौत

**गड़हनी।** ट्रैक्टर के ठोकर से गड़हनी प्रखंड में एक किसान की मौत हो गई। मृतक बिहारी सिंह (70) वर्ष सुअरी गांव निवासी स्व भिखारी सिंह के पुत्र थे। वह गुरुवार सुबह करीब 6:30 बजे गड़हनी- अगिआंव रोड में खेत घूमने जा रहे थे। तभी अनियंत्रित ट्रैक्टर ने उन्हें धक्का मार दिया और भाग गया। सड़क पर गिरा देख ग्रामीणों ने ज़ख़्मी अवस्था में उनको गड़हनी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए ले आए। यहां बिहारी सिंह की गुजराती हालत को देखकर से डॉक्टर ने आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया था। लेकिन दो घंटे इलाज के बाद मौत हो गई। गड़हनी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर रंजन पाण्डेय ने बताया कि ज़ख़्मी के सिर में काफी चोट लग गया था। नाक से खून भी निकल आया था। स्थिति खराब देख में आरा रेफर कर दिया था। मृतक एक किसान थे। खेती कर अपना जीविकोपार्जन करते थे। तीन बेटा और दो बेटी थी। सभी का शादी कर चुके थे। प्रखण्ड प्रमुख बिनोद सिंह ने कहा कि प्रतिदिन अवैध बालू लेकर नारायणपुर थाना होते हुए अगिआंव से गड़हनी दर्जनों ट्रैक्टर रोज आती हैं। सभी ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर को बेलगाम होकर चलाते है। प्रशासनिक मिली भगत से आये दिन गड़हनी -अगिआंव रोड में दुर्घटना हो रही है। लेकिन पुलिस-प्रशासन मौन है। इस पर रोक लगना चाहिए, अन्यथा कितने लोगों का जान जा सकती है।

### सदस्यता अभियान में आगे चल रहा भारतीय जनता युवा मोर्चा

**आरा।** जिला सदस्यता अभियान का शुरूआत भारतीय जनता पार्टी कार्यालय बामपाई में हुई। भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष विशुद्ध बिभु जैन को अभी तक सबसे ज्यादा भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनाने पर सम्मानित किया गया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष दुर्गाराज, आरा विधायक अमरेंद्र प्रताप सिंह, बड़हरा विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह, गया शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के विधान पार्षदजीवन कुमार, पूर्व सांसद मीना सिंह, पूर्व विधायक संजय टाइगर, पूर्व विधायक सुनील पांडे, बिहार सदस्यता प्रभारी सह विधायक जीवेश मिश्रा, सह प्रभारी ओमप्रकाश भुवन, क्षेत्रीय सह प्रभारी सिद्धार्थ शंभू, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेम रंजन चतुर्वेदी, युवा और किसानों के नेता राम दिनेश यादव, युवा मोर्चा जिला महामंत्री राहुल सिंह, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष ममता सिंह, महामंत्री पूनम कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष धीरेंद्र सिंह, लव पांडे, उदय प्रताप सिंह, राजकुमार कुशवाहा, सन्तोष चंद्रवंशी, वंदना राजवंशी, संजय सिंह आदि मौजूद थे।

### 418 विद्यालयों में 1077 योजनाओं का हुआ चयन

**बक्सर।** राज्य के अपर मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शिक्षा विभाग से संबंधित आधारभूत संरचना एवं अन्य विषयों पर समीक्षा बैठक किया। जिसमें अंशुल अग्रवाल एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी ने भाग लिया। आधारभूत संरचना निर्माण के तहत प्रथम चरण में डीएम ने विभागीय दिशा निर्देश के आलोक में एजेंसी का चयन किया। कुल 418 विद्यालयों में प्राथमिकता के आधार पर 1077 योजनाओं का चयन किया गया। जिसमें नया शौचालय निर्माण, शौचालय की मरम्मति, पेयजल, विद्युतीकरण, अतिरिक्त कक्षाओं का निर्माण, भवन मरम्मति एवं पुनर्निर्माण कार्य सम्मिलित है। कार्यों के निष्पादन हेतु लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, भवन प्रमंडल, बुडको एवं विद्युत आपूर्ति प्रमंडल को एजेंसी के रूप में चयनित किया गया।

### सदस्यता अभियान में महिलाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण : विधायक

**आरा।** दो सितम्बर से भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को भाजपा की नई सदस्यता दिलाने के साथ ही देशव्यापी सदस्यता अभियान की शुरुआत हो गई है। गुरूवार को भाजपा जिला कार्यालय बामपाली में सदस्यता अभियान की विधिवत शुरुआत की गई। आरा विधायक अमरेन्द्र प्रताप सिंह ने सदस्यता अभियान में महिलाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण बताया। बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने सदस्यता अभियान पूरे जोर शोर से चलाने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दुर्गा राज और संचालन जिला मंत्री राजकुमार कुशवाहा ने किया। मुख्य अतिथि बिहार सदस्यता अभियान के प्रभारी सह पूर्व मंत्री जीवेश मिश्रा थे। शाहाबाद क्लस्टर प्रभारी सिद्धार्थ शंभु ने सफल बनाने का मूल मंत्र दिया।

### आम जनता से मिले पूर्व मंत्री आरके सिंह

**आरा।** पूर्व केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री सह आरा के पूर्व सांसद आरके सिंह ने जिले के कई गांव का भ्रमण किया। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों मे शामिल हुए व आम जनता एवं कार्यकर्ताओं की समस्याओं से अवगत हुए। इस दौरान वे भाजपा नेता सह जिला पार्षद गंगाधर पांडेय के घर पहुंच कर श्राद्धकर्म मे शामिल हुए और परिजनों से मिलकर सांत्वना दी। पत्रकार चंदन मिश्रा के आरा आवास पर पहुंच कर उनकी पत्नी और नानी के मृत्यु होने पर परिजनों को सांत्वना दिया। भाजपा के इसाढी मंडल अध्यक्ष विकास के कौंरा स्थित घर पर पहुंच कर श्राद्धकर्म मे भाग लिया। पूर्व सांसद ने अपने योजना से निर्मित उदवंतनगर मे सोलर हाईमास्ट लाईट का उद्घाटन भी किया। अगिआंव के करवासीन मे ग्रामीण जनता से मिले । संदेश प्रखंड के नुरपुर मे हुए हत्या की घटना की खबर सुनकर पूर्व मंत्री पीड़ित के घर पहुंच कर परिवार से मिले और हत्या की जानकारी प्राप्त की। पीड़ित परिवार को दोषी को सजा दिलाने, परिवार को आर्थिक सहायता की बात कही।

### ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन ने युवा व महिला टीम का किया गठन

**आरा।** ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन की बैठक आरा रेलवे स्टेशन परिसर मे हुई। बैठक में मुख्य अतिथि यूनियन के महामंत्री एसएनपी श्रीवास्तव, केंद्रीय उपाध्यक्ष बीपी यादव, मृदुला कुमारी व मनोज कुमार पांडेय शामिल हुए। शाखा बक्सर द्वारा युवा टीम और महिला टीम का गठन महामंत्री एसएनपी श्रीवास्तव ने किया।एसएनपी श्रीवास्तव ने कहा कि रेलकर्मियों की सुविधाओं की अनदेखी यूनियन सहन नही करेगा। युवा टीम के अध्यक्ष बिनोद यादव व शाखा मंत्री अनुराग कुमार को बनाया गया। महिला टीम की कमान खुशबु कुमारी व पूनम सिन्हा को दिया गया। युवा टीम मे रवि भूषण, दिवेंदु पांडेय, बिट्टु वर्मा,शोभनाथ यादव, दीपक राय, गौतम राय, इरफान खान, प्रमोद कुमार, विद्या बिलाश पांडेय, ललन पासवान थे। महिला टीम मे खुशबु कुमारी, पुनम् सिन्हा, सरिता देवी मंजु देवी, अर्चना कुमारी, आरती कुमारी, शिल्पी कुमारी, सीमा, ममता कुमारी, बसंती देवी थी। मौके पर शाखा मंत्री नीरज कुमार सिंह, अजय कुमार, आरके सिंह, अशोक मिश्रा, अशोक पांडेय, एसपी त्रिपाठी, संजय कुमार, बिंध्याचाल शर्मा,बीके सिंह, एसबी राय, मनोज मिश्रा, संजीत कुमार, राजेश कुमार समेत कई थे।

### भाजपा ने की सदस्यता अभियान की शुरुआत

**आरा।** भारतीय जनता पार्टी ने अपनी बामपाली कार्यालय से सदस्यता अभियान की शुरुआत की। भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष विशुद्ध बिभु जैन को अभी तक सबसे ज्यादा सदस्य बनाने पर सम्मानित किया गया। जिला अध्यक्ष दुर्गा राज, आरा विधायक अमरेंद्र प्रताप सिंह, बड़हरा विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह, विधान पार्षद गया शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र जीवन कुमार, पूर्व सांसद मीना सिंह, पूर्व विधायक संजय टाइगर, पूर्व विधायक सुनील पांडे, बिहार सदस्यता प्रभारी और विधायक जीवेश मिश्रा, सह प्रभारी ओमप्रकाश भुवन, क्षेत्रीय सह प्रभारी सिद्धार्थ शंभू, निवर्तमान जिला अध्यक्ष प्रेम रंजन चतुर्वेदी,मीडिया प्रभारी अरिहंत विजय जयंती, किसान नेता राम दिनेश यादव, युवा मोर्चा के जिला महामंत्री राहुल सिंह, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष ममता सिंह, महामंत्री पूनम कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष धीरेंद्र सिंह, लव पांडे, उदय प्रताप सिंह, जिला मंत्री राजकुमार कुशवाहा, सन्तोष चंद्रवंशी, वंदना राजवंशी, संजय सिंह, मिथलेश कुशवाहा, अंकित तिवारी, राकेश सिंह, राजीव सिंह, रितिक सिन्हा आदि शामिल है।

# करंट लगने से युवक की मौत, खेत पटाने गए थे

## रास्ते में टूटकर गिरा था बिजली का तार, अस्पताल ले जाने के दौरान दम तोड़ा

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के कोईलवर गांव में गुरुवार को विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से खेत पटाने गए चालक की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा है। मृतक कोईलवर थाना क्षेत्र के कोईलवर गांव वार्ड नंबर-चार निवासी राज किशोर राय का 30 वर्षीय बेटा गोपाल राय है। पेशे से चालक था।

**आरा सदर अस्पताल रेफर किया गया:** इधर, मृतक के भतीजे राजू कुमार ने बताया कि वह खेत पटाने गए थे। जहां बिजली का तार टूटकर पहले से गिरा हुआ था। खेत पटाने के दौरान वे तार की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद में मौजूद लोगों ने इसकी सूचना उनके परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन वहां पहुंचे और उन्हें इलाज के लिए कोईलवर सीएचसी ले गए। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी हालत को चिंताजनक देखकर आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

**डॉक्टर ने देखते ही मृत घोषित किया:** सदर अस्पताल में चिकित्सक ने देख उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन ने सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी। पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमॉर्टम करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने तीन भाई व दो बहन में बड़ा था। उसके परिवार में मां लीलावती देवी, पत्नी लालती देवी और दो बेटे अभिनंदन, अभी और एक हेटी नंदनी कुमारी है।

# शिक्षक हमारे जीवन के मार्गदर्शक होते हैं



निज संवाददाता। बक्सर

साबित खिदमत फाउंडेशन एंड अस्पताल में शिक्षक दिवस मनाया गया। जहां शिक्षकों को सम्मानित करते हुए डॉ दिलशाद आलम ने कहा कि शिक्षक हमारे जीवन के मार्गदर्शक होते हैं व दीपक है जो अज्ञानता के अंधकार को दूर कर ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं। वह हमें न केवल किताबों का ज्ञान देते हैं बल्कि जीवन की मूलभूत चीजों को भी सिखाते हैं। वह हमें आत्मनिर्भर जिम्मेदार और नैतिक रूप से सशक्त बनाते हैं। उन्होंने अपने सीनियर डॉक्टर अखिलेश सिंह को सम्मानित किया। वहीं अपने पुराने गुरु जनों को याद करके सभी को धन्यवाद ज्ञापन किया। इस मौके पर सोनम श्रीवास्तव इम्तियाज अंसारी मैनेजर नासिर हुसैन फार्मासिस्ट अरुण कुमार लेबोरेटरी टेक्नीशियन हमीद राजा अधिवक्ता डॉ खालिद राजा डॉ उज्जवल डॉ क जहाज, डॉ मनीष कुमार, ब्यूटी कुमारी, रुखसाना अंजलि मनोज कुमार पांडे मनीष सहित आने को लोग मौके पर मौजूद थे।

# महंगाई और भ्रष्टाचार के खिलाफ भाकपा मार्क्सवादी ने किया प्रदर्शन




निज संवाददाता। बक्सर

भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के आह्वान पर गुरुवार को जिला के किसान, मजदूर, छात्र नौजवान एवं जिला कमेटी के सदस्यों ने ज्योति प्रकाश चौक पर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व जिला सचिव भगवती प्रसाद, सचिव मंडल सदस्य अरुण कुमार ओझा, परमहंस सिंह एवं नथुनजी ने संयुक्त रूप सेकिया। प्रदर्शनकारी ज्योति प्रकाश चौक से केंद्र सरकार तथा बिहार सरकार के किसान मजदूर विरोधी नीतियों पर नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पंहुचे। वक्ताओं ने केंद्र व राज्य सरकार से महंगाई-भ्रष्टाचार पर रोक लगाने, किसानों का कर्ज माफ करने, बिगड़ी विधि व्यवस्था को ठीक करने, हत्या बलात्कार पर रोक लगाने व बक्सर जिला को अकाल ग्रस्त घोषित करने की मांग की। साथ ही भूमि सुधार कानून लागू करने, जर्जर सड़कों का निर्माण कराने आदि की मांग की। प्रदर्शन के अंत में प्रतिनिधिमंडल ने डीएम के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा।

# 2.65 लाख बच्चों को पोलियो से बचाव की दी जाएगी खुराक

## 22 सितंबर से शुरू हो रहा है पांच दिवसीय पल्स पोलियो अभियान

निज संवाददाता। बक्सर



जिले में पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो से बचाने के लिए रविवार यानी 22 सितंबर से पांच दिवसीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। जिसकी सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस क्रम में प्रखंडवार लक्ष्य का वितरण किया जा चुका है। साथ ही, सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत फ्रंटलाइन वर्कर्स को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। ताकि, अभियान के दौरान किसी भी प्रकार की बाधा न उत्पन्न हो। इसके लिए जिला स्वास्थ्य समिति के वरीय पदाधिकारियों ने अभियान को सफल बनाने के लिए जिलेवासियों से भी अपील की। इस क्रम में गुरुवार को सदर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर आशा कार्यकर्ताओं का उन्मुखीकरण किया गया। जिसमें जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ विनोद प्रताप सिंह ने कहा कि पोलियो भारत से खत्म हुआ है, दुनिया से नहीं। इसलिए जरूरी है कि जब तक दुनिया से पोलियो खत्म नहीं हो जाता अपने बच्चों को पोलियो की दो बूंद समय-समय पर सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देश के आलोक में पिलायी जाती रहे। उन्होंने बताया पोलियो विषाणु से फैलने वाला एक संक्रामक रोग है। जो आम तौर पर एक से दूसरे को संक्रमित विष्ठा या खाने के माध्यम से फैलता है। इस रोग में बच्चों के पैर काफी कमजोर पड़ जाते हैं जिससे बच्चा चलने-फिरने से लाचार हो जाता है। इस बीमारी से बचाने के लिए शून्य ये पांच साल तक के बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलानी जरूरी है। प्रतिदिन होगी समीक्षा डॉ. विनोद प्रताप सिंह ने बताया कि पल्स पोलियो अभियान के तहत शून्य से पांच वर्ष तक के लगभग 2.65 लाख बच्चों को खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए कुल 748 टीम गठित की गई है। जिसमें हाउस टू हाउस अभियान के लिए 623 टीम, 112 ट्रांजिट टीम व 13 मोबाइल टीम हैं। वहीं, अभियान की निगरानी के लिए 227 सुपरवाइजर प्रतिनियुक्त किए गए हैं। पांच दिवसीय अभियान की प्रतिदिन की रिपोर्ट शाम पांच बजे तक सौंपनी है। ताकि, प्रतिदिन अभियान की समीक्षा की जा सके। उन्होंने बताया कि बुखार से पीड़ित बच्चों के माता-पिता उसके ठीक होने के बाद पोलियो की खुराक दिला सकते हैं। उसके अलावा सर्दी खांसी या दस्त है तो भी उसे अवश्य यह दवाई पिलाएं। मौके पर सदर प्रखंड के स्वास्थ्य प्रबंधक प्रिंस कुमार सिंह, बीईई मनोज चौधरी, डब्ल्यूएचओ मॉनिटर भानु प्रताप सिंह, बीएमसी आलोक कुमार के अलावा आशा कार्यकर्ताएं मौजूद रहीं।

# एमपी हाई स्कूल में 2 से 4 सितंबर तक हुई खेल प्रतियोगिता, बच्चों ने मेडल की लगा दी झड़ी

निज संवाददाता। बक्सर



जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता-2024 में फाउंडेशन स्कूल के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मेडल की झड़ी लगा दी। बता दें कि स्थानीय एमपी हाई स्कूल में बीते 2 सितंबर से 4 सितंबर तक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें फाउंडेशन स्कूल के खिलाड़ियों ने बास्केटबॉल, खो खो, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स, कबड्डी समेत विभिन्न तरह के खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। बास्केटबॉल बालक वर्ग अंडर-14 फाउंडेशन स्कूल की टीम विजेता रही। बालक वर्ग अंडर-17 में उप विजेता बनी। खो-खो प्रतियोगिता बालक और बालिका वर्ग अंडर-14 में विजेता तथा बालक 17 वर्ग में विजेता और बालिका वर्ग में फाउंडेशन स्कूल की टीम उप विजेता बनी। वॉलीबॉल अंडर-14 वर्ग में फाउंडेशन की टीम ने उप विजेता का खिताब हासिल की। बैडमिंटन प्रतियोगिता में सौम्या समृद्धि ने सिल्वर मेडल और बालक वर्ग अंडर-17 में साहिल कुमार ने कांस्य मेडल अपने नाम किया। वहीं एथलेटिक्स अंडर-17 बालक वर्ग में कमलनयन ने शॉट पुट थ्रो में सिल्वर मेडल और भला फेंक में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता बालिका वर्ग में दिव्या कुमारी को गोल्ड मेडल मिला। जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले सभी खिलाड़ियों को स्कूल में सम्मानित किया गया। इस प्रदर्शन पर स्कूल के प्राचार्य विकास ओझा ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी और आगे भी इसी तरह का प्रदर्शन करते रहे इसके लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया की सीबीएसई क्लस्टर मे विद्यालय की कबड्डी टीम आगामी 7 सितंबर को करॉयल स्कूल, रांची जाएगी। इस संदर्भ मे खिलाड़ी और उनके अभिभावकों की एक मीटिंग कर सभी खिलाड़ियों को शुभकामना दी गई। इस मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक व शिक्षिकाओं ने जिला खेल प्रतियोगिता मे भाग लेने वाले खिलाड़ियों को बधाई दी।

# शिक्षक के सम्मान में तनिष्क में हुआ कार्यक्रम का आयोजन



निज संवाददाता। बक्सर

शिक्षक दिवस पर सम्मानित शिक्षकों के सम्मान में तनिष्क (बक्सर)सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा उन्हें सम्मानित किया गया। बक्सर जिला के बहुत सारे स्कूल, कॉलेज और कोचिंग के शिक्षक इस कार्यक्रम में हिस्सा लिए तथा सम्मानित शिक्षकों ने अपने-अपने शब्दों से कार्यक्रम को सफल बनाया। इस कार्यक्रम के मौके पर बिजनेस एसोसिएट दीपक पाण्डेय ने बताया की,शिक्षक का हमारे जीवन में अमूल्य योगदान है।हर किसी के जीवन में एक गुरु या शिक्षक का होना बेहद आवश्यक है।इसलिए हम सभी को सदा शिक्षकों का मान-सम्मान करना चाहिए और उनकी बातों पर अमल करना चाहिए। जिंदगी में यदि हम थोड़े भी सफल होते हैं, तो इसका श्रेय हमारे माता-पिता के बाद जिन्हें जाना चाहिए वो है हमारे शिक्षक।

# 60 लाख की लागत से सैनिटरी पैड उत्पादन इकाई की स्थापना

## बक्सर में जननी जीविका महिला समूह कर रही संचालन,प्रतिदिन 1800 पैड का उत्पादन

निज संवाददाता। बक्सर

बिहार राज्य का पहला मायरा जैविक सैनिटरी पैड उत्पादन इकाई बक्सर जिला के चौसा प्रखंड स्थित अखौरिपुर गोला पर 60 लाख रूपए की लागत से स्थापित किया गया है। इस यूनिट में काम करने वाली ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। इसका संचालन जननी जीविका महिला समूह से जुड़ी महिलाएं कर रही हैं। जीविका द्वारा लगातार चलाए जा रहे पहल पर ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं मेहनत के बदौलत लगातार उत्पादन क्षमता को बढ़ा रही हैं। शुरुआत में यहां 18 महिलाएं काम करती थी, लेकिन अब इनकी संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। यहां अब 22 महिलाएं काम करती हैं।

**एसजेवीएन और जीविका द्वारा कराया गया निर्माण:** इस प्लांट का निर्माण जिला प्रशासन के समन्वय से एसजेवीएन द्वारा प्राप्त आवंटित राशि 30 लाख रुपए एवं जीविका द्वारा आवंटित राशि 26.69 लाख रुपये (कुल राशि - 56.69 लाख) की सहायता से आदर्श जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लि., बनारपुर, चौसा अंतर्गत गठित जननी जीविका महिला उत्पादक समूह के द्वारा जैविक सैनेटरी पैड उत्पादक इकाई संचालित है।

**मिट्टी के संपर्क में आते ही गल जाएगा पैड:** इकाई की एमडी लालसा देवी द्वारा बताया गया कि जीविका दीदीयों द्वारा निर्मित इस सैनेटरी पैड की खासियत यह है कि उपयोग के बाद मिट्टी के संपर्क में आने से गलकर मिट्टी हो जाएगा। वातावरण को कोई नुकसान नहीं पहुंचेगा बताया गया कि बाजार में बिक रहे सैनिटरी पैड में केमिकल व प्लास्टिक का उपयोग होता है। चौसा स्थित जीविका के यूनिट में बनने वाले पैड में 100 प्रतिशत रुई का उपयोग होता है।



**1800 पैड का प्रतिदिन होता है उत्पादन:** लालसा देवी ने बताया कि केवल चौसा में 880 समूह बने हुए हैं। जिले भर में कुल 13 हजार जीविका समूह संचालित हो रहा है। चौसा में प्रतिदिन 1800 पैड का उत्पादन हो रहा है। जिले के बालिका उच्च विद्यालय और समूह से जुड़ी महिलाएं अपने दुकान के माध्यम से सप्लाई किया करती है। सैनेटरी पैड यूनिट में अलग-अलग प्रकार की आठ मशीनें लगी हुई है। इस यूनिट में 22 ग्रामीण महिलाएं रोजगार कर रही हैं। सभी महिलाओं को न्यूनतम 4 हजार रुपए प्रति माह वेतन के रूप में पांच घंटे का दिया जा रहा है। फिलहाल यहां डे शिफ्ट में ही उत्पादन का कार्य हो रहा है तो महिलाएं दिन में ही काम करती है।

**दो किस्म की जैविक सैनिटरी पैड का होता है निर्माण:** जीविका दीदी द्वारा बताया गया कि यहां पर दो किस्म के जैविक सैनिटरी पैड बनाएं जा रहे हैं। एक पैकेट में 7 पैड रहता है, जिसे होलसेल रेट 32 रुपए में बेचा जाता है। दूसरी वेरायटी को 34 रुपए में समूह को दिया जाता है। उन्होंने बताया कि डिमांड के मुताबिक अभी उत्पादन नहीं हो पा रहा है। आने वाले दिनों में इसका विस्तार किया जाना है। यूनिट में काम करने वाली स्थानीय महिला तारा देवी का कहना है कि जीविका से जुडने के बाद उनके जीवन में काफी बदलाव आया है। उनके परिवार को जीविका ने आर्थिक तंगी से उबरने में सहयोग किया है।

# सिटी एयर पॉल्यूशन कंट्रोल करने की हो रही तैयारी

## प्रदूषण नियंत्रण के लिए बनाई जाएगी कार्य योजना, अधिकारियों को सक्रिय रहने के आदेश

**निज संवाददाता। भागलपुर**

भागलपुर समाहरणालय स्थित समीक्षा भवन में डीएम डॉ. नवल किशोर चौधरी ने शहरी क्षेत्र में वायु प्रदूषण को कंट्रोल करने के लिए विभागों को सक्रिय होकर कार्य करने को कहा है। ताकि सिटी एयर पॉल्यूशन कंट्रोल प्लान सफल बनाया जा सके। उन्होंने बिहार राज्य प्रदूषण बोर्ड के पदाधिकारी को एयर पॉल्यूशन के मापी के लिए भागलपुर में सेटअप लगाने को कहा। ताकि वास्तविक आंकड़ा मिल सके और उसके हिसाब से कार्य योजना बनाई जा सके।



**प्रेजेंटेशन के जरिए बताए वायु प्रदूषण के कारणः** बिहार राज्य प्रदूषण बोर्ड के एक्सपर्ट ने प्रेजेंटेशन के जरिए बताया है कि वायु प्रदूषण के क्या कारण हैं। इसके स्त्रोत के नियंत्रण के लिए कार्य योजना बनानी होगी। परिवहन विभाग, उद्योग विभाग, नगर निकाय, पथ निर्माण विभाग और अन्य विभागों को कार्य करना होगा। वायु प्रदूषण बढ़ाने में वाहन परिचालन, उद्योग के प्रकार और उनकी स्थापना का चयन, घरेलू इंधन उपयोग के किस्म का निर्धारण, बायो मेडिकल वेस्ट, कचरे को हटना, सड़क के धूल-कण को हटाना, भवन निर्माण व भवन ध्वस्त सामग्री को शीघ्र सड़क से हटवाने की कार्य योजना बनानी होगी। वैसे हॉटस्पॉट को चिह्नित करना होगा, जहां कचरा फेंका जाता है। वैसे स्थलों की सफाई करवानी होगी और कचरा को दूर हटवाना होगा। इसके लिए ठोस और तरल कचरा प्रसंस्करण इकाई का निर्माण भी जरूरी है।

# अश्विनी चौबे का नीतीश को लेटर, कहा-बहुत कष्ट में हूं

**निज संवाददाता। भागलपुर**

पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री अश्विनी कुमार चौबे का लोकसभा चुनाव के दौरान बक्सर से टिकट कटने के बाद से न केवल पार्टी बल्कि शासन-प्रशासन भी उन्हें भूलने लगा है। मामला भागलपुर में करीब 200 करोड़ से बने सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल के उद्घाटन समारोह से जुड़ा है। आज अस्पताल का उद्घाटन होगा। इसमें केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे शिरकत करेंगे, लेकिन पूर्व मंत्री चौबे को समारोह के लिए आमंत्रित नहीं किया गया है। इससे वे आहत हैं। उन्होंने सीएम नीतीश कुमार को पत्र लिखा है। इसमें उनका फिर एक बार दर्द छलका। अश्विनी कुमार चौबे ने लेटर में लिखा- अपार कष्ट में हूं, खैर... समय बड़ा बलवान होता है। जिस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के शिलान्यास से लेकर बनने तक लगातार निगरानी और निरीक्षण तत्कालीन मंत्री व पूर्व मंत्री के रूप में चौबे करते रहे हैं। पीएम मोदी के शिलान्यास वाले शिलापट्ट मेन गेट पर रहने दिया जाता। 17 फरवरी, 2019 को बेगूसराय से पीएम, तत्कालीन राज्यपाल लालजी टंडन, पूर्व डिप्टी सीएम सुशील मोदी समेत मैं खुद भी वहां शामिल हुआ था। इसके बाद भी मेरा नाम उद्घाटन में नहीं रहना आहत करता है। **अपने कार्यकाल में शुरू नहीं कराने का मलालः** अश्विनी चौबे ने पत्र में कहा है कि 'निर्माण से लेकर अब तक 2 दर्जन से अधिक बार इस अस्पताल का निरीक्षण कर चुका हूं। लगातार राज्य सरकार से उद्घाटन कराने को लेकर पत्राचार करता रहा, लेकिन उस वक्त नहीं हो सका। अब हो रहा है, यह अच्छी बात है, लेकिन जिस तरह सिर्फ ओपीडी में सलाह, दवा और जांच मायागंज में हो रहा, यह गलत है। यहां के मरीजों को सुविधा जितनी मिलनी चाहिए, वह नहीं मिल रही है। इंडोर भी शुरू होना था, वह भी नहीं हो पाया। लगातार 10 वर्षों तक बक्सर का सांसद और पांच बार भागलपुर से विधायक, 16 वर्षों तक मंत्री परिषद का सदस्य रहा। इस दौरान कई उल्लेखनीय कार्य किए। इसलिए भी इस जगह से मेरा आत्मीय जुड़ाव स्वाभाविक है। यही वजह है कि हमें इस बात का मलाल है कि अपने कार्यकाल में इसकी शुरुआत नहीं करवा सके।' **लोस चुनाव में टिकट कटने पर भी छलका था दर्दः** जिस वक्त बक्सर से लोकसभा चुनाव में चौबे का टिकट कटा था, उस समय भी उनका दर्द छलका था। उन्होंने कहा था कि मैं कहीं नहीं जा रहा, यहीं रहूंगा। वह विरोध चुनाव के रिजल्ट में भी दिखा और मिथलेश तिवारी की हार हो गई। इसके बाद उनका मंत्री पद भी चला गया।

## Office of The Civil Surgeon –Cum- Chief Medical Officer, Garhwa

**Email ID- cs.garhwa@gmail.com**

Healthy Jharkhand Happy Jharkhand

**Short e-Tender Notice (E-Procurement Notice)**

Tender No. :- CS/GRH/06/24-25 Date: 06/09/2024

Civil Surgeon, Garhwa, Jharkhand Invites e-Tender from eligible bidders for entering into rate contract for Supply & Installation of Machinery/Equipment, Medical gad pipeline work and Other Essential Items. Under ECRP. Blank tender documents with detailed conditions can be obtained through website http://jharkhandtenders.gov.in and bid should be submitted through e-procurement systems only. Hard copies of technical bid and financial bid should be submitted to the department on and before declared due date. Online Tender fee & Ernest money deposit (EMD) separately to the concerned office.

| Sl.No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Rate Contract for Supply & Installation of Machinery/Equipment, Medical gad pipeline work and Other Essential Items. |
| 2 | Date of Publication of the Tender on Website | 07/09/2024 |
| 3 | Pre-Bid Conference Last date of receipt of pre bid queries (if any) from intended bidders. | 10.09.2024 latest by 3.00 P.M. The bidders may visit the department concerned and submit their queries / Suggestions to the Civil Surgeon Cum CMO, Garhwa for which the intended bidders want any amendment or alteration in the tender terms of specifications. |
| 4 | Date & Time Online submission of BID | 11.09.2024 to 25.09.2024 |
| 5 | Bid submission closing date | 18.09.2024 by 2.00PM |
| 6 | Bid Opening date | 19/09/2024 by 03.00PM |
| 7 | Opening date online Financial proposal | After completion of Technical BID |
| 8 | Tender Document Fee (Non-refundable) | **1000/- (One Thousand Only)** Non-Refundable should be deposited through online mode www.jharkhandtenders.gov.in before uploading the bid in the e-Procurment portal of the tender inviting authority |
| 9 | Earnest Money Deposit (EMD) | Rs. 2,00,000/- (Rs. Two Lakh only) should be deposited through online mode www.jharkhandtenders.gov.in before uploading the bid in the e-Procurment portal of the tender inviting authority |
| 10 | Contact No. | 9934725715 |

**Note :** The specified dates and time may change due declaration of holidays or any other unforeseen circumstance. The same shall be informed through web-portal as and when required.

PR 334993 Health Med Edu and Family Welfare (24-25)_D

**Civil Surgeon-Cum- Chief Medical Officer, Garhwa**

# मकान मालिक के घर लाखों की चोरी

**भागलपुर।** इशाकचक थाना क्षेत्र के गुमटी नंबर एक के पास गेट को कटर से काट कर घर में घुसे चोरों ने लाखों के जेवर और सामान चोरी कर लिया। घटना के समय मकान मालिक अपने रिश्तेदार का इलाज कराने गए थे। जब गुरुवार सुबह सागर जायसवाल घर लौटे तो देखा कि कमरे में सामान बिखरा पड़ा है। उन्होंने जानकारी इशाकचक पुलिस को दी। पुलिस ने जांच के दौरान पाया कि चोर पिछले हिस्से से घुसे हैं और सामने के रास्ते से निकले हैं। चोर 45 हजार नकद, करीब 61 ग्राम सोने के जेवर, हजारों के चांदी के जेवर व बर्तन, पंखा, कूलर, गैस सिलिंडर, चूल्हा और मिक्सर ले गए हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

## बंदूक गायब होने के मामले में कार्रवाई का आदेश

**भागलपुर।** कोर्ट ने नाथनगर थाने के मालखाने से पूर्व में जब्त डबल बैरल बंदूक और 48 कारतूसों के गायब होने के मामले में कार्रवाई करने को कहा है। कोर्ट ने इसके लिए डीएम को पत्र जारी किया है। इसमें कहा गया है कि बंदूक और कारतूस गायब होने के मामले में केस दर्ज कराते हुए कानूनी कार्रवाई की जाए। दरअसल एक पुराने मामले में जब्त ये हथियार नाथनगर थाने से गायब बताए जा रहे हैं। पूर्व के थानाध्यक्षों को भी इसके बारे में पता नहीं है। इसका खुलासा तब हुआ जब संबंधित केस की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने थाने से जब्त किए गए हथियार को प्रस्तुत करने का आदेश दिया। कोर्ट के कई बार निर्देश देने के बाद भी पुलिस संबंधित हथियार कोर्ट में प्रस्तुत नहीं कर पाई।

## डीजे कॉलेज में मनी शहीद जगदेव की पुण्यतिथि

**मुंगेर।** बिहार लेनिन के नाम से मशहूर शहीद जगदेव प्रसाद कुशवाहा की पुण्यतिथि गुरुवार को छात्र राजद नेताओं ने आरडी एंड डीजे कॉलेज परिसर में मनाई। कार्यक्रम में छात्र राजद के आनंद कुमार, रितेश कुमार, सुमित कुमार विशाल कुमार, आयुष कुमार समेत कई छात्रों ने बाबू जगदेव प्रसाद कुशवाहा की तस्वीर पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धा-सुमन अर्पित की।

## Jharkhand Industrial Infrastructure Development Corporation Limited (JIIDCO)

(A Govt. of Jharkhand Undertaking)
5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu road, Ranchi – 834001 (Jharkhand)
**e-mail-** jiidcoltd@gmail.com www.jiidco.co.in Phone no. 0651-3512851
CIN U45208JH2004GOI011078

Letter no:-557 dated:-05.09.2024

**NOTICE INVITING TENDER**

(through e-procurement mode only-www.jharkhandtenders.gov.in)
NIT No.- JIIDCO/12/SBD/2024-2025

Designation and Address of the Advertiser :- Executive Engineer, Office of M.D.JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu road, Ranchi-834001

1. Mode of submission of tender :- Online through www.jharkhandtenders.gov.in
2. Publishing on website :- Date 13.09.2024
3. Period downloading of Bidding Documents :- Date 13.09.2024 up to 26.09.2024
4. Bids online submission :- Date 13.09.2024 up to 26.09.2024
5. Bid opening date :- Date 27.09.2024 Time: 3:30 P.M.
6. Details of works:-

| Bid No. | Tender Ref. no. | Name of work | Estimated Cost/ECV (Rupees) | Amount of Earnest money (E.M.D) (Rupees) | Cost of BOQ (Non-refundable in Rupees) | Time of completion of work (Months) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | JIIDCO/01/ Hunterganj/2024-25 | Construction of Multipurpose Training Center at Hunterganj, Chatra. | 4,60,33,687.00 | 4,61,000.00 | 11,800.00 | 18 months |
| 02 | JIIDCO/02/ Pratap-pur/2024-25 | Construction of Multipurpose Training Center Pratap-pur Chatra. | 4,60,33,687.00 | 4,61,000.00 | 11,800.00 | 18 months |

7. Tender fee (non-refundable) & EMD is to be received through online mode only. Bidders can use internet banking facility for faster processing of Tender fee Alternatively, Bidders can use NEFT/RTGS challan generated for the tender from http://jharkhandtenders.gov.in. **portal.**
   Refund will only be issued to Originated bank account used for the payment of EMD. So, bidders are advised NOT to close the above Bank Account used for online payment NEFT/RTGS of EMD.
   No Hardcopy/Physical copy is required to be submitted for tender opening/evaluation. However, Department may ask original documents for verification before award of contract.
8. Bid Validity :- 180 days
9. Place of opening of Technical Bid:- Office of M.D. JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu road, Ranchi-834001
10. For any information/complaints the department helpline no. M.b.no. 7004785102 may be contacted.
11. Further details can be seen on website- www.jharkhandtenders.gov.in.
12. Any Corrigendum or Addendum will be notified in website:- www.jharkhandtenders.gov.in only.

**Note: (i) Any change can be seen on website** www.jharkhandtenders.gov.in
**(ii) Any other information can be seen on** www.jharkhandtenders.gov.in
(iii) **The estimated cost mentioned above in sl. No.6 column no. 4 is approximate which may be increased or decreased.**

**Sd/-**
Executive Engineer
JIIDCO Ranchi

PR 334825 (Jharkhand Industrial Infrastructure Dev Co Ltd) 24-25 (D)

## JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED

**CIN: U40108JH2013SGC001704**
**Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH**
**Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in**
**Office of the General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)**
**Address-Sudna, Daltonganj e-mail : gmtzdal@gmail.com**

**e-Tender Notice**

e-Tender in two parts i.e. technical (Part–I) and Financial (Part-II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound contractors for the under mentioned work:-

| Sl. No. | e-N.I.T. No. | Description of works | Completion Period | e-tender fee (Rs.) (non-refundable) including GST 18% | E. M. Deposit (Rs.) | Estimated Cost |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 177/PR/JUSNL/ 2024-25 | Estimate for Repair & maintenance, including Roof treatment, Sanitary work and other miscellaneous work of C-Type Quarter at Transmission Zone-IV, Medininagar colony campus | 03 Months | 1476/- | 10,200.00 | 5,05,474.00 |

| | |
|---|---|
| Availability of Tender Documents on e -Tender website | 06.09.2024 at 12:00 PM |
| Start Date & Time of upload of BID | 06.09.2024 at 12:00 PM |
| End date and time of upload of BID | 26.09.2024 Up to 05:00 PM |
| BID Opening date for Technical Part (Part -I) | 27.09.2024 at 12:30 PM |
| BID Opening date for Price Part | Will be communicated later on |
| Tender Inviting Authority and address for communication | **General Manager, Transmission Zone-IV, Medininagar, Bypass Road, Sudna, Near Sinchai Vibhag, Medininagar – 822101, Jharkhand** |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website http://jharkhandtenders.gov.in. Any details / clarification required in this regard can also be obtained from the office of the undersigned during office hours. Please contact 9835768602 for any enquiry.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. Bidder shall deposit tender fee & EMD as mentioned above through online mode as per rules of e-tendering portal.
4. If there is sudden announcement of holiday by Govt. or Nigam on the date of opening of tender/ last date of submission of hard copy of bid then the next working day will be considered.
5. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

**Sd/-**
**General Manager**
**Transmission Zone-IV, Medininagar**

PR 334862 (Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd) 24-25 (D)

## समाहरणालय, गढ़वा
### (समाज कल्याण शाखा)
### जिला बाल संरक्षण इकाई, गढ़वा।

**प्रेस विज्ञप्ति**

**बाल संरक्षण सेवाए योजना अन्तर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई के अधीन विभिन्न रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदकों की प्रारंभिक सूची संबंधी दावा/आपति हेतु सूचना :–**

केन्द्र प्रायोजित समेकित बाल संरक्षण सेवाएँ योजना '' मिशन वात्सल्य'' के अन्तर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई, गढ़वा के अधीन विभिन्न रिक्त पदों पर संविदा आधारित नियुक्ति हेतु विज्ञापन संख्या–PR331028 Women, Child Development & Social Security (2024-25)D के आलोक में प्रकाशित विज्ञापन के तहत निबंधित/स्पीड पोस्ट/कुरियर डाक के माध्यम से प्राप्त आवेदनों की संवीक्षा/स्क्रुटनी के पश्चात पदवार आवेदनों की प्रारंभिक सूची तैयार करने के पश्चात जिला के अधिकारिक वेबसाईट–www.garhwa.nic.in पर अपलोड किया गया है। प्रारंभिक सूची में यदि कोई त्रुटि या अंतर हो तो दावा/आपति के तहत सुधार एवं निराकरण हेतु दिनांक–.07.09.2024 से 13.09.2024 तक कार्यालय अवधि में अपराह्न 03:00 बजे तक जिला समाज कल्याण कार्यालय, (जिला बाल संरक्षण इकाई) नया समाहरणालय भवन कल्याणपुर में मूल दस्तावेज/कागजात (छाया प्रति स्वीकार नही होगा) के साथ स्वयं उपस्थित हो कर दावा/आपति दर्ज करा सकते हैं। अन्य किसी भी माध्यम यथा ई–मेल, डाक, मोबाईल इत्यादि से भेजा गया दावा/आपति स्वीकार नहीं होगा एवं उपरोक्त निर्धारित समय सीमा के उपरान्त किसी भी प्रकार का दावा/आपति पर कोई विचार नही किया जाएगा।

PR 335038 Women, Child Development & Social Security(24-25)D

उपायुक्त,गढ़वा।

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

**3rd Call**

**e-Tender Reference No. : WRD/MID/MEDININAGAR/$F_2$-17/2024-25 Dated :- ....../09/2024**

1. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल,मेदिनीनगर।
2. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का फोन नं0 और ई–मेल आईडी :– 06562-240100 , eemidmed-cemr-jhr@nic.in
3. वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 10/09/2024 ( अपराह्न 04.00 बजे से )
4. वेबसाईट में ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 18/09/2024 ( अपराह्न 12.00 बजे तक)
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 19/09/2024 ( अपराह्न 01.00 बजे)

| क्र0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रुपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रुपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | शिव नाला तेतरियादामर पर पक्का चेकडैम का निर्माण | चैनपुर | 49,75,581.69 | 99,600.00 | 5,000.00 | 11 माह |

(1) केवल ई–निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
(2) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा ही स्वीकार्य होगी।
(3) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जवाबदेही संबंधित निविदादाता की होगी।
(4) अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार है।
(5) राज्य सरकार के द्वारा निर्गत सभी अद्यतन आदेश/परिपत्र लागु होंगे।
(6) विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मेंलॉगआन करें।

**कार्यपालक अभियंता**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर**

**PR 334929 Minor Irrigation(24-25).D**

## कार्यालय नगर पंचायत, छत्तरपुर

**Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com**

**अति अल्पकालिन दर आमंत्रण सूचना सं0 – 05/2024–25**

नगरीय प्रशासन निदेशालय के पत्रांक 1143 दिनांक 07.08.2024 के आलोक में नगर पंचायत, छत्तरपुर अंतर्गत DAY-NULM के SEP (Self Employment Program) घटक के तहत् SEP-I & SHG Credit Linkage के लाभुकों का पाँच/छः दिवसीय (30घंटा) गैर आवासीय EDP प्रशिक्षण दिया जाना है। इच्छुक एजेंसी/एन0जी0ओ0 इत्यादि 13.09.2024 को अपराह्ण 01:00 बजे तक नगर पंचायत, छत्तरपुर कार्यालय में संबंधित दस्तावेज, बन्द लिफाफे में पूर्ण पता एवं मोबाईल नं0 के साथ जमा करना सुनिश्चित करेंगें। निविदा दिनांक 13.09.2024 को अपराह्ण 03:00 बजे कार्यालय के सभागार कक्ष में खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | घटक | प्रशिक्षण | प्रति प्रशिक्षणार्थी अधिकमत अनुमान्य राशि | निविदा शुक्ल (डी0डी0) | प्रशिक्षण अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | SEP-I & SHG Credit Linkage | SEP-I – 05 SHG Credit Linkage – 04 | 3126.18 | 1000.00 | 05/06 दिन (30 घंटा) |

नियम एवं शर्तः–
1. एजेंसी/एन0जी0ओ0 इत्यादि का पंजीकरण/Affiliation हो।
2. Entrepreneurship Development Training का प्रशिक्षण देने का पर्याप्त अनुभव हो।
3. अनुभव प्रमाण–पत्र/Training Certificate देय होगा।
4. एजेंसी/एन0जी0ओ0 के अधिनस्त कार्यरत Trainer को EDP प्रशिक्षण का अनुभव एवं उसका प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा।
5. एजेंसी/एन0जी0ओ0 को नगर पंचायत, छत्तरपुर क्षेत्रान्तर्गत प्रशिक्षण के लिए Class Room ( हवादार एवं रौशनी युक्त रूम, पीने का पानी एवं शौचालय) की व्यवस्था अपने स्तर से करना होगा।
6. एजेंसी/एन0जी0ओ0 को प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी को बैच में नास्ता, खाना एवं शुद्ध पीने का पानी की व्यवस्था अपने स्तर से करना होगा।
7. एजेंसी/एन0जी0ओ0 को Stationary Kit (पेन, पेन्सिल, रबर, कटर, चाट पेपर, स्केच पेन, डायरी/कॉपी इत्यादि) की व्यवस्था अपने स्तर से करना होगा।
8. एजेंसी/एन0जी0ओ0 को एक बैच में सभी 40 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण देना होगा।
9. निविदा शुल्क डिमाण्ड ड्राफ्ट के द्वारा कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, छत्तरपुर के पदनाम देय होगा, जो Non refundable होगा।
10. एजेंसी/एन0जी0ओ0 को कार्य आवंटित करने, रद्द करने अथवा प्रशिक्षण प्रक्रिया इत्यादि में किसी भी प्रकार की परिवर्तन करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी का होगा।
11. एजेंसी/एन0जी0ओ0 का PPT Presentation तैयार कर पेनड्राईव के माध्यम से मुहरबंद लिफाफे के साथ जमा करना होगा। जिसमें विभागीय पत्रांक 1143 दिनांक 07.08.2024 के अनुरूप Training Module एवं विगत वर्शो में कराये गये प्रशिक्षण का अनुभव से संबंधित विडियो/फोटो हो।
12. एजेंसी/एन0जी0ओ0 को भुगतान विभाग द्वारा प्राप्त आवंटन के उपरांत किया जायेगा।

**कार्यपालक पदाधिकारी,**
**नगर पंचायत, छत्तरपुर**

**PR 335085 District(24-25).D**

## कार्यालय - जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा

**सूचना/विज्ञापन संख्या – 02/2024**

**दिनांक – 06.09.2024**

130 पारा लीगल वोलेंटियर के प्रशिक्षण हेतू इच्छूक स्थानीय अभ्यर्थियों से निम्नांकित स्व–हस्तलिखित/टंकित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। प्रशिक्षण के लिए चयनित अभ्यर्थियों से यह अपेक्षा नहीं की जाती कि वे विधि पेशेवर की तरह कार्य करें तथा अधिवक्ता पारा लीगल वोलेंटियर के लिए योग्य नहीं है।

योगयता :
1. अभ्यर्थी साक्षर हो परन्तु वैसे अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी जो मैट्रिक तथा उससे उच्चतर योग्यता रखते हों तथा उनमें समझने एवं समझाने की क्षमता हो। शिक्षक/सेवा निवृत शिक्षक/सेवा निवृत लोक सेवक/वरिष्ठ नागरिक/ एम0एस0डब्ल्यू0 छात्र/आंगनबाड़ी सेविका/चिकित्सक/विधि छात्र जो अधिवक्ता के रूप में पंजीकृत नहीं हैं। गैर–राजनीतिक संगठन/एन0जी0ओ0/क्लब/मार्जिनलाईज्ड ग्रुप के सदस्य/महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्य/सजायाफता कैदी जिनका आचरण अच्छा हो/कोई भी व्यक्ति जिन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकार पारा लीगल वोलेंटियर के पद पर सुयोग्य पाए, पारा लीगल वोलेंटियर के लिए आवेदन कर सकते हैं।
2. वैसे अभ्यर्थियों को भी प्राथमिकता दी जाएगी जो पारा लीगल वोलेंटियर के कार्य को आर्थिक आय का श्रोत नहीं समझेंगे।

आवेदन कैसे करे :
1. आवेदन डाक या हाथो–हाथ दोनों माध्यम से स्वीकार की जाएगी तथा लिफाफे के ऊपर स्पष्ट अक्षरों में पारा लीगल वोलेंटियर के लिए आवेदन पत्र लिखा होना चाहिए।
2. आवेदन स्व–हस्तलिखित या टंकित प्रारूप में ही स्वीकार किये जायेंगे।
3. अपना दो अद्यतन पासपोर्ट साईज फोटो आवेदन के साथ संलग्न करें।
4. आवेदन निम्न पते पर भेजें – अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा। पिन–822114

आवेदन की अंतिम तिथि – 13.09.2024

**यहां पर अपना अद्यतन पास्पोर्ट साईज फोटो चिपकायें**

आवेदन का प्रारूप

1. नाम – ............................................
2. पिता/पति का नाम – ............................................
3. जन्मतिथि एवं उम्र (विज्ञापन की तिथि के दिन) – ............................................
4. लिंग – ............................................
5. राष्ट्रीयता – ............................................
6. स्थायी पता – ............................................
7. पत्राचार का पता (दूरभाष के साथ) – ............................................
8. ई–मेल – ............................................
9. शैक्षणिक योग्यता – ............................................शैक्षणिक योग्यता से संबंधित दस्तावेजों की छायाप्रति स्व–अभिप्रमाणित कर अवश्य संलग्न करें)
10. विशेष योग्यता – ............................................
11. कोटि (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ा वर्ग/अत्यन्त पिछड़ा वर्ग/सामान्य) – ............................................

नोट : उपरोक्त आवेदन पारा लीगल वोलेंटियर के प्रशिक्षण के लिए है, न कि नियोजन के लिए। पी0एल0वी0 के कार्य के लिए कोई वेतन, पारिश्रमिक या मजदूरी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा निर्धारित मानदेय के अलावा देय नहीं होगा।

दिनांक ..................
स्थान ..................

**अभ्यर्थी का हस्ताक्षर**

**आदेशानुसार**
**सचिव**
**जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा**

**PR 334963 Law(24-25).D**

## संक्षिप्त समाचार

### पीके का कोई राजनीतिक भविष्य नहीं : राजीव

**पटना /दिल्ली, एजेंसी।** जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि बिहार में जन सुराज अभियान के संस्थापक प्रशांत किशोर का कोई भविष्य नहीं है. उनकी हरकतें बचकानी है. केसी त्यागी के स्थान पर बिहार की सत्तारूढ़ पार्टी का राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त किए जाने के बाद पहली बार दिल्ली पहुंचे राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि एनडीए में मतभेदों को लेकर भले ही तमाम तरह की अटकलें लगायी जाये, लेकिन विकसित भारत और विकसित बिहार के संकल्प के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह अत्यंत विश्वसनीय और सुदृढ़ गठबंधन है. श्री प्रसाद ने कहा कि हमारा गठबंधन देश और बिहार के हित में है. विकसित बिहार की उम्मीद नीतीश कुमार की अगुवाई में ही संभव है. इस बार के बजट में जो प्रावधान हैं, उनसे इस उम्मीद को ताकत मिली है. उन्होंने कहा कि विभिन्न मुद्दों पर राजग के घटक दलों में छोटी-मोटी असहमतियां स्वाभाविक हैं, लेकिन यह टकराव का कारण नहीं बनेंगी और मिल-बैठकर इनका भी समाधान निकाल लिया जायेगा. श्री प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राजग गठबंधन अत्यंत विश्वसनीय और सुदृढ़ है. प्रशांत किशोर के बिहार के संदर्भ में किये जा रहे दावों और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ की जा रही उनकी टिप्पणियों पर श्री प्रसाद ने उनपर तंज कसते हुए कहा कि कोशिश हर व्यक्ति को करनी चाहिए. वह भी कर रहे हैं. लेकिन, अभी तक वह चुनावी रणनीतिकार की भूमिका में रहे हैं. श्री प्रसाद ने कहा कि झारखंड का आगामी विधानसभा चुनाव भाजपा और जदयू मिलकर लड़ेंगे और इस बारे में सैद्धांतिक तौर पर सहमति बन गयी है.

### 1.5 लाख और शिक्षकों की होगी नियुक्ति : मंत्री

**पटना , एजेंसी।** शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा है कि राज्य सरकार डेढ़ लाख और शिक्षकों की नियुक्ति करेगी. टीआरइ थ्री का रिजल्ट जल्दी जारी करने के लिए शिक्षा विभाग ने बीपीएससी से आग्रह किया है. शिक्षा मंत्री ने यह बातें एसकेएम हॉल के बाहर संवाददाताओं से चर्चा के दौरान गुरुवार को कही . शिक्षा मंत्री ने अतिथि शिक्षकों के बारे में पूछे गये सवाल के उत्तर में कहा कि उन्हें परीक्षा देकर ही सिलेक्ट होना होगा. उन्हें अनुभव का वेटेज दिया जाता है. स्कूल की टाइमिंग के बारे में उन्होंने दो टूक कहा कि इसमें राइट टू एजुकेशन के नियम का ध्यान रखा जा रहा है. डोमिसाइल पॉलिसी के संदर्भ में कहा कि नियुक्त शिक्षकों में अधिकतर बिहार के हैं. उन्होंने संकेत दिये कि सरकार अभी अपनी पॉलिसी पर कायम है. विधान परिषद में स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के विधान पार्षदों के साथ हाल ही में हुई बैठक के संदर्भ में उन्होंने कहा कि वित्तरहित सहित कई मुद्दों पर बातचीत की गयी है. उन्होंने अपनी कई समस्याएं रखीं हैं . हम उनका समाधान करेंगे. वित्तरहित कॉलेजों के लिए दो साल की राशि रिलीज कर रहे हैं. एक सवाल के जवाब में कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बिहार की उपलब्धियां शानदार रही हैं. वर्ष 2001 में राज्य की महिला साक्षरता 34 प्रतिशत थी. यह दर 75 प्रतिशत हो गयी है. उस दरम्यान ड्राप आउट 12 प्रतिशत था. अब एक प्रतिशत से कम है. राज्य में शिक्षकों की संख्या वर्ष 2001-02 में डेढ़ लाख थी. अब 5.77 लाख हो चुकी है.

### अधिकारी जनता की तकलीफों को दूर करें : दिलीप जायसवाल

**पटना , एजेंसी।** राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ दिलीप कुमार जायसवाल ने विभागीय अधिकारियों का आह्वान किया है कि वो आम जनता की तकलीफों का विशेष ध्यान रखें और उनकी समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर करें. अपने काम के लिए अंचल आये लोगों के साथ मर्यादित तरीके से व्यवहार करें. गुरुवार को राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री ने मासिक प्रगति प्रतिवेदन के आधार पर दो अंचल अधिकारियों को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया. मासिक रैंकिंग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले फुल्लीडुमर अंचल के अंचल अधिकारी मनोज कुमार एवं चतुर्थ स्थान प्राप्त करनेवाली अमरपुर की अंचल अधिकारी कुमारी रजनी को सम्मानित किया गया. बैठक में मौजूद बिहार के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने कहा कि भूमि विवादों के समाधान के लिए थाना स्तर पर थानाप्रभारियों एवं अंचल अधिकारियों की हो रही संयुक्त बैठकों को और प्रभावी बनाया जायेगा. कई अंचल अधिकारियों ने मुख्य सचिव को बताया कि इन साप्ताहिक बैठकों में संबंधित थाना प्रभारी अनुपस्थित रहते हैं. इसे मुख्य सचिव द्वारा गंभीरता से लिया गया.

# डीएम और एसएसपी ने किया निरीक्षण रनवे की लंबाई 4000 फीट बढ़ेगी

## 12 हजार फीट होते ही अंतरराष्ट्रीय विमानों का ऑपरेशन शुरू होगा



**पटना, एजेंसी।** बिहटा एयरपोर्ट के रनवे की लंबाई 4000 फीट बढ़ाई जाएगी। इसके लिए 190.50 एकड़ जमीन का अधिग्रहण होना है। अभी रनवे की लंबाई 8000 फीट है, जिसे 4000 फीट बढ़ाकर 12000 फीट करना है। सभी मौसम में एयरबस 120, बोइंग 737 और अंतरराष्ट्रीय विमानों के ऑपरेशन के लिए रनवे की लंबाई 12000 फीट होनी चाहिए। रनवे की लंबाई बढ़ाने के लिए 400 मीटर लंबी और 1500 मीटर चौड़ी भूमि की आवश्यकता है। इस कारण 190.50 एकड़ जमीन का अधिग्रहण करना है, जिसकी प्रक्रिया जिला प्रशासन द्वारा शुरू की गई है। मनेर एनएच का वैकल्पिक मार्ग तलाशने में भी जुटा प्रशासन : गुरुवार को डीएम डॉ. चंद्रशेखर सिंह और एसएसपी राजीव मिश्रा ने स्थल निरीक्षण किया। डीएम ने कहा कि एयरपोर्ट की वर्तमान जमीन के पूरब और पश्चिम निरीक्षण किया गया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और आमलोगों से बातचीत की गई है। शुक्रवार को भी जिला स्तरीय टीम स्थल निरीक्षण करेगी। इस टीम को एक सप्ताह में रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया है। इसी रिपोर्ट के आधार पर जिला प्रशासन द्वारा निर्णय लिया जाएगा कि एयरपोर्ट के किस छोर पर कितनी जमीन का अधिग्रहण करना है। इस मौके पर दानापुर के एसडीओ, एसडीपीओ, बिहटा के सीओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### रन-वे 12 हजार फीट होने से ये फायदे

1. एयरबस 120 और बोइंग 737 विमानों का ऑपरेशन होगा।
2. अंतरराष्ट्रीय विमान का भी ऑपरेशन शुरू हो जाएगा।
3. 350 मीटर की विजिबिलिटी में भी फ्लाइट की लैंडिंग और टेकऑफ होगा।
4. अभी रनवे की लंबाई 8000 फीट है। क्षमता 25 लाख है।
5. रनवे 12 हजार फीट होने से क्षमता 80 लाख की हो जाएगी।

पटना एयरपोर्ट का रनवे अभी 6800 फीट, इसलिए बिहटा में नया बनाने की जरूरत

पटना का रनवे और बढ़ नहीं सकता है। ऐसा इसलिए कि आगे की ओर रोड और आबादी है।

एयरबस 120 और बोइंग 737 इंटरनेशनल विमानों के ऑपरेशन नहीं होता है।

180 सीटों के ही विमानों का ऑपरेशन होता है।

विजिबिलिटी कम से कम 1000 मीटर चाहिए लैंडिंग-टेकऑफ के लिए।

अभी क्षमता 30 लाख है।

### प्रस्तावित रन-वे की पूरब तरफ एक तो पश्चिम में तीन गांव व एनएच चुनौती

एयरपोर्ट के प्रस्तावित रनवे के पूरब शर्फुद्दीन गांव है। इस गांव के पूर्वी और पश्चिमी छोर पर संभावनाओं को देखा गया है। पूर्वी छोर पर 90 पक्के और 40 कच्चे मकानों के साथ कुछ अन्य संरचनाएं भी हैं। गैस पाइपलाइन भी एलाइनमेंट में आ रही है। इस गांव के पश्चिमी छोर पर घरों की संख्या कम है, जिनकी गणना की जाएगी। एयरपोर्ट के प्रस्तावित रनवे के पश्चिम तीन गांव कोरहर, गोखुलपुर और मठिया हैं, जिनमें 200 से अधिक पक्के मकान बने हैं। बिहटा-मनेर एनएच भी इसी तरफ है। इन गांवों को शिफ्ट करने के बिहटा-मनेर एनएच को शिफ्ट करना होगा।

### टर्मिनल बिल्डिंग के निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू

बिहटा एयरपोर्ट के लिए 108 एकड़ जमीन उपलब्ध कराई गई है। 8 एकड़ अतिरिक्त जमीन भी उपलब्ध कराई जा रही है। टर्मिनल बिल्डिंग का निर्माण कार्य समय से शुरू होगा। इसके लिए निविदा की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। डीएम ने कहा कि 191 एकड़ जमीन खोजने की प्रक्रिया के कारण टर्मिनल बिल्डिंग के निर्माण कार्य में कोई बाधा नहीं आएगी। दोनों समानांतर रूप से चलता रहेगा।

# बेगूसराय में सड़क पर घूम रहा खूंखार कुत्ता; दो पुलिसकर्मी सहित 45 को बना चुका शिकार



**बेगूसराय, एजेंसी।** बेगूसराय में कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। नगर निगम आवारा कुत्तों को पकड़ने में निष्क्रिय बना हुआ है, जिससे बेगूसराय के लोगो में ना सिर्फ नाराजगी है बल्कि डर का भी माहौल बना हुआ है। बेगूसराय में बृहस्पतिवार को लगभग चालीस से पैतालीस लोगों को आवारा कुत्तों ने अपना निशाना बनाया है। सरकारी आंकड़ों के हिसाब से कुत्ते के काटने से बेगूसराय सदर अस्पताल में दो पुलिस कर्मी सहित कुल 25 लोगों का इलाज किया गया है।

### मेयर के उदासीन रवैये से हैं लोग परेशान

कुछ मरीजों का कहना है कि कई आवारा कुत्ते इतने खतरनाक होते है कि वह जहां काटते हैं, वहां से शरीर का मांस नोच लेते हैं। इतना ही नहीं, कुत्ते इतना शातिर होते हैं कि वह अनायास ही शरीर के विभिन्न हिस्सों को अपना निशाना बना लेते हैं। फिलहाल बेगूसराय की गलियों में खतरनाक कुत्तों से लोग सहमे हुए हैं और बेगूसराय मेयर को कोस रहे हैं। उनका कहना है कि नगर निगम मेयर को इनसब समस्याओं से कोई मतलब नहीं है।

### एक दिन में दो पुलिसकर्मी सहित 25 लोग बने आवारे कुत्तों के शिकार

बृहस्पतिवार को सुबह से कुत्ता काटने के मरीजों की संख्या अचानक बढ़ने लगी। शाम होते-होते यह संख्या अप्रत्याशित हो गई। इस संबंध में अस्पताल के डॉक्टर चंदन कुमार चौधरी ने बताया कि बेगूसराय में बृहस्पतिवार को कुल 25 कुत्ता काटने के मरीज का इलाज किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि बरसात के मौसम में सड़क किनारे सड़ी गली चीज या इनफेक्टेड चीज खाने से कुत्तों की ऐसी हालत होती है, जिस वजह से वह लोगों को काटने लगते हैं। हालांकि इससे बचाव के लिए बेगूसराय अस्पताल में रैबीज की दवा मौजूद है। वही कुत्ता काटने के बाद सदर अस्पताल पहुंचे मरीज परेशान और डरे सहमे नजर आए। अधिकतर मरीजों का कहना था कि वह अपने काम या घरेलू सामान की खरीद बिक्री के लिए घर से बाहर निकले थे तभी अनायास कुत्ते ने उन पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

# बाइपास पर हुई लूट मामले में फरार पांचवां अभियुक्त गिरफ्तार

**बांका , एजेंसी।** औद्योगिक प्रक्षेत्र (जीरोमाइल) थाना क्षेत्र स्थित बाइपास पर एक माह पूर्व 4 अगस्त को बाइकसवार से हुई लूट के मामले में पुलिस ने फरार पांचवें अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया. बुधवार देर रात हुई गिरफ्तारी के बाद गुरुवार को उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया. मामले की जानकारी देने के लिए भागलपुर पुलिस की ओर से इस संबंध में एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की गयी. इसमें बताया गया कि मामले में पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजे गये चार आरोपितों के बाद पुलिस को कांड में शामिल पांचवें अभियुक्त और लूटे गये मोबाइल की तलाश थी. पुलिस ने मामले में जांच जारी रखी और थाना क्षेत्र के ही गोपालपुर के रहने वाले विश्वजीत कुमार के पास से लूटी गयी मोबाइल की बरामदगी की गयी. गहन पूछताछ में उसने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार भी की है. बांका जिला के पंजवारा निवासी शंभू नाथ दास की बाइक जिला निर्वाचन कार्यालय परिसर से बुधवार दिन में चोरी हो गयी. इस संबंध में उन्होंने जोगसर थाना में केस दर्ज कराया है. मुंदीचक के एनसी चटर्जी रोड निवासी दीनानाथ तिवारी की बाइक जिला व्यवहार न्यायालय के गेट नंबर 3 के बाहर से 30 अगस्त को चोरी हुई थी. वहीं सकरुल्लाचक निवासी अयाज खान की बाइक 3 सितंबर को तिलकामांझी हटिया रोड से चोरी हो गयी थी. दोनों ही मामलों में तिलकामांझी थाना में केस दर्ज कराया गया है.

**शादी नीयत से बेटी को अगवा करने का आरोप :** मुंदीचक इलाके के रहने वाले एक पिता ने अपनी बालिग पुत्री के अपहरण का केस दर्ज कराया है. दिये गये आवेदन में उन्होंने भीखनपुर निवासी मोहित कुमार दास नामक युवक को नामजद आरोपित बनाया है. उसके विरुद्ध उनकी बेटी को शादी की नीयत से अगवा करने का केस दर्ज कराया है. उन्होंने बताया कि विगत 27 अगस्त से ही उनकी बेटी लापता है. 21 सूत्री मांगों को लेकर होमगार्ड जवानों की हुई बैठक बिहार रक्षा वाहिनी स्वयं सेवक संघ (होमगार्ड) के जिला शाखा की बैठक गुरुवार को सैंडिस कंपाउंड में आयोजित की गयी. इसमें समान काम के समान वेतन सहित होमगार्ड जवानों की 21 सूत्री मांगों को लेकर चलाये जा रहे आंदोलन पर विस्तृत चर्चा की गयी.

### बिहार में आंगनबाड़ी सेविकाओं को फिर मिलेगा नया स्मार्टफोन, जल्द टेंडर होगा जारी

**पटना , एजेंसी।** बिहार राज्य के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों की सेविकाओं को जल्द ही नया मोबाइल मिलेगा. समाज कल्याण विभाग इसको लेकर जल्द ही टेंडर जारी करने वाला है. विभागीय सूत्रों के मुताबिक वित्त विभाग की मंजूरी के बाद जल्द ही नए मोबाइल खरीद और बांटे जाने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी. विभाग के अनूसार सरकार ने सभी सेविकाओं को 2019 में स्मार्ट फोन दिया गया था, ताकि सेविका पोषण ट्रैकर पर केंद्र के कामकाज का पूरा ब्योरा हर दिन अपलोड कर सकें. जानकारी के मुताबिक हाल के दिनों में गया, पूर्णिया, अररिया, भागलपुर, मुजफ्फरपुर सहित लगभग सभी जिलों में सेविका मोबाइल लौटाने के लिए बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के पास स्मार्ट फोन जमा करने पहुंच रही हैं. पर इनका मोबाइल जमा नहीं लिया जा रहा है. पूर्णिया जिला में लगभग 3500 से अधिक आंगनबाड़ी केंद्र हैं. जब यहां की सेविका जब बारी- बारी से बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के पास मोबाइल जमा करने पहुंची, तो वहां उन्हें यह कहकर मना कर दिया गया कि विभाग की ओर से इस संबंध में कोई निर्देश नहीं आया है. इसको लेकर पूर्णिया बिहार राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन ने आइसीडीएस को पत्र भेजा है, जिसमें कहा है कि पांच वर्ष बीत जाने के बाद सभी मोबाइल की स्थिति खराब है. ऐसी स्थिति में सभी जिलों से ऑनलाइन रिपोर्ट भेजना मुश्किल है.

# कानून-व्यवस्था को लेकर मुख्य सचिव ने की बैठक:पेंडिंग केस कम करने के निर्देश

### गश्ती वाहनों में जीपीएस डिवाइस लगाना अनिवार्य



**पटना, एजेंसी।** बिहार के नए मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा पदभार संभालते ही एक्शन में आ गए हैं। गुरुवार को उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अधिकारियों के साथ कानून-व्यवस्था पर बैठक की। इस दौरान उन्होंने पेंडिंग मामलों को जल्द से जल्द निपटाने के निर्देश दिए।

### बैठक में डीजीपी समेत कई अधिकारी मौजूद

मुख्य सचिव की इस बैठक में राज्य के सभी प्रमंडलीय आयुक्त,आईजी, डीआईजी, डीएम, एसएसपी, एसपी के साथ लॉ एंड ऑर्डर से जुड़े तमाम अधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा डीजीपी, गृह विभाग के प्रधान सचिव, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के सचिव और अपर पुलिस महानिदेशक भी मौजूद थे।

### 2 लाख 67 हजार एफआईआर पेंडिंग

मुख्य सचिव ने अनुसंधान के लिए लंबित लगभग 2 लाख 67 हजार मामलों में तेजी लाने का निर्देश दिया है। उन्होंने डीजीपी से कहा है कि अगले 6 माह के अंदर लंबित मामलों की संख्या एक लाख तक की जाए। राज्य में पहले करीब आठ हजार अनुसंधानकर्ता अधिकारी थे। जिसे पिछले डेढ़ वर्ष में सरकार ने बढ़ाकर लगभग 23 हजार कर दिए हैं।

**एसएसपी और एसपी को भी निर्देश दिया :** मुख्य सचिव ने नन बेलेबल वारंट पर तेजी से काम करने को कहा है। बिहार में विभिन्न थानों में कुल लंबित लगभग 86,000 वारंट हैं। जिसे तेजी से निपटाने का आदेश दिए हैं। स्पीडी ट्रायल की समीक्षा करते हुए इसमें और तेजी लाने की रणनीतियों पर चर्चा की गई। इसके अलावा एसएसपी और एसपी से भूमि विवाद पर रोक लगाने को कहा गया है। निर्देश दिया गया है कि भूमि विवाद को प्रभावी रूप से निपटाने के लिए हर शनिवार थाना स्तर पर शिविर लगाया जाए, क्योंकि अब तक इन शिविरों के माध्यम से लगभग 40 हजार से अधिक मामलों का निष्पादन किया जा चुका है।

**गश्ती वाहनों में जीपीएस डिवाइस लगाना अनिवार्य :** बैठक में इस बात पर भी जोर दिया गया कि थानों के गश्ती वाहनों और डायल 112 वाहनों में जीपीएस डिवाइस लगाना अनिवार्य किया जाए। ताकि जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष से इन वाहनों की आवाजाही पर नजर रखी जा सके। जहां थाना भवन बनाने के लिए जमीन नहीं है, वहां डीएम को दो माह के भीतर जमीन उपलब्ध कराने को कहा गया है।

# तैयार किया जा रहा है विस्तृत प्लान:भागलपुर और सुल्तानगंज स्टेशन में ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा



**भागलपुर, एजेंसी।** भागलपुर सहित सुल्तानगंज स्टेशन में ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए सोलर पावर प्लांट लगाए जाएंगे। साथ ही बांका, हंसडीहा, सबौर, एकचारी व घोघा सहित 10 स्टेशनों में सोलर पावर प्लांट लगाने के लिए सर्वे किया जाएगा। सोलर पावर प्लांट से स्टेशन में यात्री प्रतीक्षालय, कॉनकोर्स एरिया में भी बिजली पहुंचाई जाएगी। प्लेटफार्म में लगे बिजली के उपकरणों को भी सोलर एनर्जी से चलाया जाएगा। रेलवे भागलपुर स्टेशन में 500 किलोवाट का सोलर पावर प्लांट लगाएगा। इसके लिए विस्तृत प्लान तैयार किया जा रहा है। सुल्तानगंज स्टेशन में भी 100 किलोवाट का छोटा सोलर पावर प्लांट लगाया जाएगा। रेलवे ये काम ग्रीन एनर्जी और सेव एनर्जी को देखते हुए करा रहा है। अभी भागलपुर में 650 किलोवाट बिजली की खपत होती है। जिससे हर माह करीब 16 से 17 लाख बिजली का बिल जमा किया जाता है। ये सोलर पावर प्लांट आन ग्रिड की तर्ज पर लगाया जाएगा। स्टेशन पर यात्रियों की बिजली की जरूरत को पूरा करने के लिए सोलर प्लांट से सप्लाई होगी। इसी के साथ कई विभागों और कार्यालयों में बिजली की सप्लाई इसी से होगी। अभी भागलपुर और सुल्तानगंज स्टेशन में छोटा सा सोलर पैनल लगा है। जहां से सिग्नल विभाग को बिजली सप्लाई की जाती है। नये प्लांट से स्टेशन की बिजली की खपत को कम किया जा सकेगा। भागलपुर स्टेशन में स्टेशन बिल्डिंग, रनिंग रूम, कोचिंग कार्यालय, वाटर प्लांट, डब्ल्यूपीओ का इलेक्ट्रिकल सब स्टेशन, प्रशासनिक भवन, पावर हाउस कार्यालय, डीजल जनरेटर कक्ष, नया प्रशासनिक भवन, रेलवे अस्पताल व हेल्थ यूनिट, कंस्ट्रक्शन रेस्ट हाउस, एएसटीई कार्यालय, सहायक अभियंता कार्यालय, सीनियर सेक्शन इंजीनियर वर्क्स कार्यालय, आरपीएफ बैरक, एस एंड टी कार्यालय, 33केवी सब स्टेशन में सोलर प्लांट से पैदा होने वाली बिजली की सप्लाई की जाएगी। दूसरी ओर सुल्तानगंज स्टेशन में असंबेली ब्लाक, आरपीएफ बैरक व स्टेशन बिल्डिंग में सोलर पावर की स्थापना की जाएगी।इन स्टेशनों पर भी लगेंगे प्लांट पौड़ेयाहाट, हंसडीहा, बांका, बरियारपुर, सबौर, एकचारी, घोघा, टेकानी, बाराहाट व गोड्डा में भी सोलर पावर प्लांट लगाया जाएगा।

# दहेज के लिए एसकेएमसीएच के नर्सिंग ट्यूटर को दारोगा पति ने बेरहमी से पीटा

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** एसकेएमसीएच में पोस्टेड नर्सिंग ट्यूटर स्वीटी को उसके दारोगा पति चंदन कुमार व ससुरालवालों ने बेरहमी से पिटाई कर दी है. दहेज में 20 लाख नकदी, कार व सैलरी नहीं देने उनके साथ यह मारपीट की गयी है. मामले को लेकर स्वीटी कुमारी ने महिला थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है. इसमें नालंदा जिले के चंडी थाना के गोनकुरा निवासी दारोगा पति चंदन कुमार समेत सात लोगों को नामजद आरोपी बनाया है. थाने में दर्ज प्राथमिकी में स्वीटी ने बताया है कि उसका मायका अहियापुर थाना के उमा नगर डॉक्टर्स कॉलोनी में है. वह एसकेएमसीएच में नर्सिंग ट्यूटर के पद पर कार्यरत है. उसकी शादी 22 जून 2023 को पटना के एक विवाह भवन से संपन्न हुई थी. शादी में उसके पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार करीब 25 लाख रुपये खर्च किये थे. वहीं, शादी से पहले उसके ससुर ने पिता से नौ लाख रुपये लिये जो अभी तक नहीं लौटाये हैं. शादी करके जब वह ससुराल आयी तो सारा आभूषण उसकी सासु अपने पास रख ली. इसके बाद दहेज में 20 लाख रुपये व कार की मांग को लेकर उसको प्रताड़ित किया जाने लगा. ससुराल वाले उससे सैलरी का भी डिमांड करते हैं. रुपये नहीं देने पर उसको जानवरों की तरह मारा - पीटा जा रहा था. 17 जुलाई की रात्रि उसको सभी आरोपियों ने बेरहमी से पीटा. गर्दन में दुपट्टा फंसा कर पीटने से वह बेहोश हो गयी. देर रात जब होश में आयी तो अपने मायकेवालों को सूचना दिया. तब चणडी थाने की पुलिस पहुंची और उसकी जान बचायी.

## संक्षिप्त समाचार

### छह चयन पर्षद केंद्रों पर 10 सितंबर से शुरू होगी शारीरिक दक्षता परीक्षा

**रांची, एजेंसी।** एडीजी ने कहा कि पहले शारीरिक दक्षता परीक्षा में एक केंद्र पर 6000 अभ्यर्थी एक साथ भाग लेते थे. लेकिन, अब 3000 अभ्यर्थियों को ही शामिल किया जायेगा. वहीं, अभ्यर्थियों को सुबह 7ः00 बजे के पहले अपने केंद्रों पर रिपोर्टिंग करनी होगी. ताकि पंजीयन आदि कर शारीरिक जांच परीक्षा सुबह 9ः00 बजे या इसे पहले संपन्न करा लिया जायेगा.एडीजी ने कहा कि अब तक जिन अभ्यर्थियों की मृत्यु हुई है, उनकी मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है. पोस्टमार्टम के बाद आगे की जांच हो रही है. यह अनुमान लगाया गया है कि जिनकी भी आकस्मिक मौत हुई है, उसका कारण संभवतः हृदय गति का रुकना है. ऐसा कई बार लंबी बीमारी व फेफड़ों में इंफेक्शन की वजह से हो सकता है. इसलिए सभी प्रतिभागियों के लिए परामर्श जारी किया गया है.

### राजापुर में तीन माह से डीओ ऑफर नहीं भेजने पर मजदूरों का हंगामा, काम ठप कराया

**धनबाद, एजेंसी।** बीसीसीएल की राजापुर कोलियरी में तीन माह से डीओ ऑफर नहीं भेजने से आक्रोशित असंगठित मजदूरों ने गुरुवार को जश्रसं के बैनर तले लोडिंग प्वाइंट पर जमकर हंगामा किया. मजदूरों ने पांच घंटे तक उत्पादन के अलावा ट्रांसपोर्टिंग ठप करा दी. परियोजना में खड़े वाहनों को बाहर निकाल दिया. सूचना पाकर पीओ केके सिंह पहुंचे और मजदूरों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन मजदूर अड़े रहे. मजदूरों का आक्रोश देख पीओ वहां से निकल गये. बाद में बस्ताकोला के प्रभारी महाप्रबंधक एके शर्मा राजापुर में आंदोलनकारियों से वार्ता की. उन्होंने कोयला भवन अधिकारियों से भी बात की. कोयला भवन से डीओ ऑफर भेजने की स्वीकृति मिलते ही दस हजार टन आरओएम कोयला का ऑफर भेजा. इसके बाद परियोजना का काम चालू हुआ. आंदोलन का नेतृत्व कर रहे मनोज गोप व रंजीत सिंह ने कहा कि तीन माह से डीओ आफर नहीं भेजने से 550 मजदूरों के समक्ष रोजी रोटी की समस्या उत्पन्न हो गयी थी. मौके पर दिनेश चौहान, गनौरी चौहान, बीरू दास, चंदन सिंह, किष्टो भुईयां, अशोक कुमार, प्रदीप गोप, बिजय पासवान, लखपतिया देवी, लक्ष्मी देवी आदि थे.

### भूली में मिली सिर कटी लाश का पुलिस ने किया अंतिम संस्कार, नहीं हो सकी है पहचान

**भूली, एजेंसी।** भूली ओपी क्षेत्र के पांडरपाला दास टोला स्थित पंपू तालाब में 31 अगस्त को मिला महिला का कटा सिर और दूसरे दिन एक सितंबर को मिला धड़ आज भी पुलिस के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है. इस मामले में आरोपित इरफान अंसारी उर्फ कल्लू के पकड़े जाने पर पुलिस को इस बात की तो जानकारी मिली कि उक्त महिला एक सेक्स वर्कर थी. इरफान उसे पैसे देकर अपने साथ लाया था और अपनी प्रेमिका के परिजनों को फंसाने के लिए उसकी हत्या कर दी थी, पर इरफान ने पुलिस को यह नहीं बताया कि उक्त महिला किस धर्म की थी, इस वजह से पुलिस काफी संशय में थी कि उक्त लाश को जलाया जाये या फिर दफनाया जाये. अंततः गुरुवार को उक्त महिला की लाश को भूली पुलिस ने जला दिया. इधर, इस पूरे मामले में एक बार फिर धनबाद में चल रहे सेक्स रैकेट का पता चला है. इस संबंध में पुलिस ने भी धनबाद स्टेशन और अन्य इलाकों में पूछताछ और छापेमारी अभियान चलायी थी. इस पूछताछ में यह पता चला कि धनबाद से सटे राज्य बंगाल के कुछ इलाके से सेक्स वर्कर प्रतिदिन धनबाद आती हैं और फिर दूसरे दिन यहां से चली जाती हैं.इस मामले में इधर भूली की पुलिस ने बताया कि जांच-पड़ताल जारी है, जल्द पुलिस उक्त महिला की पहचान सामने लायेगी जिसकी हत्या हुई है. उनके अनुसार पुलिस उक्त महिला और उसके साथ जुड़े लोगों तक पहुंच चुकी है. सूत्रों के अनुसार जांच-पड़ताल के बाद यह बात सामने आयी है कि धनबाद रेलवे स्टेशन के पास से ही उक्त महिला को आरोपित अपने साथ ले गया था.जानकारों के अनुसार धनबाद में सेक्स रैकेट चलाने वालों का जाल है. ये लोग गरीब लड़कियों को फंसा कर यहां लाते हैं और उन्हें ऊंची कीमतों पर लोगों के पास भेजते हैं.

# पांच सालों में अपने होने का एहसास तक नहीं करा सकी हेमंत सरकार : सुदेश महतो



**रांची, एजेंसी।** सरकार अपने कार्यकाल के अंतिम महीने में है लेकिन इन पांच सालों में यह सरकार जनता के बीच अपने होने का अहसास तक नहीं करा पाई है। इनका होना न होना किसी के जीवन में अंतर पैदा नहीं कर पाया। हमारी तैयारी लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाकर इस व्यवस्था को बदलने की है। गुरूवार को ये बातें आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहीं। वे टुंडी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत निछानी स्कूल ग्राउंड में आयोजित मिलन समारोह में बोल रहे थे। इस दौरान जिला परिषद सदस्य मो. इसराफिल (लाला) ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ली।

**इस धरती ने देश को रौशन किया है :** उन्होंने कहा कि रत्नगर्भा इस धरती ने देश को रोशन किया है। यहां के लोगों की सेवा, कल्याण और उत्थान हमारी प्राथमिकता है। विस्थापित परिवारों को पीने का शुद्ध पानी, स्वच्छ हवा, विद्यालय और अस्पताल जैसी मूलभूत सुविधाओं की कमी न हो इसे सुनिश्चित करना होगा। आम लोगों के जीवन को संवारना पड़ेगा। जनता के हित के लिए राजनीतिक वातावरण को बदलने की आवश्यकता है। सरकार को राज्य की दूरगामी भविष्य की कोई चिंता नहीं है। राज्य को फिर से विकासशील बनाने के लिए हम सभी को मिलकर काम करना है। जनता को अब इस सरकार पर भरोसा नहीं है।

**हर वर्ग की बेहतरी के लिए काम करनेवाली पार्टी है भाजपा :** मिलन समारोह में सदस्यता लेनेवाले मो. इसराफिल का पार्टी में स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि तुष्टिकरण नहीं समाज के हर वर्ग को साथ लेकर उनकी बेहतरी के लिए काम करने वाली पार्टी है आजसू। हमारी राजनीति आपके बेहतर भविष्य के लिए समर्पित है। राज्य के वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य को बदलने के लिए आप सभी साथियों का योगदान अहम है। मो. इसराफिल इस क्षेत्र के वासियों की आस और उम्मीद हैं।

**आजसू का हिस्सा बनना मेरे लिए गर्व की बात :** पार्टी की सदस्यता लेने वाले मो. इसराफिल ने कहा कि हर धर्म, हर समाज, हर वर्ग की भलाई की बात करने वाली आजसू पार्टी का हिस्सा बनना मेरे लिए गर्व की अनुभूति है। मेरे साथ शामिल हुए सभी लोग पार्टी की नीति और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगे। पार्टी द्वारा भविष्य में जो भी जिम्मेदारी दी जाएगी उसका निर्वहन सच्ची निष्ठा से करेंगे।

**करम महोत्सव खेल महागूंज सह सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह सम्पन्न :** सुदेश महतो बेरमो के बिनोद बिहारी महतो फुटबॉल मैदान में आयोजित करम महोत्सव खेल महागूंज सह सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम में सुदेश ने कहा कि करम पर्व प्रकृति के प्रति हमारे समर्पण का प्रतीक है। यह पर्व हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। हमारी संस्कृति हमारी पहचान है। इसे अक्षुण्ण रखने के साथ ही इसके विस्तार की दिशा में काम करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। हमारी समृद्ध कला-संस्कृति हमारा पर्यटन बन सकता है।

इसके लिए दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ कई प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता है। आज इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी सम्मानित शिक्षकों को मेरा प्रणाम है। शिक्षक के कंधों पर देश के भविष्य को तैयार करने और समाज को सही दिशा दिखाने की जिम्मेदारी है। आप अपने समर्पण, लगन और मेहनत से बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ ही सामाजिक ज्ञान से भी अवगत कराते हैं।

हमारी संस्कृति में गुरु का ओहदा सबसे ऊपर रहा है। मिलन समारोह में केंद्रीय महासचिव संतोष महतो, खालिद खलील, नजरूल हसन हाशमी, अजय सिंह, धनबाद जिलाध्यक्ष मंटू महतो, योगेश महतो, महबूब आलम, दयाल महतो, विनोद महतो, धनन्जय महतो इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# झारखंड के पूर्व मंत्री योगेंद्र साव के पारिवारिक सदस्यों के 15 बैंक खाते फ्रीज, जमा हैं 12.24 करोड़



**रांची, एजेंसी।** दिल्ली स्थित एडजुडिकेटिंग अथॉरिटी ने पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ( ङ्खश्दद्गठ्ठस्रह्म्ड्ड स्ड्डश्) के पारिवारिक सदस्यों के नकद जमा वाले 15 बैंक खातों को फ्रीज रखने का आदेश दिया है. इन खातों में कुल 12.24 करोड़ रुपये नकद जमा हैं. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी ) द्वारा दायर ओरिजनल एप्लिकेशन(ओए) पर सभी पक्षों को सुनने के बाद अथॉरिटी ने यह आदेश पारित किया है. एडजुडिकेटिंग अथॉरिटी के सदस्य(वित्त) ने अपने आदेश में कहा है कि जांच को सुगम बनाने के उद्देश्य से निदेशालय द्वारा छापेमारी के दौरान जब्त की गयी सामग्री को उपकरणों और खातों को रखने की अनुमति दी जाती है.

गौरतलब है कि ईडी ने अंबा प्रसाद और अन्य के ठिकानों पर छापेमारी के दौरान जब्त दस्तावेज, बैंक खातों सहित अन्य सामग्रियों को अपने पास रखने के लिए एडजुडिकेटिंग अथॉरिटी में आवेदन दिया था. इसमें अंबा प्रसाद, योगेंद्र साव सहित अन्य की गतिविधियों का विस्तृत उल्लेख किया गया था. साथ ही यह भी कहा गया था कि योगेंद्र साव के पारिवारिक सदस्यों व व्यापारिक प्रतिष्ठानों के बैंक खातों में अलग-अलग अवधि में 12.24 करोड़ रुपये की नकद राशि जमा की गयी है. 'एसकेएस इंटरप्राइजेज' और 'अष्टभुजी सिरामिक' अंकित राज से जुड़ी संस्था है. 'मिलियन ड्रिम्स फाउंडेशन' और 'वी कनेक्ट इंडिया' का संबंध अनुप्रिया से है. अंबा प्रसाद ने भी 'अंबा प्रसाद फाउंडेशन' बना रखा है. जांच के दौरान संबंधित पक्षों द्वारा नकद जमा का उचित कारण नहीं बताया जा सका. ईडी ने अथॉरिटी में दायर अपने आवेदन में योगेंद्र साव के पारिवारिक सदस्यों सहित कुल 29 लोगों को प्रतिवादी बनाया था. ईडी द्वारा दायर आवेदन के आलोक में एडजुडिकेटिंग अथॉरिटी ने सभी प्रतिवादियों को नोटिस जारी कर अपना अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया था।

# लोहरदगा में गजराज का आतंक, 1 युवक को कुचल कर मार डाला



**कुडू (लोहरदगा), एजेंसी।** लोहरदगा जिले में हाथियों के झुंड ने एक युवक को सूंड से उठाकर पटका और फिर कुचलकर मार डाला. युवक की मौत के बाद से गांव में मातम पसर गया है. परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. युवक तीन दिन पहले उत्तर प्रदेश के शामली से ससुराल आया था. शनिवार (7 सितंबर) को पत्नी और बच्चों को लेकर उत्तर प्रदेश जाने वाला था.

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया. घटना गुरुवार देर रात की है. युवक की मौत के बाद से ग्रामीणों मे वन विभाग के प्रति भारी आक्रोश है. कुडू प्रखंड में 4 माह में यह दूसरा मामला है, जब हाथियों के झुंड ने इंसान को मार डाला. उत्तर प्रदेश के शामली जिले के इस्सीपुर थाना क्षेत्र के खुरगान गांव निवासी आलमदीन के पुत्र शौकीन (45) 3 दिन पहले कुडू के ब्लॉक मैदान निवासी मो गंभीर के यहां अपनी ससुराल आया था. शनिवार को पत्नी शबनम खातून और 3 बेटों दानिश, साहिल और साद के साथ-साथ अपनी पुत्री रुखसार को लेकर वापस अपने गांव खुगरान जाने वाला था.

गुरुवार की रात को हाथियों का झुंड कुंदों जंगल से निकलकर जोभीटांड आया था. ग्रामीणों के साथ शौकीन भी रात को करीब 10 बजे घर से निकलकर हाथियों को देखने चला गया. इसी बीच बंडा टोली, टिको, कुंदों तथा अन्य गांवों के लोगों ने हाथियों को खदेड़ना शुरू कर दिया. हाथी अचानक खेतों से निकलकर सामने आ गए.

जैसे ही हाथी सामने आए, ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई. इसी बीच, भागने के क्रम में शौकीन हाथियों के सामने आ गया. गुस्साए गजराज ने शौकीन को पकड़कर जमीन पर पटककर कुचल दिया. हाथियों के आक्रामक रुख को देख ग्रामीणों की हिम्मत जवाब दे गई. उसे बचाने के लिए कोई आगे नहीं आया.

शौकीन की मौत होने के बाद हाथियों का झुंड वापस कुंदों जंगल की तरफ चला गया. इसके बाद ग्रामीण वहां पहुंचे. तब तक काफी देर हो चुकी थी. शौकीन की मौत की सूचना मिलने के बाद भारी संख्या में ग्रामीण पहुंचे. पुलिस तथा वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची. शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया.

लोहरदगा जिले के कुडू प्रखंड के कुंदों जंगल से हाथियों का एक झुंड जोभीटांड पहुंचा था. एक युवक को कुचलने के बाद यह झुंड वापस कुंदों जंगल लौट गया.

कुडू प्रखंड के जोभीटांड में गुरुवार की रात को हाथियों का झुंड पहुंच गया. भीड़ हाथियों को भगा रहा था.

# फिदायीन दस्ता तैयार करने वाला था रांची का डॉक्टर, पूरे झारखंड में आतंकवाद फैलाने की थी योजना



**रांची, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल अलकायदा इंडिया सब कंटिनेंट (एक्यूआइएस) के संदिग्ध चार आतंकियों को लेकर वापस दिल्ली लौट गई है। इन आतंकियों में इनामुल अंसारी, मोतिउर्र रहमान, शहबाज अंसारी व अल्ताफ अंसारी शामिल हैं।

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल इन्हें लेकर रांची के चान्हो स्थित नकटा जंगल गई थी। वहां आतंकियों के प्रस्तावित ट्रेनिंग कैंप की वीडियोग्राफी भी की और अपने साथ ले गई है। नकटा जंगल पहाड़ों से भी घिरा हुआ सुनसान क्षेत्र है। डॉ. इश्तियाक फिदायीन दस्ता तैयार करना चाहता था।

डॉ इश्तियाक के नेतृत्व में नकटा पहाड़ पर आतंकियों को हथियार चालन के साथ-साथ आत्मघाती हमले का भी प्रशिक्षण दिया जाना था। यहां शस्त्र चालन व लक्ष्याभ्यास के दौरान होने वाली आवाज दूर तक नहीं जा सकती थी। यही वजह है कि आतंकियों ने प्रशिक्षण केंद्र के लिए इस स्थान का चयन किया था।

अलकायदा आतंकियों ने दिल्ली पुलिस की पूछताछ में यह स्वीकारी है कि उनकी योजना पूरे राज्य में आतंकवाद का मजबूत दस्ता तैयार करने का था। पूरे राज्य में एक्यूआइएस का विस्तार करना था। इस दिशा में रेडियोलोजिस्ट डा. इश्तियाक का काम भी चल रहा था।

वह अपने विभिन्न स्थानों पर खुले क्लिनिक के माध्यम से युवाओं को अपनी टीम में जोड़ने की कोशिश कर रहा था। जो उसके विश्वासपात्र बने, उन्हें राजस्थान में चल रहे अपने प्रशिक्षण केंद्र से प्रशिक्षण भी दिलवाया था।

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल संदिग्ध आतंकियों के पास से अरबी में मिले दस्तावेजों की भी जांच कर रही है। झारखंड पुलिस की आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) भी जल्द ही दिल्ली में आतंकियों से पूछताछ करेगी व उनके झारखंड प्लान पर विस्तृत जानकारी लेगी। इससे राज्य में एटीएस को उस अनुरूप अपनी जांच आगे बढ़ाने में सहूलियत मिलेगी।

# गढ़वा की करुआ कला पंचायत में 100 से अधिक लोग झामुमो में शामिल



**गढ़वा , एजेंसी।** गढ़वा प्रखंड अंतर्गत करुआ कला पंचायत के बीडीसी सहित 100 से अधिक लोग विभिन्न राजनीतिक दलों को छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गए हैं। गुरुवार को सभी ने गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, पर्यटन, कला, संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर सभी ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहना कर झामुमो में शामिल किया। पार्टी में शामिल होने वाले सभी लोगों ने आगामी विधानसभा चुनाव में मंत्री मिथिलेश ठाकुर को ऐतिहासिक जीत दिलाने एवं राज्य में महागठबंधन की सरकार बनाने का संकल्प लिया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि राज्य की हेमंत सरकार झारखंड वासियों की उम्मीद पर पूरी तरह से खरा उतर रही है। राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे जनहित के कार्यों एवं गढ़वा में हो रहे बेहतर विकास कार्यों से प्रभावित होकर प्रतिदिन काफी संख्या में लोग दूसरे राजनीतिक दलों को छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो रहे हैं। मंत्री ने कहा कि गढ़वा की जनता विकास चाहती है। विकास के लिए कदम से कदम मिलाकर गढ़वा के लोग चल रहे हैं। आने वाले समय में और भी बेहतर कार्य किए जाएंगे मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा चौबे, दिलीप गुप्ता, अंकित पांडेय सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से करुआ कला पंचायत के बीडीसी रानिका देवी, बीडीसी प्रतिनिधि अभय कुमार,सचिन कुमार, राजकुमार राम, परीखा राम, वीरेंद्र कुमार, अशोक चंद्रवंशी, लखु राम, अर्जुन राम, जितेंद्र राम, बिगनी देवी, निर्मला कुमारी, रामनाथ राम, गोरख राम, छोटू रजक, सचिन कुमार, परीखा राम, आर्यन कुमार सहित सौ से अधिक लोगों का नाम शामिल है।

# गैंग्स पर नकेल कसने को अपराधियों की प्रोफाइल तैयार कर रही पुलिस

**धनबाद, एजेंसी।** जिले में बढ़ती आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए धनबाद पुलिस अपराधियों का प्रोफाइल तैयार कर रही है. प्रोफाइल में फिंगर प्रिंट से लेकर अन्य जानकारी रहेगी. सभी जानकारी एकत्रित की जा रही है. प्रोफाइल जिला के सभी थाना के अलावा राज्य मुख्यालय के पास भी भेजी जायेगी. इससे कहीं पर आपराधिक घटनाएं होती है, अपराधियों की शिनाख्त और पकड़ने में मदद मिलेगी.

पुलिस ने बताया कि अब अपराधियों की अलग-अलग कैटेगरी की प्रोफाइल तैयार की जा रही है. इसमें छोटे-मोटे अपराधियों के लिए अलग प्रोफाइल होगी. इसमें चोरी, पॉकेटमारी करने वाले अपराधियों की जानकारी होगी. हत्या, रंगदारी व अपहरण करने वाले अपराधियों की अलग प्रोफाइल होगी. इसमें गैंग्स के काम करने का तरीका से लेकर तक रहेगा. पुलिस ने बताया कि हाल के दिनों में धनबाद जिला में प्रिंस खान का गैंग, मृत अमन सिंह का गैंग के अलावा जीटी रोड में कई तरह के गैंग सक्रिय हैं. इसमें गौ तस्कर, लूट पाट, डीजल लूटने के अलावा कई तरह का गिरोह है. इनके कई सदस्य पकड़े भी गये हैं. इन सभी का डिटेल लिया जायेगा और उनकी जानकारी रखी जायेगी.पुलिस अपराधियों का घर से लेकर उनके बैंक खातों तक की जानकारी जुटा रही है. इसका अलग खाका होगा.


## उत्पाद सिपाही बहाली की दौड़ 10 सितंबर से फिर शुरू, पलामू के चियांकी केंद्र में परीक्षा नहीं

**रांची, एजेंसी।** एडीजी मुख्यालय आरके मल्लिक ने कहा कि जेएसएससी द्वारा आयोजित उत्पाद सिपाही की बहाली के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा छह केंद्रों पर 10 सितंबर से शुरू होगी. वहीं, पलामू के चियांकी हवाई अड्डा स्थित केंद्र पर अब शेष शारीरिक दक्षता परीक्षा नहीं होगी. इस केंद्र के शेष अभ्यर्थियों, जिनकी परीक्षा तीन से नौ सितंबर 2024 तक होनी थी, वह अब बाकी के छह चयन पर्षद के केंद्रों पर ली जायेगी. यह परीक्षा 19-20 सितंबर तक होगी. क्योंकि 14 से 17 सितंबर तक अवकाश है.

पलामू केंद्र के सभी अभ्यर्थियों के लिए नया एडमिट कार्ड झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) (छ्वस्स्ष्ट) द्वारा जल्द ही जारी किया जायेगा. श्री मल्लिक ने उक्त जानकारी गुरुवार को पुलिस मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में दी. इस मौके पर डीआइजी कार्मिक नौशाद आलम भी मौजूद थे. उल्लेखनीय है कि पलामू के चियांकी हवाई अड्डा स्थित केंद्र पर शारीरिक दक्षता परीक्षा में भाग लेनेवाले पांच अभ्यर्थियों की मौत हो गयी थी.

एडीजी मल्लिक ने कहा कि उत्पाद सिपाही के रिक्त 583 पदों को भरने के लिए 22 अगस्त से विभिन्न केंद्रों पर शारीरिक दक्षता परीक्षा शुरू हुई थी, जो दो सितंबर तक चली. इस दौरान 12 अभ्यर्थियों की मौत हो गयी. यह दुर्भाग्यपूर्ण और पीड़ादायक है. इसके बाद राज्य सरकार ने बहाली की प्रक्रिया स्थगित करने का आदेश दिया था. पांच सितंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा उत्पाद सिपाही शारीरिक जांच प्रक्रिया की समीक्षा के बाद पुनः इसे शुरू किया जा रहा है. उक्त छह केंद्रों पर जिन अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा तीन सितंबर से होनी थी, अब वह प्रतिदिन तीन-तीन हजार की दर से 10 से 11 सितंबर को होगी. जिन अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा चार सितंबर को होनी थी, अब वह 12 से 13 सितंबर तक होगी.

# बीजेपी ने तथ्य जाने बिना मृत्यु को भी राजनीतिक मुद्दा बनाने की कोशिश की : सुप्रियो भट्टाचार्य



**रांची , एजेंसी।** जेएमएम प्रवक्ता बाबुल सुप्रियो ने आज कहा कि पिछले कुछ दिनों से बीजेपी की ओर से उत्पाद सिपाही की बहाली को लेकर तथ्यहीन बातें की जा रही हैं। कहा कि इसके लिए दौड़ के दौरान जो दर्दनाक मौतें हुई, उनको लेकर बिना किसी तथ्य और सही जानकारी के एक से एक बयान दिये जा रहे हैं। कहा, मौत को इन्होंने एक राजनीतिक मुद्दा बना दिया। लेकिन चीजें अब धीरे-धीरे साफ हो गयी हैं। कहा कि मैंने लगभग एक सप्ताह पहले कहा था कि इन मौतों का कारण दौडते हुए सांस फूलना हो सकता है। ये बात मैंने कुछ डॉक्टर से जानकारी लेने के बाद कही थी। सुप्रियो ने कहा कि कहीं न कहीं इसमें पोस्ट कोरोना का प्रभाव है, ये आशंका उन्होंने पहले भी जाहिर की थी। कहा कि जेएमएम को मौत की राजनीति नहीं करनी है। किसी की संवेदनाओं के साथ खेलना नहीं है। कहा कि इस अकाल मृत्यु का कारण खोजे बिना इस पर टिप्पणी नहीं करनी चाहिये। मौत के असली कारणों को अब विशेषज्ञ चिकित्सक बता रहे हैं। कहा कि मैंने पहले कहा था शायद कुछ एस्ट्रोयॉड लिये गये होंगे, जिसको शरीर एडजस्ट नहीं कर पाया।

जेएमएम प्रवक्ता बाबुल सुप्रियो ने आज पीसी कर कहा कि झारखंड सरकार ने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का दायरा बढ़ा दिया है। कहा कि अब इस योजना में 18 से 20 वर्ष तक की युवतियों को भी शामिल कर लिया गया है। यानी अब उनको भी योजना के तहत हर माह एक हजार रुपये मिलेंगे। कहा कि इसी अवस्था में महिलाओं के जीवन का नया अध्याय शुरू होता है। इसी के बाद करियर या घर-गृहस्थी की जिम्मेवारी से उनको गुजरना पड़ता है। राज्य सरकार ने ये एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है। ये एक ऐसी सोच है, जिससे देश में पहली बार महिलाओं को उनके जन्म से लेकर मृत्यु तक सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है। कहा युवतियों को पढ़ाई के दौरान सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत लाभ पहुंचाया जाता है। अब पढाई के बाद उनको ये सामाजिक सुरक्षा कवच उनको दिया गया है।

जेएमएम नेता ने कहा, बहुत सारे लोगों को इससे परेशानी भी रही है। उनको डर है कि महिलाएं आत्मनिर्भर हो जायेंगी। उनकी पुरुष प्रधान मानिसकता को कहीं न कहीं इस योजना से आघात लगेगा। कहा कि हमारे बीच ऐसे भी राजनीतिज्ञ हैं, जो आदिवासी, मूलवासी और पिछड़ों आदि के साथ महिलाओं को भी पिछड़ा और कमजोर बनाये रखना चाहते हैं। कहा कि समाज के एक बड़े वर्ग में वे धार्मिक उन्माद फैलाना चाहते हैं।

उनको दिशाहीन करना चाहते हैं। लेकिन ये झारखंड है। 1855 में जब अंग्रेजों के खिलाफ पहला विद्रोह हुआ तब, उसके नायक सिदो-कान्हो, चांद भैरव के साथ उनकी दो बहनें फूलो और झानो भी लड़ाई के मैदान में उतरीं। कहा कि महिलाओं को आगे बढ़ाना न केवल सरकार की सोच है, बल्कि झारखंड मुक्ति मोर्चा की भी सोच है।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## फलाहार में भी मिलावट का जहर

खाद्य पदार्थों में मिलावट के मामले आम होने की वजह से आज हालत यह है कि कुछ भी खाकर आश्वस्त नहीं हुआ जा सकता कि वह सुरक्षित और सेहत के लिए फायदेमंद है। मिलावट के कारोबारियों को इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि मिलावटी चीजें खाकर लोग बीमार हो गए या उनकी जान ही चली गई। सामान्य दिनों की इस विडंबना के बीच हैरानी की बात यह है कि पर्व-त्योहार के मौकों को भी नहीं बख्शा जाता और सिर्फ कमाई के लिए मिलावटी या फिर खराब हो चुके खाद्य पदार्थ बेचने में कुछ लोगों को हिचक नहीं होती ।कई त्योहारों के मौकों पर खबर आती है कि कुट्टू का आटा खाने से कई लोग बीमार हो गए। कई बार इस तरह की घटनाएं सामने आती रहती हैं और अगर कभी कोई मामला तूल पकड़ लेता है तब यह आश्वासन जरूर दिया जाता है कि इस संबंध में जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मगर हकीकत यह है कि कुछ दिनों के बाद सब भुला दिया जाता है और हादसे होते रहते हैं ।गौरतलब है कि वर्ष भर में आने वाले पर्व-त्योहारों के मौकों पर बहुत सारे लोग फल या अन्य खाद्य पदार्थों के साथ-साथ कुट्टू के आटे का भी सेवन करते हैं। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश के मथुरा और आगरा में कृष्ण जन्माष्टमी पर उपवास के दौरान कुट्टू के आटे से बना 'फलाहार' खाने से पांच गांवों के सौ से ज्यादा लोग बीमार हो गए। कई लोगों की स्थिति ज्यादा गंभीर हो गई ।खबरों के मुताबिक, पीड़ित लोगों ने जहां से कुट्टू का आटा खरीदा था, वहां आटे की आपूर्ति करने वाली दो दुकानें सील कर दी गईं और उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। मगर सवाल है कि आखिर यह कौन-सी मजबूरी है कि सरकार के संबंधित महकमे या खाद्य सुरक्षा विभाग तब तक लापरवाह बने रहते हैं, जब तक कोई बड़ा हादसा न हो जाए। दूषित खाद्य सामग्री बेचने वालों की जांच और उनके खिलाफ कार्रवाई के मामले में अगर अनदेखी न की जाए, तो शायद इस तरह बड़ी संख्या में लोगों के जीवन पर जोखिम न पैदा हो।

## भारत-अमेरिका साथ-साथ

पिछले महीने पीएम मोदी ने रूस की यात्रा की थी। उस समय टाइमिंग को लेकर अमेरिका में भी सवाल उठाए गए थे। हालांकि, अब अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन और पीएम मोदी की फोन पर वार्ता हुई। इसी के साथ ये स्पष्ट हो गया कि भारत-अमेरिका साथ-साथ हैं। इधर, दोनों नेताओं की फोन वार्ता में बांग्लादेश का जिक्र आना भी कई लिहाज से अहम है ।पिछले महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रूस यात्रा पर दिखी अंतरराष्ट्रीय प्रतिक्रियाओं को ध्यान में रखते हुए अगर सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ हुई उनकी फोन वार्ता पर गौर करें तो हाल की यूक्रेन यात्रा की सार्थकता ज्यादा स्पष्ट रूप में सामने आती है। यूक्रेन यात्रा ने उन गलतफहमियों को भी खत्म कर दिया है, जो रूस यात्रा के बाद खास तौर पर पश्चिमी हलकों में दिखाई देने लगी थीं ।पीएम मोदी की रूस यात्रा की टाइमिंग को लेकर अमेरिका में भी सवाल उठाए गए थे। एक तो वह यात्रा अमेरिका में नैटो देशों की प्रस्तावित बैठक के ठीक पहले हुई थी, दूसरे वह मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में हुई उनकी पहली विदेश यात्रा होने की वजह से भी अहम मानी गई थी। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने भी तब पीएम मोदी की रूस यात्रा पर खुले रूप में नाखुशी जताई थी ।इसके बरक्स सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन की पहल पर हुई फोन वार्ता इस बात का साफ संकेत है कि जो भी गलतफहमियां रही हों, वे पूरी तरह मिट चुकी हैं। हालांकि भारत पहले दिन से अपने इस रुख पर अडिग रहा है कि वह बातचीत के जरिए जल्द से जल्द शांति स्थापित करने के पक्ष में है। पीएम मोदी ने रूस में राष्ट्रपति पूतिन से भी कहा था कि युद्ध के मैदान से कोई स्थायी समाधान नहीं निकल सकता, और यूक्रेन में राष्ट्रपति जेलेंस्की को भी सुझाव दिया कि जल्द शांति स्थापित करने के लिए वह रूस से बातचीत करें ।दोनों नेताओं की फोन वार्ता में बांग्लादेश का जिक्र आना कई लिहाज से अहम है। पड़ोस का यह मुल्क जिस तरह के हालात से गुजर रहा है, उसे लेकर आशंकाएं स्वाभाविक हैं। ऐसे में भारत और अमेरिका दोनों देशों का अपनी चिंताएं साझा करना मायने रखता है। पीएम मोदी की ओर से बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा का मसला उठाना जाहिर करता है कि अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस के आश्वासन के बावजूद इस मामले में भारत की चिंता दूर नहीं हुई है। जिस तरह से तथ्यों के विपरीत जाकर बांग्लादेश के कुछ नेता बाढ़ के लिए भारत पर उंगली उठाने की कोशिश कर रहे हैं, वह भी बताता है कि वहां भारत के खिलाफ माहौल बनाने वाले तत्व अब भी सक्रिय हैं ।यह फोन वार्ता ऐसे समय हुई है।

# उत्तर प्रदेश में राजनीतिक नियुक्तियों से सियासी जमीन तैयार करने की कोशिश

योगी सरकार ने सबसे पहले अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग का गठन किया। इसके बाद पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, और सदस्यों की नियुक्ति की गई। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष की भी नियुक्ति की गई है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने लोकसभा चुनाव में पार्टी को मिली हार के बाद उपचुनाव से पहले संगठन को सुदृढ़ करने की दिशा में कदम बढ़ाना शुरू कर दिया है। पिछले ढाई वर्षों से लंबित पड़ी राजनैतिक नियुक्तियों का सिलसिला अब प्रदेश में आरंभ हो गया है। इन नियुक्तियों के माध्यम से योगी सरकार बीजेपी नेताओं और कार्यकर्ताओं को विभिन्न निगम, आयोग, और बोर्ड में चेयरमैन और सदस्य के रूप में नियुक्त करके उन्हें संतुष्ट करने की कोशिश में जुटी हुई है। यह रणनीति सरकार द्वारा सामाजिक समीकरणों को फिर से मजबूत करने की एक महत्वपूर्ण योजना मानी जा रही है। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार का दूसरा कार्यकाल 25 मार्च 2022 को आरंभ हुआ था। इसके बाद से ही बीजेपी कार्यकर्ता राजनैतिक नियुक्तियों की प्रतीक्षा कर रहे थे। हालांकि, सरकार और संगठन के बीच तनातनी के कारण आयोग में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, और सदस्यों के नामों पर सहमति नहीं बन पा रही थी। हाल ही में लखनऊ में संघ, सरकार, और संगठन के बीच हुई एक महत्वपूर्ण बैठक के बाद राजनैतिक नियुक्तियों का यह सिलसिला शुरू किया गया है। योगी सरकार ने सबसे पहले अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग का गठन किया। इसके बाद पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, और सदस्यों की नियुक्ति की गई। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष की भी नियुक्ति की गई है। यह नियुक्तियां ढाई साल के अंतराल के बाद की गई हैं, जिससे प्रदेश के राजनैतिक समीकरणों को साधने की कवायद की जा रही है। उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग के अध्यक्ष के रूप में सीतापुर के पूर्व सांसद राजेश वर्मा को नियुक्त किया गया है। साथ ही मिर्जापुर के सोहन लाल श्रीमाली और रामपुर के सूर्य प्रकाश पाल को उपाध्यक्ष नामित किया गया है। इसके अलावा आयोग में 24 अन्य सदस्यों को भी शामिल किया गया है, जिनमें सत्येंद्र कुमार बारी, मेलाराम पवार, फुल बदन कुशवाहा, विनोद यादव, शिव मंगल बयार, अशोक सिंह, ऋचा राजपूत, चिरंजीव चौरसिया, रवींद्र मणि, आरडी सिंह, कुलदीप विश्वकर्मा, लक्ष्मण सिंह, विनोद सिंह, रामशंकर साहू, डॉ. मुरहू राजभर, घनश्याम चौहान, जनार्दन गुप्ता, बाबा बालक, रमेश कश्यप, प्रमोद सैनी, करुणा शंकर पटेल, महेंद्र सिंह राणा और राम कृष्ण सिंह पटेल शामिल हैं। योगी सरकार ने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग का भी गठन किया है। बाराबंकी के पूर्व विधायक बैजनाथ रावत को आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जबकि गोरखपुर के पूर्व विधायक बेचन राम और सोनभद्र के जीत सिंह खरवार को उपाध्यक्ष के रूप में नामित किया गया है। इसके अलावा आयोग में 17 अन्य सदस्यों की भी नियुक्ति की गई है, जिनमें हरेंद्र जाटव, महिपाल बाल्मीकि, संजय सिंह, दिनेश भारत, शिव नारायण सोनकर, नीरज गौतम, रमेश कुमार तूफानी, नरेंद्र सिंह खजूरी, तीजाराम, विनय राम, अनिता राम, रमेश चंद्र, मिठाई लाल, उमेश कठेरिया, अजय कोरी, जितेंद्र कुमार, और अनिता कमल शामिल हैं। गोरखपुर यूनिवर्सिटी के समाजशास्त्र विभाग की प्रोफेसर कीर्ति पांडेय को उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति के बाद बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग में लंबित पदों पर भर्ती की प्रक्रिया में तेजी आने की उम्मीद है। उपचुनाव से पहले योगी सरकार ने इन राजनैतिक नियुक्तियों के माध्यम से सियासी समीकरणों को साधने की कोशिश शुरू कर दी है। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने पिछड़ा वर्ग आयोग की कमान कुर्मी समुदाय के नेता को सौंपी है, जबकि अन्य ओबीसी जातियों को उपाध्यक्ष के तौर पर नियुक्त किया गया है, जिसमें पाल समाज को भी अहम स्थान दिया गया है। इसी तरह से आयोग में सदस्यों के रूप में अतिपिछड़ी जातियों को विशेष तवज्जो दी गई है। अनुसूचित जाति और जनजाति आयोग की कमान पासी समुदाय के नेता को सौंपी गई है, जबकि उपाध्यक्ष के पद पर खरवार समाज को नियुक्त किया गया है। इसके अलावा दलित समाज की अन्य जातियों के नेताओं को भी स्थान दिया गया है। शिक्षा सेवा चयन आयोग की कमान ब्राह्मण समाज से आने वाली कीर्ति पांडेय को दी गई है, जो सामाजिक समीकरणों के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उत्तर प्रदेश में 10 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव बीजेपी के लिए काफी अहम हैं, खासतौर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रतिष्ठा से जुड़े हुए हैं। लोकसभा चुनाव में बीजेपी को उत्तर प्रदेश की 80 में से सिर्फ 33 सीटें ही मिली हैं, जबकि 2019 में जीती हुई 29 सीटों का नुकसान हुआ है। प्रदेश में मिली इस हार ने बीजेपी को हिला कर रख दिया है, जिसके चलते उपचुनाव को लेकर विशेष सावधानी बरती जा रही है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने खुद मोर्चा संभालते हुए उपचुनाव वाली सीटों पर प्रचार के साथ-साथ संगठन को मजबूत करने की कवायद शुरू की है। इसके लिए उन्होंने नाराज कार्यकर्ताओं और नेताओं को मनाने का काम भी शुरू कर दिया है, जिसके तहत राजनैतिक नियुक्तियों का यह सिलसिला शुरू हुआ है। पार्टी के बड़े नेताओं को विधानसभा और लोकसभा के चुनाव लड़ने का अवसर मिलता है, जबकि कार्यकर्ताओं को सत्ता में आने पर राजनैतिक नियुक्तियां मिलने की आस रहती है। इसी को ध्यान में रखते हुए योगी सरकार ने अब नियुक्तियों का सिलसिला शुरू करके कार्यकर्ताओं की नाराजगी को दूर करने का प्रयास किया है। हालांकि, अभी भी कई महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्तियां नहीं की गई हैं। राज्य खाद्य आयोग में अध्यक्ष के अलावा पांच सदस्यों का कार्यकाल 2022 की शुरुआत में खत्म हो चुका है। राज्य महिला आयोग में एक अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष, और 25 सदस्यों के पद भी खाली पड़े हैं। इसके अलावा प्रदेश के 17 नगर निगम, 200 नगर पालिका, और 546 नगर पंचायतों में मनोनीत पार्षदों और सदस्यों की नियुक्तियां होनी हैं, जो 2022 से खाली हैं। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पूर्व सैनिक कल्याण निगम, उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान, उत्तर प्रदेश किन्नर विकास निगम, सिंधी अकादमी, पंजाबी अकादमी, और उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग वित्त विकास निगम में भी नियुक्तियां अभी लंबित हैं।

> *योगी सरकार में सिर्फ बीजेपी के नेता ही नहीं, बल्कि सहयोगी दलों के नेता भी इन नियुक्तियों के लिए दावेदारी कर रहे हैं। अपना दल (एस), आरएलडी, सुभासपा, और निषाद पार्टी के नेता भी निगम, आयोग, और बोर्ड में अध्यक्ष और सदस्य बनने की जुगत में हैं। इसके अलावा लोकसभा चुनाव से पहले सपा, बसपा, और कांग्रेस से आए नेता भी इन नियुक्तियों में अपनी जगह बनाने की कोशिश कर रहे हैं।*

# काल बनने लगे आवारा पशु और आदमखोर भेड़िए

भेड़िए का मानव रक्त पीना पहेली जैसा है। वनों के आसपास के गांवों में भेड़ियों के हमले की छिटपुट घटनाएं पूर्व में भी कई बार सुनने में आईं, पर भेड़िए इतने खतरनाक और खूनी होते हैं, यह पहली बार लोगों ने जाना। उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के बाशिंदे पिछले कुछ समय से आदमखोर भेड़ियों के चलते दहशत में हैं। करीब चार भेड़िए काफी मशक्कत के बाद पकड़े गए हैं। हालांकि, प्रशासन की ओर से कहा गया है कि सभी आदमखोर भेड़ियों को पकड़ लिया गया है, पर 30 अगस्त को तड़के एक भेड़िया फिर ग्रामीणों को दिखा। उसके बाद स्थानीय लोगों ने हंगामा काटना शुरू किया, तो मजबूरन प्रशासन को 'ऑपरेशन भेड़िया' फिर से तेज करना पड़ा है। बहराइच के करीब 30-35 गांवों में पिछले करीब दो महीने से इंसानी खून के प्यासे कुछ भेड़ियों ने ऐसा आतंक मचाया है कि लोग अपने घरों में दुबकने को मजबूर हैं। सरकारी दावे के मुताबिक, आठ बच्चों समेत नौ लोग अब तक इन भेड़ियों के शिकार बन चुके हैं, जबकि तीन दर्जन से अधिक ग्रामीणों के उनके हमलों में घायल होने की सूचना है। इन ग्रामीण इलाकों के लोग पूरी-पूरी रात जागकर बिता रहे हैं, क्योंकि भेड़ियों के हमले अलग-अलग इलाकों में दर्ज किए गए हैं। यह सचमुच चिंता की बात है। इन घटनाओं ने एक बार फिर हमारी प्राथमिकताओं की ओर ध्यान खींचा है। एक तरफ तो हम अंतरिक्ष अध्ययन के क्षेत्र में दुनिया के दिग्गज देशों को अपनी वैज्ञानिक प्रगति से पछाड़ रहे हैं, तो वहीं दूसरी ओर 40-42 किलो वजन के चंद हिंसक भेड़िए हमारी पकड़ में नहीं आ पा रहे। गौर कीजिए, इन आदमखोर भेड़ियों को काबू में करने के लिए गुजरात और मध्य प्रदेश से विशेषज्ञ बुलाए गए थे। उनकी दर्जन भर टीमों ने इन हिंसक जीवों को पकड़ने के लिए खूब खाक छानी। कहा जाता है कि भेड़िए कभी भी अकेले नहीं चलते, उन्हें झुंड में रहना या झुंड में शिकार करना पसंद है। फिर भी उनकी धर-पकड़ मुश्किल बनी हुई है। इन पर निर्णायक नियंत्रण के लिए अब शासन स्तर से थाइलैंड के विशेषज्ञों से संपर्क साधा गया है। भारत में हिंसक जंगली जीवों के हमले का लंबा-चौड़ा इतिहास रहा है। हिन्दुस्तान के अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग जानवर आतंक मचाते रहे हैं। जैसे, छत्तीसगढ़ में हाथियों के हमले में 2019 से 2023 के बीच 499 लोग मारे जा चुके हैं। तराई के इलाकों में आदमखोर शेरों ने पिछले चार वर्षों में 540 लोगों को अपना शिकार बनाया है। झारखंड में बागड़बिल्लों, असम में बाघों का आतंक हमेशा से रहता है। पहाड़ी इलाकों में खुराफाती बंदरों और मैदानी इलाकों में आवारा पशुओं के चलते भी सैकड़ों लोग हर साल अपनी जान गंवाते हैं। बीते तीन वर्षों में समूचे हिन्दुस्तान में जंगली जानवरों के हमलों और आवारा पशुओं के चलते करीब 4,800 लोगों की जान चली गई। यह आंकड़ा साल-दर-साल घटता-बढ़ता रहा है। कुछ जंगली जानवरों के हमले के कारण होने वाले नुकसान की भरपायी के लिए राज्यों की हुकूमतों ने मुआवजा देने का प्रावधान किया है। उदाहरण के तौर पर, उत्तर प्रदेश के तराई क्षेत्र में, यानी नेपाल से सटे इलाकों में शेरों के बढ़ते आक्रमण के बाद राज्य सरकार ने चार से पांच लाख रुपये बतौर मुआवजा देना आरंभ किया है, लेकिन कोई भी मुआवजा इंसानी जान का विकल्प नहीं हो सकता। इसलिए सरकार को इस समस्या के निदान के लिए कोई कारगर विधि अपनानी होगी। घटनाएं चूंकि अब गंभीर रूप लेने लगी हैं और इनके कारण लोगों का दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है, इसलिए विज्ञान व आधुनिक तकनीक की मदद से इस पहेली को सुलझाने की जरूरत है। यह अध्ययन का विषय है कि आखिर ये भेड़िए इतने हिंसक क्यों हुए? क्या पर्यावरण में हो रहे बदलाव की वजह से भी इन जीवों का व्यवहार बदल रहा है? जाहिर है, जानवरों की बदलती प्रकृति के प्रति हमें संवेदनशील होना पड़ेगा। हमें इस सवाल का भी जवाब तलाशना होगा कि इनसे निपटने के क्रम में इनको मारने का पारिस्थितिकी तंत्र पर क्या असर पड़ेगा? आवारा कुत्तों के आदमखोर बनने या पालतू कुत्तों के अचानक आक्रामक हो जाने की घटनाएं भी बढ़ने लगी हैं। इसलिए जानवरों की वजह से बढ़ते भय को कम करने के प्रयास अब जरूरी हो चले हैं।

# आज का राशिफल

### मेष
आज आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। चंद्रमा की शुभ दृष्टि से आपको लाभ होगा और आपके धन में वृद्धि होने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा। पूजापाठ के लिए आवश्यक सामान की खरीदारी में शाम तक का समय व्यतीत होगा। घर परिवार में बुजुर्ग लोगों का सम्मान करें और उनकी सलाह पर गौर करें। उपयोगी सिद्ध होगी और आपको लाभ होगा।

### वृष
आज करियर में लाभ का दिन है और कारोबार के मामले में आपके हाथ में सफलता लगने के योग हैं। साथ ही आपका मुनाफा भी दोगुना होगा। आपकी दुकान या कार्यालय में भी टीमवर्क के जरिए ही आप किसी समस्या का हल निकालने में सफल होंगे। आपके लिए लाभ का दिन है, कमाई अच्छी होने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा।

### मिथुन
आज करियर के मामले में लाभ होगा और राजनीति के क्षेत्र में सफलता प्राप्त होगी। राजनीति में भाग लेने का योग बन रहा है। प्रतिस्पर्धा के मामले में आपको सम्मान प्राप्त होगा और कार्ययोजनाएं सफल होने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा। दिन का उत्तरार्ध भी शुभव्यय कीर्ति की वृद्धि कारक है।

### तुला
आ अचानक से रुका पैसा मिलने से आपके अटके कार्य बन जाएंगे। व्यापार के भागीदारों और पत्नी पक्ष के लोगों से आपको हर प्रकार का सपॉर्ट प्राप्त होगा और आपके कारोबार में अच्छा मुनाफा होगा। जो लोग उधार लेकर काम करते हैं उनको सावधान रहने की सलाह है। घर के पुराने लटके हुए कार्य बन जाएंगे और आपको हर मामले में सफलता प्राप्त होगी।

### वृश्चिक
आज दिन हर मामले में सफता से भरा होगा। आपको कारोबार में लाभ के योग हैं और मुनाफा काफी जबर्दस्त होगा। आपको ऑफिस में कुछ नई जिम्मेदारियों मिन सकती हैं। रचनात्मक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। पुत्र अथवा पुत्री के विवाह के बारे में चर्चा हो सकती है। आपको करियर के मामले में लाभ होगा। आपके धन में वृद्धि होगी और योजनाएं सफल होंगी।

### धनु
आज लाभ का दिन है और आपके लिए उत्तम संपत्ति की प्राप्ति के योग बने हैं। आपको काफी समय के बाद बहुत दिनों से रुके धन की प्राप्ति होगी और आपके संबंधों में स्थियित्व आएगा। आपको रुका धन मिलने से कई अटके कार्य पूर्ण होंगे। राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में भी अच्छी सफलता मिल सकती है, प्रयत्नशील रहें। रात का वक्त आपका लोगों के साथ मिलने जुलने में बीतेगा।

### कर्क
आज दिन मिलाजुला रहेगा। आज आपके उधार पूरे हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र में भी आपके सुझावों का स्वागत होगा। आपको कुछ घरेलू सामान की खरीद करनी पड़ सकती है। अपनी जेब का खास ख्याल रखें। शाम का वक्त घर वालों के साथ बिताएंगे तो आपको अच्छा महसूस होगा। आपके परिवार में सुख समृद्धि आएगी।

### सिंह
आज लाभ का दिन है और आपको किसी काम से शहर से बाहर यात्रा पर जाना पड़ सकता है। कोई पुराना मित्र या रिश्तेदार अचानक आपके सामने आकर खड़ा हो सकता है। यदि कोई आपसे उधार मांगे तो भूलकर भी न दें वरना आपको पैसा वापस नहीं मिलेगा। आपके सम्मान में वृद्धि होगी और भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। और काम प्रभावित हो सकता है।

### कन्या
आज भाग्यशाली है और आपकी संपत्ति में वृद्धि होगी। आपको हर तरफ से मान सम्मान मिलेगा। आपको रिश्तेदारों की ओर से कोई शुभ समाचार मिलेगा और धन सम्मान में वृद्धि होने से मन काफी प्रसन्न होगा। नौकरी में गुप्त शत्रु चुगली करेंगे जिससे शाम को आपको परेशानी हो सकती है।

### मकर
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके धन में वृद्धि होने से मन काफी प्रसन्न होगा। आपको कारोबार में अचानक से लाभ मिल सकता है। योजनाएं सफल होंगी और पैसा कमाने के अच्छे मौके आपको मिलेंगे। नये कार्य में वैधानिक और तकनीकी पहलुओं पर गंभीरतापूर्वक विचार करने के उपरान्त ही कुछ निर्णय लें।

### कुंभ
आज बिजनस के सिलसिले में किसी की सलाह लेने की आवश्यकता पड़ सकती है और आपको किसी मामले में काफी खर्च करना पड़ सकता है। दिन के दूसरे भाग में महिला मित्रों के साथ समय व्यतीत होगा। मामला कार्यक्षेत्र का हो या आप अपने सभी उत्तरदायित्वों को सफलतापूर्वक निभा लेंगे। आपके लिए दिन लाभ से भरा होगा।

### मीन
आज लाभ होगा और आपके धन में वृद्धि होने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा। आपके आसपास का माहौल काफी खुशनुमा रहेगा और आर्थिक मामलों में लाभ होने मन काफी प्रसन्न होगा। ऑफिस में अचानक से कोई नया परिवर्तन आपको आश्चर्य में डाल सकता है। महिला सहकर्मी व अधिकारी आपका सहयोग कर सकते हैं। आपके धन में वृद्धि होगी और कार्ययोजनाएं सफल होंगी।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 5484

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 9 | | | 6 |
| | | | | | 3 | 8 | 5 | 1 |
| | 6 | 2 | | 1 | 5 | | | |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | 2 | 1 | 9 | 7 | 6 | 3 | 8 | |
| | 3 | | | | | 1 | | |
| | | | 4 | 5 | | 9 | 7 | |
| 2 | 5 | 8 | 6 | | | | | |
| 4 | | | 3 | | | | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5483

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 9 | 3 | 8 |
| 2 | 3 | 9 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 4 | 3 | 9 | 6 | 2 | 7 | 1 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 4 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 7 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 4 | 8 | 9 |
| 5 | 4 | 1 | 8 | 3 | 9 | 7 | 6 | 2 |
| 3 | 1 | 2 | 4 | 8 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 9 | 7 | 6 | 2 | 5 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 4 | 8 | 5 | 9 | 6 | 3 | 1 | 2 | 7 |

## वर्ग पहेली 5484



**संकेतः बाएं से दाएं**
1. करीब 500 फिल्मों में नृत्य पेश कर चुकी इस नृत्यांगना अभिनेत्री का 21 अक्टूबर 1939 को जन्म दिन है(3)
4. निद्रा को जीत लेने के कारण पांडुपुत्र अर्जुन का एक नाम (4)
8. अपना स्वार्थ सिद्ध करने वाला (4)
9. मस्तक, माथा, पेशानी (3)
10. कच्चे आम या इमली का बना खटठा-मीठा पदार्थ (2)
11. हिंदू धर्म के लोग इस पौधे को पवित्र मानते है, कार्तिक मास में इस पौधे का पूजन हर हिंदू के घर में होता है (3)
14. राजमुकुट, शिखा (2)
15. वह राजा जिसके नाम से कोई सवत् चले, भ्रम (2)
16. आईना, कांच, शीशी (3)
17. मेहबूब खान के निर्देशन में बनी फिल्म आन (1952) इस अभिनेत्री की पहली फिल्म थी (3)
19. युद्ध, जंग, लड़ाई (2)
21. उपद्रव, फसाद (3)
22. मित्र, दोस्त, पुरूष मित्र (2)
23. नर्मघास, विशाखा, अमृता (2)

**ऊपर से नीचे**
1. पुरानी फिल्मों की प्रसिद्ध पार्श्व गायिका जो संगीतकार रवींद जैन की पसंदीदा गायिकाओं में से एक थी (4)
2. दुर्व्यसन, बुरी आदत (2)
3. विश्वकर्मा के सुत नल द्वारा बनाया गया रामेश्वर के निकट समुद पर बंधापुल (4)
5. भराई करना, पूंजी निवेश करना (3)
6. इस फल को कदरी भी कहते है (2)
7. बैंडमिंटन की गेंद को अंग्रेजी में यह कहते है (6)
10. दया आना, द्रवित होना (4)
12. कोमलकांड, सुंदर स्त्री (2)
13. लंकाधिपति रावण की प्रसिद्ध बहन (4)
15. सज्जनता, सभ्यीकरण (4)
16. ईश्वर दर्शन (3)
18. मन, हृदय, चित्त (2)
20. पिता के पिता को प्यार से यह कहते है (2)

### वर्ग पहेली 5483 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श्री | लं | का | | ली | ला | से | ठ |
| ग | ब | न | | प | ल | | ग |
| णे | | न | म | ना | | बा | ना |
| शा | प | | हा | | द | | |
| य | ह | | दे | व | रि | पु | |
| न | र | दे | व | | या | र | |
| मः | | व | | | दि | खा | ना |
| | | र | सा | त | ल | | ते |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**

## संक्षिप्त समाचार

### चुनाव से पहले ही हार मान चुकी है बीजेपी: कुमारी शैलजा



**चंडीगढ़, एजेंसी।** कांग्रेस नेता कुमारी शैलजा ने गुरुवार को बीजेपी के उम्मीदवारों की पहली सूची पर कहा कि यह पार्टी पहले ही हार मान चुकी है। इस सूची से पार्टी की कुंठा जाहिर होती है। ऐसा लग रहा है कि जैसे मानो कोई बंजर जमीन हो। कुमारी शैलजा ने आश्चर्य जताते हुए कहा कि पार्टी 10 सालों से सत्ता में है, लेकिन उसे उम्मीदवार बनाने के लिए कोई नेता तक नहीं मिला। आखिर मिलेगा भी कैसे? सभी तो पार्टी छोड़कर जा रहे हैं। मुझे लगता है कि बीजेपी को अब आत्मचिंतन की आवश्यकता है कि आखिर क्यों लोगों का उससे मोह भंग हो रहा है। कांग्रेस नेता ने बीजेपी को आड़े हाथों लेते हुए कहा, यह पार्टी अब हताश हो चुकी है। इस पार्टी से लोगों का विश्वास उठ चुका है। इसकी विश्वसनीयता ही खतरे में है। कुमारी शैलजा से जब कांग्रेस उम्मीदवारों की सूची के बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, जल्द ही उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी जाएगी। अभी इसे लेकर बैठकों का दौर जारी है। लोगों की राय ली जा रही है। यह अच्छी बात है कि सभी के सुझावों का स्वागत किया जा रहा है, ताकि किसी भी नतीजे पर पहुंचने में कोई समस्या न हो। पार्टी नेतृत्व ने हमसे स्पष्ट कहा है कि आप प्रदेश की सभी 90 सीटों को लेकर अपने सुझाव दे सकते हैं। उल्लेखनीय है कि बुधवार को बीजेपी की केंद्रीय चुनाव समिति ने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की थी। इसमें कुल 67 उम्मीदवारों के नाम दर्ज हैं। इसके अलावा, नौ मौजूदा विधायकों का टिकट काट दिया गया और तीन पूर्व विधायकों पर भरोसा जताया गया। हरियाणा में एक ही चरण में पांच अक्टूबर को चुनाव होंगे और आठ अक्टूबर को नतीजे घोषित होंगे।

### सैम पित्रोदा के बयान पर बीडी शर्मा बोले, कांग्रेस में चापलूसी का दौर



**भोपाल, एजेंसी।** कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा के एक बयान ने सियासी हलकों में तूफान मचा दिया है। पित्रोदा ने दावा किया कि राहुल गांधी अपने पिता राजीव गांधी से ज्यादा समझदार हैं। इस बयान के बाद से राजनीतिक दलों के नेताओं की प्रतिक्रिया का दौर जारी है। मध्य प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बीडी शर्मा ने पित्रोदा के बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि सैम पित्रोदा वही हैं, जो देश के अंदर कई विवादास्पद बयानों में घिरे रहे हैं। उन्होंने कहा कि सैम पित्रोदा का यह बयान कि राहुल गांधी राजीव गांधी से भी अच्छे हैं, कांग्रेस नेता लक्ष्मण सिंह ने ही खारिज कर दिया है। लक्ष्मण सिंह ने कहा कि सैम पित्रोदा कांग्रेस के घोर विरोधी हैं और उनका यह बयान कांग्रेस की चापलूसी का हिस्सा है। शर्मा ने कहा कि यह दौर कांग्रेस में चापलूसी का है, जो सैम पित्रोदा प्रदर्शित कर रहे हैं। बता दें कि लक्ष्मण सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर सैम पित्रोदा के उस बयान पर निशाना साधा था, जिसमें सैम ने कहा था कि राहुल गांधी पिता राजीव से ज्यादा समझदार हैं। लक्ष्मण सिंह ने एक्स पर लिखा था कि यह कांग्रेस का सबसे बड़ा दुश्मन है। बाप बेटे में फर्क पैदा कर रहा है। हालांकि, बाद में उन्होंने अपना पोस्ट डिलीट कर दिया था। सैम पित्रोदा ने कहा था कि राहुल गांधी अपने पिता राजीव गांधी से ज्यादा समझदार हैं। राहुल गांधी की इमेज को सोशल मीडिया पर खराब किया गया था, इसके लिए लाखों डॉलर खर्च किए गए थे। अब लोगों को दिख रहा है कि वह उनकी झूठी इमेज थी। राहुल गांधी भविष्य के प्रधानमंत्री की सारी योग्यताएं हैं। वो एक अच्छे इंसान हैं और पढ़ें लिखे हैं।

# उमर अब्दुल्ला के लिए गांदरबल सीट आसान नहीं

### इन चार नेताओं से होगा मुकाबला



**गांदरबल, एजेंसी।** जम्मू एवं कश्मीर की गांदरबल विधानसभा सीट पर मुकाबला नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला के लिए आसान नहीं होगा। इस सीट के लिए कुल 24 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है। जिनमें से चार उम्मीदवार उमर अब्दुल्ला को कांटे की टक्कर देंगे। मौलवी सरजन बरकती ने भी इस विधानसभा क्षेत्र से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

बता दें कि सरजन अहमद वागे उर्फ सरजन बरकती उर्फ आजादी चाचा 2016 में तब सुर्खियों में आया था, जब 8 जुलाई 2016 को अनंतनाग जिले के कोकरनाग इलाके में सुरक्षा बलों ने हिजबुल के पोस्टर बॉय बुरहान वानी को मार गिराया था। उस दौरान बरकती के भड़काऊ भाषणों ने युवाओं को आतंकवादी संगठनों में शामिल होने के लिए उकसाया था। बरकती इस समय जेल में बंद है। उसे पहली बार 2016 में गिरफ्तार किया गया था और रिहा होने के बाद पिछले साल उसे फिर से गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत गिरफ्तार किया गया। उसे आतंकवादी-अलगाववादी का विचारक, प्रवर्तक और समर्थक माना जाता है। उसकी पत्नी को भी धन शोधन के एक मामले में गिरफ्तार किया गया था।

इससे पहले शोपियां जिले के जैनपोरा निर्वाचन क्षेत्र में बरकती का नामांकन पत्र खारिज कर दिया गया था, क्योंकि जेल अधीक्षक द्वारा सत्यापित अनिवार्य शपथ पत्र नामांकन पत्र के साथ संलग्न नहीं था। अब गांदरबल और बीरवाह में उसके कागजात की जांच की जाएगी। रिश्तेदारों और समर्थकों का दावा है कि इस बार मौलवी के कागजात हर तरह से पूरे हैं। वैसे कहा ये भी जा रहा है कि उमर अब्दुल्ला के खिलाफ चुनावी मैदान में बरकती की दावेदारी का एनसी नेता के लिए कम चुनौतीपूर्ण है, क्योंकि अब्दुल्ला परिवार एक राजनीतिक परिवार के रूप में गांदरबल में अच्छी तरह से स्थापित है। हालांकि बरकती ने उमर अब्दुल्ला के खिलाफ चुनौती को थोड़ा बढ़ा दिया है, लेकिन गांदरबल में एनसी की असली चिंता अन्य दो संभावित मजबूत उम्मीदवारों से है। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के बशीर अहमद मीर और जेएंडके यूनाइटेड मूवमेंट (जेकेयूएम) से राह जुदा कर निर्दलीय ताल ठोक रहे इश्फाक जब्बार शामिल हैं। बता दें कि मीर पड़ोसी कंगन विधानसभा क्षेत्र से आते हैं। वह पहले भी एनसी के वरिष्ठ गुज्जर नेता मियां अल्ताफ अहमद को चुनौती देते रहे हैं। 2014 के चुनावों में मियां ने मीर को 2,000 से भी कम मतों से हराया था और यह उन लोगों के लिए एक बड़ा झटका था जो यह मान रहे थे कि कंगन निर्वाचन क्षेत्र में मियां परिवार की धार्मिक-राजनीतिक ताकत के सामने मीर काफी पीछे दूसरे स्थान पर रहेंगे। परिसीमन के बाद कंगन अब एक अनुसूचित जनजाति सीट है और यही मुख्य कारण है कि बशीर मीर पड़ोसी गांदरबल विधानसभा सीट पर चले गए। मीर का गांदरबल में जाना भगोड़े का भागना नहीं है। गांदरबल में पीडीपी की एक राजनीतिक पार्टी के रूप में अच्छी पकड़ है और यही वह निर्वाचन क्षेत्र है जहां 2002 के चुनावों में उमर अब्दुल्ला पीडीपी के काजी अफजल से हार गए थे। उमर ने बाद में 2008 में यहां से जीत हासिल कर अपनी हार का बदला लिया, लेकिन 2024 में मुकाबला कुछ हटकर मुकाबला होगा। युवा वोटर्स बशीर मीर के पक्ष में एकजुट हो गए हैं और इससे उमर अब्दुल्ला के खिलाफ संभावनाएं बढ़ गई हैं। इश्फाक जब्बार की मौजूदगी से भी एनसी की चिंताएं बढ़ गई हैं। 2014 में उन्होंने इस निर्वाचन क्षेत्र से एनसी उम्मीदवार के तौर पर जीत हासिल की थी, लेकिन बाद में उन्हें 'एनसी विरोधी गतिविधियों' के चलते पार्टी से निकाल दिया गया था। इश्फाक गांदरबल के लार गांव से ताल्लुक रखते हैं और दिवंगत शेख जब्बार के बेटे हैं, जो एक वरिष्ठ एनसी नेता थे, जिन्होंने 1984 में डॉ. फारूक अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली एनसी सरकार को गिराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी- तब 17 एनसी विधायकों ने पार्टी छोड़ दी थी और फारूक के बहनोई जीएम शाह ने दलबदलुओं का नेतृत्व करते हुए कांग्रेस के समर्थन से सरकार बनाई थी। इश्फाक ने पिछले 10 वर्षों से गांदरबल के लोगों के बीच अपनी उपस्थिति बनाए रखी है। इसी दौरान उन्होंने जेकेयूएम का गठन किया। उमर अब्दुल्ला के खिलाफ उनकी मौजूदगी ऐसी नहीं है जिसे एनसी हल्के में ले सकती है।

## गुरुग्राम में बीटेक के छात्र का अपहरण, आरोपियों ने बाइक बेची और खाते से निकाले लाखों रुपए

**गुरुग्राम, एजेंसी।**
गुरुग्राम विश्वविद्यालय के बी.टेक (सेकेंड ईयर) के छात्र का अपहरण कर उसकी बाइक बेचने और खाते से जबरन 1.87 लाख रुपए निकाले जाने का मामला सामने आया है। छात्र का आरोप है कि तीन युवकों ने कथित तौर पर एसयूवी में उसे अगवा कर लिया और रुपये निकाल लिए। इस बारे में गुरुवार को जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने बी.टेक छात्र को करीब 7 घंटे तक अपनी एसयूवी में बंधक बनाकर रखा और उसे दिल्ली ले गए, जहां उन्होंने पीड़ित की कावासाकी जेड 900 बाइक 5.80 लाख रुपए में बेच दी और उससे पैसे लूट लिए।

पुलिस ने बताया कि आरोपी उसे सेक्टर 56 में सड़क किनारे फेंककर भाग गए। घटना के बाद पीड़ित डर गया और उसने अपने चचेरे भाई मोहित को इस बारे में बताया, जो उसे सेक्टर 56 के पुलिस थाने ले गया। जिसके बाद पुलिस ने बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पुलिस ने बताया कि घटना 28 अगस्त को पीड़ित अथर्व के पीजी में हुई। पीड़ित की पहचान पलवल के आगरा चौक निवासी अथर्व के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि अथर्व यहां सेक्टर 55 में एक पीजी में रहता है। अथर्व द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार आरोपी भानु, तिलक और गौरव उसके दोस्त पंकज के माध्यम से सेक्टर 80 में उससे मिले थे। तीनों युवक गुंडे हैं और नशा करते हैं।

28 अगस्त को आरोपी तिलक ने वॉट्सएप कॉल के जरिए अथर्व की लोकेशन पूछी। उसने बताया कि वह अपने पीजी रूम में है और शाम करीब 4.15 बजे तीनों वहां पहुंचे और अपनी एसयूवी में उसका अपहरण कर लिया। अथर्व ने कहा कि उन्होंने उसे जान से मारने की धमकी देते हुए उसका मोबाइल फोन छीन लिया और उसके यूपीआई खाते से 1.7 लाख रुपए के चार ट्रांजेक्शन किए। शिकायतकर्ता ने कहा कि आरोपी तिलक और गौरव ने उसे अपनी एसयूवी में बंधक बना लिया और भानु मेरे कमरे में गया, जहां से उसने मेरा लैपटॉप, आईपैड, प्ले स्टेशन, घड़ी, एयरपॉड और पॉवर बैंक निकाला और कार में रख लिया। भानु ने पीड़ित की पैंट की जेब से उसकी लग्जरी कावासाकी जेड 900 बाइक की चाबी भी निकाली और उसे लेकर निकल गया। उनके साथ अन्य दो लोग भी कार से दिल्ली के नारायणा स्थित बाइक शोरूम पहुंचे।

## मोदी सरकार के लिए वक्फ संशोधन विधेयक पास कराना अब आसान नहीं ! बीजेडी भी हुई बिल के खिलाफ

**भुवनेश्वर, एजेंसी।**
भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के लिए वक्फ संशोधन विधेयक को राज्यसभा में पास कराना चुनौतीपूर्ण हो सकता है. कभी मोदी सरकार के तमाम फैसलों के साथ खड़ी होने वाली पार्टी बीजेडी ने राज्यसभा में वक्फ संशोधन विधेयक का विरोध करने का एलान किया है. ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री और बीजू जनता दल (बीजेडी) के अध्यक्ष नवीन पटनायक ने गुरुवार को कहा कि अगर संसद में वक्फ संशोधन विधेयक पेश किया जाता है तो उनकी पार्टी इसका कड़ा विरोध करेगी.



भुवनेश्वर में शंख भवन में बीजेडी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की बैठक के समापन सत्र को संबोधित करते हुए पटनायक ने कहा कि ओडिशा सद्भाव, भाईचारे और शांति के लिए जाना जाता है. पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, अगर यह विधेयक संसद में पेश किया जाता है तो बीजेडी इसका कड़ा विरोध करेगी. पटनायक ने कहा कि हमें अपनी सांस्कृतिक विविधता पर गर्व है. समृद्ध देश के निर्माण के लिए सभी के सहयोग की जरूरत है. पटनायक ने यह भी दावा किया कि वह हर दिन अल्पसंख्यक समुदायों के लोगों से मिल रहे हैं और वे असुरक्षा की भावना व्यक्त की है.

**राज्यसभा सांसद मुन्ना खान का बयान:** बीजेडी के राज्यसभा सांसद मुन्ना खान ने कहा कि उनकी पार्टी राज्यसभा में वक्फ संशोधन विधेयक का विरोध करेगी. बीजेडी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष खान ने कहा, भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार संसद में वक्फ संशोधन विधेयक लाने की कोशिश कर रही है. वक्फ संशोधन विधेयक के लिए जेपीसी का गठन किया गया है. बीजेडी वक्फ संशोधन विधेयक का विरोध करेगी. बीजेडी अध्यक्ष नवीन पटनायक ने हमें इस बारे में स्पष्ट निर्देश दिए हैं. हम संसद में इस विधेयक का विरोध करेंगे.

उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व में ओडिशा में बीजेडी की सरकार थी. हम संघीय व्यवस्था में केंद्र सरकार के साथ मिलकर काम कर रहे थे. हमने ओडिशा को आगे बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार का समर्थन किया है. हमने विरोध भी किया है. उन्होंने हमारी इस आस्था को नहीं माना कि हमने भाजपा का समर्थन किया था.

बता दें, बीजेडी से पहले भाजपा के सहयोगी दलों ने भी वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर आपत्ति जताई है. जेडीयू, लोक जनशक्ति और टीडीपी ने भी विधेयक का विरोध किया है. देश में मुसलमानों के हितों की रक्षा के लिए विभिन्न राजनीतिक दल प्रस्तावित कानून में बदलाव चाहते हैं.

## तेलंगाना में 9 सितंबर तक भारी बारिश का अनुमान

**हैदराबाद, एजेंसी।**
बंगाल की खाड़ी में कम दबाव वाले क्षेत्र के प्रभाव के चलते 9 सितंबर तक तेलंगाना के कई हिस्सों में भारी बारिश का अनुमान है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अगले चार दिनों के लिए कई जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, तटीय आंध्र प्रदेश और उससे सटे पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी पर चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव में, उत्तरी आंध्र प्रदेश-दक्षिण ओडिशा तटों से दूर पश्चिम-मध्य और उससे सटे उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी पर एक कम दबाव का क्षेत्र बन गया है। अगले दो दिनों में इसके धीरे-धीरे उत्तर की ओर बढ़ने की संभावना है। आदिलाबाद, जयशंकर भूपालपल्ली, मुलुगु, भद्राद्री कोठागुडेम, वारंगल और हनमकोंडा जिलों में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है। आदिलाबाद, कोमाराम भीम आसिफाबाद, मंचेरियल, निर्मल, निजामाबाद, जगतियाल, राजन्ना सिरसिल्ला, करीम नगर, पेद्दापल्ली, जयशंकर भूपालपल्ली, मुलुगु, भद्राद्री कोठागुडेम खम्मम, नलगोंडा, सूर्यापेट, महबुबाबाद, वारंगल, हनमकोंडा, जनगांव, सिद्दीपेट, यदाद्री भुवनगिरी, रंगारेड्डी, हैदराबाद, मेडचल मल्काजगिरी, विकाराबाद, संगारेड्डी, मेदक और कामारेड्डी जिले में अलग-अलग स्थानों पर बिजली और तेज़ हवाओं (30-40 किमी प्रति घंटे) के साथ गरज के साथ बारिश होने की संभावना है। शनिवार को जयशंकर भूपालपल्ली, मुलुगु, भद्राद्री कोठागुडेम, खम्मम, महबुबाबाद, वारंगल और हनमकोंडा जिलों में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है। वहीं मौसम विभाग ने रविवार के लिए जयशंकर भूपालपल्ली, मुलुगु, भद्राद्री कोठागुडेम, महबूबाबाद, वारंगल और हनमकोंडा जिलों में फिर से भारी बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है। सोमवार (9 सितंबर) को कई जिलों में अलग-अलग स्थानों पर बिजली चमकने और तेज हवाएं (30-40 किमी प्रति घंटे) चलने के साथ गरज के साथ बारिश होने की संभावना है। इस हफ्ते की शुरुआत में भारी बारिश और बाढ़ ने खम्मम, भद्राद्री कोठागुडेम, महबूबाबाद, सूर्यपेट, नलगोंडा और अन्य जिलों में कहर बरपाया, जिसमें कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई और फसलों, सड़कों, बिजली तथा संचार टावरों और सिंचाई टैंकों को भारी नुकसान पहुंचा। मुन्नरू नदी के उफान पर होने के कारण खम्मम कस्बे के कई हिस्से भी बाढ़ की चपेट में आ गए। जलमग्न इलाकों में अभी भी सामान्य स्थिति बहाल नहीं हो पाई है। राज्य सरकार के प्रारंभिक अनुमान के अनुसार भारी बारिश और बाढ़ से 5,000 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है।



## विधानसभा के चुनाव होते ही पूर्ण राज्य का दर्ज़ा जम्मू-कश्मीर को दिया जाएगा: अनुराग ठाकुर

**शिमला, एजेंसी।**
केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को बड़ा बयान देते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनावों के तुरंत बाद इसे पूर्ण राज्य का दर्ज़ा दिया जाएगा। ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर के विकास के लिए ठोस कदम उठाए हैं, और अब समय आ गया है कि इसे फिर से पूर्ण राज्य का दर्ज़ा मिल जाए। दरअसल कल जम्मू-कश्मीर के रामबन में एक जनसभा को संबोधित करते हुए लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने जम्मू-कश्मीर की जनता से स्टेटहुड वापस दिलाने का वादा किया। इतना ही नहीं राहुल गांधी ने जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस गठबंधन की सरकार बनने का दावा भी किया।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, पहली बार हिंदुस्तान के एक राज्य को केंद्र शासित प्रदेश बनाकर लोगों के अधिकार छीने गए। हिंदुस्तान के इतिहास में ऐसा पहले कभी नहीं हुआ है। सबसे पहले जम्मू-कश्मीर को स्टेटहुड का दर्जा वापस करना होगा, क्योंकि सिर्फ आपका राज्य ही नहीं छीना गया है, आपसे आपके अधिकार, आपकी संपत्ति, सब कुछ छीना जा रहा है। 1947 में हमने राजाओं को हटाकर लोकतांत्रिक सरकार बनाई, हमने देश को संविधान दिया। आज जम्मू-कश्मीर में एक राजा बैठा है, उसका नाम एलजी है। लेकिन, वो राजा है जो आपकी संपत्ति आपसे छीनकर बाहर के लोगों को दे रहा है।



राहुल गांधी ने भाजपा पर प्रहार करते हुए कहा, हमारा पहला कदम जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस दिलाना होगा, हम चाहते थे कि चुनाव से पहले आपको राज्य का दर्जा मिले और फिर चुनाव हों, लेकिन भाजपा यह नहीं चाहती। भाजपा चाहे या ना चाहे, इंडिया गठबंधन इतना दबाव डालेगी कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देना ही होगा।

## मंच पर फूट-फूटकर रोए पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह, बोले- कांग्रेस ने मुझे फंसाया

**गोंडा, एजेंसी।**
निजी विद्यालय में स्मार्ट फोन-टैबलेट वितरण कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह फूट-फूटकर रो पड़े. उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित किया. कांग्रेस समेत नेता दीपेंद्र और भूपेंद्र हुड्डा पर निशाना भी साधा. इसके बाद मंच पर ही एक कुर्सी पर बैठ गए. फिर एमएलसी अवधेश कुमार उर्फ मंजू सिंह ने जैसे ही उनके ऊपर लगे आरोपों पर बोलना शुरू किया पूर्व सांसद भावुक को गए. वह गमछे से बार-बार अपने आंसू पोंछते रहे. इसकी वीडियो भी सामने आया है.

भाजपा के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि मेरे खिलाफ षडयंत्र रचा गया. कांग्रेस पार्टी के साथ दीपेंद्र और भूपेंद्र हुड्डा ने यह साजिश रची. पहले मैं कहता था लेकिन आज देश कह रहा है. 1996 में साजिश हुई तो पत्नी केतकी सिंह सांसद बनीं. अब 2023 में साजिश हुई तो बेटा करण भूषण सांसद बना. मैं 1991 से सांसद हूं. पहले कोई मेरी सेल्फी नहीं लेता था. इस घटना के बाद से हीरो, हिरोइन, साधू-संत समेत तमाम लोग सेल्फी लेते हैं.



**बदनाम हुआ तो नाम भी हुआ :** डब्लूएफआई के पूर्व अध्यक्ष व पूर्व सांसद ने आगे कहा कि अगर हम हुए बदनाम तो नाम भी तो हुआ. इसके बाद अपना संबोधन समाप्त कर वह मंच पर रखी एक कुर्सी पर बैठ गए. इसके बाद गोंडा- बलरामपुर सीट से एमएलसी अवधेश कुमार उर्फ मंजू सिंह ने माइक संभाला. उन्होंने महिला पहलवानों के आंदोलन को निशाने पर लिया. पूर्व सांसद पर लगाए गए आरोपो को फर्जी बताया. कहा कि वह समाजसेवी हैं. इस बीच पूर्व सांसद भावुक हो गए. उनकी आंखों में आंसू हो गए. वह अपने गमछे से आंसू पोछते नजर आए.

**कौन हैं बृजभूषण शरण सिंह :** कैसरगंज से पूर्व सांसद रह चुके बृजभूषण शरण सिंह का बृजभूषण शरण सिंह है. उनके लगभग 52 स्कूल और कॉलेज हैं. इनमें नंदिनी कॉलेज, नंदिनी नगर लॉ कॉलेज, नंदिनी एजुकेशनल इंस्टीट्यूट, नंदिनी नगर कॉलेज ऑफ फार्मेसी, नंदिनी नगर पीजी कॉलेज, नंदिनी नगर टेक्निकल कैंपस फॉर इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, महिला शैक्षिक प्रशिक्षण कॉलेज आदि है. वह करोड़ों को मालिक हैं. बृजभूषण का जन्म 8 जनवरी 1957 को गोंडा के गांव विष्णोहरपुर में हुआ. 1981 में उन्होंने केतकी सिंह के साथ शादी की.

साल 2004 में 23 साल के उनके बेटे शक्ति शरण सिंह ने सुसाइड कर लिया था. दूसरे बेटे प्रतीक भूषण सिंह साल 2017 में गोंडा से भाजपा के टिकट पर विधायक बने. इस बार के लोकसभा चुनाव में वह कैसरगंज से सांसद चुने गए हैं. बृजभूषण साल 1985 से राम मंदिर आंदोलन में भी शामिल रहे. साल 1992 में अयोध्या में विवादित ढांचे को गिराने में भी उनका नाम आया था. **इस मामले में फंसे :** पूर्व बृजभूषण शरण सिंह पर महिला पहलवानों से यौन शोषण के आरोप लगाए थे. इसे लेकर पहलावन साक्षी मलिक समेत कई पहलवानों ने दिल्ली में जंतर-मंतर पर कार्रवाई की मांग को लेकर धरना दिया था. इसके बाद वह भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष पद से हट गए थे. यह मामला पूरे देश में सुर्खियों में रहा. लोकसभा चुनाव 2024 में उन्हें इसका खामियाजा भुगतना पड़ा. भाजपा ने उन्हें टिकट नहीं दिया.

## नोएडा पुलिस के लिए अनसुलझी पहेली बनी 17केजी सोने की चोरी

**नोएडा , एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा में चार साल पहले हुई उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी चोरी आज भी चर्चा में है। अगस्त 2020 में सिल्वर सिटी-2 सोसाइटी के फ्लैट नंबर-301 से चोरों ने 36 किलो सोना और छह करोड़ की नकदी चुरा ली थी। 10 महीने बाद चोर पकड़े गए और 17 किलो सोना और 57 लाख रुपये बरामद हुए, लेकिन न तो किसी ने चोरी का केस दर्ज कराया और ना ही किसी ने बरामद माल पर दावा किया। पुलिस ने हाल में नौ लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया, लेकिन उसमें भी इसका जिक्र नहीं था कि बरामद माल किसका है।

पुलिस के अनुसार, चोरी की इस घटना में दस आरोपी शामिल थे। अब तक तीन चार्जशीट दाखिल की गई हैं। पुलिस ने बताया कि पहले बरामद माल किशलय पांडेय और राम मूर्ति पांडेय का होने का दावा किया जा रहा था, लेकिन उन्होंने इससे इनकार कर दिया। पुलिस ने जांच के लिए आयकर विभाग और ईडी को भी पत्र लिखा था, लेकिन दोनों विभागों ने दिलचस्पी नहीं दिखाई। काले धन की यह पहेली अब भी उलझी हुई है। आखिर किराये के फ्लैट में किसने करोड़ों की नकदी और सोने की ईंट छिपाकर रखी थीं। यह काला धन कहां से आया था, यह किसी हवाला कारोबार का हिस्सा था या फिर रैकेट का हिस्सा है। गौतमबुद्धनगर के जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि जब तक इस मामले की कोर्ट में सुनवाई चलेगी, तब तक बरामद माल कोषागार में सुरक्षित रखा रहेगा।

# 900वां करियर गोल दाग कर भावुक हुए फुटबॉलर रोनाल्डो

## यूईएफए नेशंस लीगः पुर्तगाल ने क्रोएशिया को 2-1 से हराया



**नईदिल्ली, एजेंसी।** सऊदी अरब में क्लब फुटबॉल खेलने वाले रोनाल्डो ने एस्टाडियो डा लूज में खेले गए मैच के 34वें मिनट में नूनो मेंडेस के क्रॉस पर गोल कर प्रोफेशनल फुटबॉल में इतिहास रच दिया।

बैलन डीओर के लिए शॉर्टलिस्ट नहीं किए गए पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो गुरुवार को क्रोएशिया के खिलाफ मैच में करियर गोल दागने के बाद भावुक हो गए। रोनाल्डो ने करियर का रिकॉर्ड 900वां गोल दागा जिससे उनकी टीम ने यूएफा नेशंस लीग के पहले मैच में क्रोएशिया को 2-1 से हरा दिया। रोनाल्डो ने कुछ दिन पहले सऊदी अरब में अपने क्लब अल-नस्र के लिए शानदार फ्री-किक पर गोल किया और इस उपलब्धि के नजदीक पहुंचे थे। गुरुवार रात को इस 39 वर्षीय फुटबॉलर ने माइलस्टोन हासिल करते हुए ऐसे जश्न मनाया, जैसे कि उन्होंने अपने करियर का पहला गोल किया हो। सऊदी अरब में क्लब फुटबॉल खेलने वाले रोनाल्डो ने एस्टाडियो डा लूज में खेले गए मैच के 34वें मिनट में नूनो मेंडेस के क्रॉस पर गोल कर प्रोफेशनल फुटबॉल में इतिहास रच दिया। पुर्तगाल की जर्सी में यह उनका 131वां गोल रहा। गोल का जश्न मनाते हुए रोनाल्डो भावुक नजर आए। 900 में से उनके आधे गोल रियल मैड्रिड के लिए आए हैं। बाकी गोल उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मैच के अलावा स्पोर्टिंग लिस्बन, मैनचेस्टर यूनाइटेड, युवेंतस और मौजूदा क्लब अल नस्र के लिए किए हैं।

रोनाल्डो ने सोशल मीडिया पर अपने माइलस्टोन को शेयर भी किया है। इस पोस्ट में उन्होंने कुछ ऐसा लिखा जिससे यह प्रतीत होता है कि वह हाल-फिलहाल में संन्यास नहीं लेने जा रहे हैं। उन्होंने लिखा- मैंने इसका सपना देखा था, मेरे और भी कई सपने हैं। आप सभी का धन्यवाद! रोनाल्डो को विश्व के महानतम फुटबॉलर्स में से एक माना जाता है। उनके और अर्जेंटीना के लियोनल मेसी के बीच मौजूदा समय के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर को लेकर बहस रहती है। हालांकि, मेसी ने 2022 में फीफा विश्व कप जीतकर कुछ हद तक इस बहस को आसान बना दिया था, लेकिन रोनाल्डो का क्लब करियर बेहद शानदार है। रोनाल्डो पहले से ही प्रोफेशनल फुटबॉल और अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। उनके बाद दूसरे स्थान पर मेसी हैं, जिन्होंने प्रोफेशनल फुटबॉल करियर में 838 गोल किए हैं।

मैच की बात करें तो रोनाल्डो के गोल से पहले डिओगो डालोट के गोल ने पुर्तगाल को शुरुआत में ही बढ़त दिला दी थी। हालांकि, डालोट ने इसके बाद एक आत्मघाती गोल भी दागा, जिससे स्कोर 1-1 हो गया। रोनाल्डो के गोल से पुर्तगाल जीत हासिल करने में कामयाब रहा। दोनों टीमें नेशंस लीग के ग्रुप ए-1 में पोलैंड और स्कॉटलैंड के साथ हैं। पुर्तगाल रविवार को लिस्बन में स्कॉटलैंड की मेजबानी करेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व पहलवान विनेश फोगाट ने भारतीय रेलवे से दिया इस्तीफा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की पूर्व पहलवान विनेश फोगाट ने निजी कारणों का हवाला देकर भारतीय रेलवे से शुक्रवार को इस्तीफा दे दिया जबकि उनके कांग्रेस पार्टी में शामिल होने की अटकलें तेज हैं। विनेश ने एक्स पर लिखा, 'भारतीय रेलवे की सेवा करना मेरे जीवन का यादगार और गर्व से भरा समय रहा। उन्होंने आगे लिखा, 'मैने रेलवे की सेवा से खुद को अलग करने का फैसला किया है और भारतीय रेलवे के संबंधित अधिकारियों को अपना इस्तीफा भेज दिया है। विनेश ने लिखा, 'मैं रेलवे द्वारा देश की सेवा करने का मौका दिए जाने के लिए सदैव भारतीय रेलवे परिवार की आभारी रहूंगी। विनेश ने पेरिस ओलंपिक में 50 किलो के स्वर्ण पदक के मुकाबले से ठीक पहले अयोग्य करार दिए जाने के कारण कुश्ती से संन्यास ले लिया था। उनकी अपील को खेल पंचाट ने खारिज कर दिया था।

### अपना सर्वश्रेष्ठ देना होगा क्योंकि हर जीत मायने रखती है : यशस्वी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के युवा बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल का मानना है कि टीम को अगले कुछ महीनों में खेले जाने वाले 10 टेस्ट मैचों में अपना सर्वश्रेष्ठ देना होगा। उन्होंने कहा कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के कारण हर जीत बहुत मायने रखती है। पिछले साल वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने टेस्ट डेब्यू पर जायसवाल ने शानदार 171 रन बनाए और इस साल इंग्लैंड पर भारत की 4-1 की जीत में उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया जिसमें विशाखापत्तनम और राजकोट में लगातार दोहरे शतक शामिल हैं।

वह सुनील गावस्कर के बाद द्विपक्षीय टेस्ट सीरीज में 700 रन बनाने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए। जायसवाल ने कहा, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के कारण हर मैच महत्वपूर्ण है। आपको अपना सर्वश्रेष्ठ देना होगा क्योंकि हर जीत मायने रखती है। भारत के लिए खेलने का कोई भी अवसर अविश्वसनीय है, और देश का प्रतिनिधित्व करना मेरी सबसे बड़ी प्रेरणा है। भारत अपने घरेलू सत्र की शुरुआत बांग्लादेश के खिलाफ 19 सितंबर को चेन्नई में दो मैचों की टेस्ट सीरीज से करेगा।

बांग्लादेश रावलपिंडी में पाकिस्तान पर 2-0 की ऐतिहासिक सीरीज जीत हासिल करने के बाद आएगा। जायसवाल ने कहा, मुझे लगता है कि वे अच्छा खेल रहे हैं। उनके साथ मैच खेलना मजेदार होगा, टेस्ट मैच खेलना मजेदार है। मैं वास्तव में इसके लिए उत्सुक हूं। जायसवाल ने गुरुवार को बेंगलुरु में भारत ए के खिलाफ दलीप ट्रॉफी के पहले दौर के खेल में भारत बी के 321 के कुल स्कोर में 30 रन बनाए। घरेलू क्रिकेट से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में आसानी से बदलाव करने में उनकी मदद करने वाली चीजों के बारे में पूछे जाने पर जायसवाल ने कहा, मैंने अपना फॉर्म बनाए रखने के लिए कड़ी मेहनत की है और इसे बनाए रखने के लिए ऐसा करना जारी रखूंगा।



यूएस ओपन

## सबालेंका यूएस ओपन के फाइनल में पहुंची

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** दूसरी वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका ने यूएस ओपन टेनिस चैंपियनशिप की विमेंस सिंगल्स कैटेगरी के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। वहीं, इटली की सारा ईरानी और एड्रिया वावसारी की जोड़ी मिक्स्ड डबल्स कैटेगरी में चैंपियन बनी।

न्यूयॉर्क में शुक्रवार को बेलारूसी स्टार सबालेंका ने पहले सेमीफाइनल मुकाबले में अमेरिका की एमा नवारो को सीधे सेट में 6-3, 7-6 से हराया। उनका सामना रविवार को अमेरिका की जेसिका पेगुला से होगा। छठी सीड जेसिका ने चेक रिपब्लिक की करोलिना मुचोवा को 3 सेट तक चले मुकाबले में 1-6, 6-4, 6-2 से हराया।

बेलारूसी स्टार सबालेंका सेमीफाइनल मुकाबले में मेजबान देश की खिलाड़ी पर भारी पड़ीं। उन्होंने पहला सेट 6-3 से जीत लिया, हालांकि दूसरे सेट में अमेरिकी स्टार नवारो ने उन्हें फाइट दी। लेकिन सबालेंका ने अपने अनुभव का फायदा उठाते हुए दूसरे सेट को टाई ब्रेकर तक ले गई।

उन्होंने इस सेट को 7-6 के अंतर से जीत लिया। दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में मेजबान देश की छठी सीड खिलाड़ी जेसिका ने मुचोवा को 2 घंटे 12 मिनट चले मुकाबले में हराया। उन्होंने पहला सेट 1-6 से गंवाने के बाद 6-4, 6-2 की जबर्दस्त वापसी की। मेजबान देश की एमा नवारो ने सबालेंका को दूसरे सेट में कड़ी फाइट दी। मिक्स्ड डबल्स कैटेगरी के फाइनल मुकाबले में इटली और अमेरिका की जोड़ियों में कड़ी टक्कर देखने को मिली। इटैलियन जोड़ी ने फाइनल मुकाबले के दोनों सेट टाई ब्रेकर में जीते। सारा ईरानी और एड्रिसा वावसारी की तीसरी सीड जोड़ी ने डोनाल्ड यंग और टेलर टाउनसेंड की जोड़ी को 7-6, 7-5 से हराया।

## आईपीएल 2025 से पहले कुमार संगाकारा लेंगे गौतम गंभीर की जगह?





**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 से पहले सिर्फ टीमों में खिलाड़ियों के रूप में नहीं, बल्कि कोचिंग स्टाफ के रूप में भी बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं. जैसे मेगा ऑक्शन से पहले खिलाड़ी एक टीम से दूसरी टीम में जा सकते हैं, वैसे ही कोचिंग स्टाफ के सदस्य भी एक टीम से दूसरी टीम में शामिल हो सकते हैं.

अब खबर सामने आई कि राजस्थान रॉयल्स के टीम डायरेक्टर कुमार संगाकारा कोलकाता नाइट राइडर्स में गौतम गंभीर की जगह ले सकते हैं. रिपोर्ट के मुताबिक, संगाकारा कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटॉर बनने की बातचीत में लगे हुए हैं. अगर संगाकारा केकेआर के मेंटॉर बनते हैं, तो वह गौतम गंभीर की जगह लेंगे. टीम इंडिया के हेड कोच बनने के बाद गंभीर को केकेआर का साथ छोड़ना पड़ा था. 2024 में गंभीर कोलकाता के मेंटॉर के रूप में नजर आए थे. अब 2025 में कुमार संगाकार केकेआर के मेंटॉर के रूप में दिख सकते हैं.

### 2024 में अच्छा रहा था राजस्थान रॉयल्स का प्रदर्शन

रिपोर्ट में इस बात का भी खुलासा किया गया कि श्रीलंका के पूर्व बल्लेबाज कुमार संगाकारा राजस्थान रॉयल्स से अपने रास्ते अलग करके दूसरी टीमों के ऑफर को देखना चाहते हैं. हालांकि अभी इस बात को लेकर किसी भी तरह की कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है. अब देखना दिलचस्प होगा कि क्या वाकई में ऐसा बदलाव होता है या नहीं.

आईपीएल 2024 में राजस्थान रॉयल्स ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई किया था. टीम ने 14 में से 8 मैचों में जीत हासिल कर नंबर तीन की जगह हासिल की थी.

## IPL में 130 रुपये में भी नहीं बिकेगा

### यूट्यूबर ने पाकिस्तान के बल्लेबाज बाबर आजम का उड़ाया मजाक



**नईदिल्ली, एजेंसी।** हाल ही में बांग्लादेश ने पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज में शानदार जीत हासिल की, जिससे पाकिस्तान क्रिकेट को एक बड़ा झटका लगा है। बांग्लादेश ने पाकिस्तान को 2-0 से हराकर पहली बार टेस्ट सीरीज में घर में पराजित किया। इस हार ने पाकिस्तान की विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की प्वाइंट टेबल और आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में भी महत्वपूर्ण नुकसान किया है।

### सीरीज की हार और पाकिस्तान क्रिकेट की स्थिति

पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच यह टेस्ट सीरीज रावलपिंडी में खेली गई थी। पहले मैच में बांग्लादेश ने पाकिस्तान को हराया और दूसरे मैच में भी बांग्लादेश ने पाकिस्तान को 7 विकेट से हराकर सीरीज पर कब्जा जमाया। इस हार के बाद पाकिस्तान क्रिकेट की टीम और उनके प्रशंसकों को सोशल मीडिया पर काफी आलोचना का सामना करना पड़ा। पूर्व क्रिकेटर्स और क्रिकेट फैंस ने टीम की आलोचना की और हार के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराया।

### बाबर आजम पर यूट्यूबर की टिप्पणियां

इस सीरीज के दौरान पाकिस्तान के प्रमुख बल्लेबाज बाबर आजम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। बाबर आजम, जो पाकिस्तान की बल्लेबाजी का मुख्य आधार हैं, इस सीरीज में बहुत ही खराब फॉर्म में दिखे। उनकी इस निराशाजनक प्रदर्शन के चलते सोशल मीडिया पर उन्हें ट्रोल किया जा रहा है।

एक पाकिस्तानी यूट्यूबर ने बाबर आजम की आलोचना करते हुए कहा, आईपीएल में तो कोई उन्हें 130 रुपये में भी नहीं खरीदेगा। यह टिप्पणी बाबर के हालिया प्रदर्शन पर तंज कसते हुए की गई थी। हालांकि, ध्यान देने वाली बात है कि फिलहाल आईपीएल में पाकिस्तानी खिलाड़ियों की भागीदारी पर प्रतिबंध लगा हुआ है, जिससे बाबर आजम को आईपीएल में खेलने का मौका नहीं मिलता।

### पाकिस्तान के कप्तान की प्रतिक्रिया

पाकिस्तान टेस्ट टीम के कप्तान शान मसूद ने हार की जिम्मेदारी लेते हुए कहा, मैं पूरी तरह से हार की जिम्मेदारी लेता हूं और देश से माफी मांगता हूं। मसूद ने हार की जिम्मेदारी स्वीकार की, जबकि टीम की हार ने पाकिस्तान क्रिकेट की स्थिति पर सवाल उठाए हैं। पाकिस्तान की बांग्लादेश के खिलाफ हार ने क्रिकेट प्रेमियों और विश्लेषकों का ध्यान आकर्षित किया है।

सीपीएल- 2024, चौका 0, छक्के 11

## शिमरोन हेटमायर का टूटा कहर, शतक से चूके, दिल जीता



**गुयाना, एजेंसी।** कैरेबियन प्रीमियर लीग 2024 के तहत सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रियट्स के खिलाफ खेले गए रोमांचक मुकाबले में गुयाना अमेजन वॉरियर्स के शिमरोन हेटमायर ने तूफानी पारी खेलकर सबको हैरान कर दिया।

गुआना के लिए खेलते हुए हेटमायर ने सिर्फ 39 गेंदों पर 91 रन बनाए। उनकी पारी की खासियत यह रही कि उन्होंने पारी में एक भी चौका नहीं लगाया, उनके सारे शॉट छक्के (11) के रूप में सामने आए। यही नहीं, उक्त मैच में कुल 42 छक्के भी लगे। गुआना ने 23 तो सेंट किट्स के बल्लेबाजों ने 19 छक्के उड़ाए। प्लेयर ऑफ द मैच बने शिमरोन हेटमायर ने कहा कि मुझे लगता है कि यह दो हिस्सों की पारी थी। शुरुआत में जब मैं और गुरबाज बल्लेबाजी कर रहे थे तो हम अच्छा खेल रहे थे। फिर गुरबाज़ और आज़म के आउट होने के बाद मुझे इसे थोड़ा पीछे खींचना पड़ा। थोड़ी सी थकान भी आ गई।

वहीं, पारी में कोई चौका न लगाने पर उन्होंने कहा कि नहीं, ऐसी कोई योजना नहीं थी। मैं कुछ अलग करने की बजाय सिर्फ गेंद को उसकी योग्यता के आधार पर खेलने की कोशिश कर रहा था। इसी बीच गेंद हवा में रही।

जीत के बाद गुयाना अमेजन वॉरियर्स के कप्तान इमरान ताहिर ने कहा कि मेरे पास जो टीम है उससे मैं कुछ भी उम्मीद कर सकता हूं और यही मेरा विश्वास है। हम पहले गेंदबाजी करना चाहते थे लेकिन फिर मैंने पिच को देखा और उन्हें दबाव में लाने के लिए पहले बल्लेबाजी करने के बारे में सोचा। हेटमायर ने अविश्वसनीय पारी खेली। हम बहुत भाग्यशाली थे कि बोर्ड पर इतना अच्छा स्कोर था लेकिन बचाव करना भी एक कला है और खुशी है कि हम यह काम करने में सक्षम रहे।

### ऐसा रहा मुकाबला

आंद्रे फ्लेचर और शेरफेन रदरफोर्ड ने गुयाना अमेज़ॅन वॉरियर्स को थोड़ी देर के लिए डरा दिया जब 267 रन के टारगेट का पीछा करते हुए सेंट किट्स के यह बल्लेबाज चौकेछक्के बरसा रहे थे। इससे पहले गुरबाज़ और हेटमायर ने शानदार पारियां खेलकर वॉरियर्स को सीज़न के सर्वोच्च स्कोर तक पहुंचाया। गुरबाज ने 37 गेंदों पर 69, हेटमायर ने 91 तो कीमो पॉल ने 14 गेंदों पर 38 रन बनाकर स्कोर 266 तक पहुंचा दिया।

जवाब में खेलने उतरी सेंट किट्स की टीम 18 ओवर में 226 रन पर ऑलआऊट हो गई। फ़्लेचर ने 33 गेंदों पर 9 छक्कों की मदद से 81 रन बनाए। लेकिन गुयाना को अंत में 40 रनों से जीत हासिल हुई।

## भारत को ऑस्ट्रेलिया में हराना क्यों है मुश्किल

### मार्नस लाबुशेन ने बताई वजह



**मुंबई, एजेंसी।** स्टार बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन ने कहा कि भारत के तेज गेंदबाजों के कारण उसे बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में आस्ट्रेलियाई हालात में हराना कठिन होगा। भारत ने 2014-15 में 1-2 से हारने के बाद ऑस्ट्रेलिया को हर द्विपक्षीय टेस्ट श्रृंखला में हराया है। भारत ने 2018-19 में ऑस्ट्रेलिया में श्रृंखला 2-1 से जीती थी।

लाबुशेन ने कहा, 'भारत के तेज गेंदबाज शानदार हैं जिसकी वजह से आस्ट्रेलियाई हालात में उन्हें हराना कठिन होगा। उन्होंने कहा, 'इस श्रृंखला को लेकर काफी अपेक्षाएं हैं। इन दोनों टीमों के बीच मुकाबले हमेशा कठिन होते हैं, चाहे वे जहां भी खेले जाएं। ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर नाथन लियोन ने भारतीय खिलाड़ियों को सुपरस्टार कहा और भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के साथ मैदान पर प्रतिद्वंद्विता फिर शुरू होने की उम्मीद जताई। उ

न्होंने कहा, 'मैने अपने पूरे करियर में कहा है कि मैं सर्वश्रेष्ठ के खिलाफ खेलना चाहता हूं। आप पूरी भारतीय टीम को देख लीजिये जिसमें सुपरस्टार भरे हैं। उन्होंने कहा, 'अश्विन और मैने एक ही समय पर पदार्पण किया था और कई श्रृंखलाओं में एक दूसरे के खिलाफ खेले हैं। मेरे मन में उनके लिए काफी सम्मान है। वह आफ स्पिन का महारती है और उससे काफी कुछ सीखने को मिलता है।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होगी। भारत विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र 2023-25 में 68.52 अंक लेकर शीर्ष पर है जबकि ऑस्ट्रेलिया 62.50 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल अगले साल 11 से 15 जून को लाडर्स पर खेला जाएगा।

## विक्रम राठौड़ अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के लिए न्यूजीलैंड के बल्लेबाजी कोच नियुक्त



**नोएडा, एजेंसी।** पूर्व भारतीय बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ग्रेटर नोएडा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ग्राउंड में 9 से 13 सितंबर तक अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट के लिए न्यूजीलैंड की पुरुष टेस्ट टीम के बल्लेबाजी कोच नियुक्त किये गए हैं। 2012 में राष्ट्रीय टीम के चयनकर्ता बनने से पहले राठौड़ ने 90 के दशक के अंत में भारत के लिए छह टेस्ट खेले और हाल ही में मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के नेतृत्व में मजबूत भारतीय बल्लेबाजी इकाई का नेतृत्व किया। न्यूजीलैंड ने एशिया में आगामी तीन टेस्ट मैचों के लिए श्रीलंकाई स्पिन उस्ताद रंगना हेराथ को स्पिन-गेंदबाजी कोच नियुक्त किया, उन्होंने पाकिस्तान के पूर्व स्पिनर और कोच सकलैन मुश्ताक की जगह ली।

# 14 सितम्बर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर जज ने की समीक्षा

कार्यालय संवाददाता | औरंगाबाद



न्यायिक पदाधिकारियों के साथ बैठक कर राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी की समीक्षा करते जिला जज औरंगाबाद(एसएनबी)। औरंगाबाद के नये जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष राज कुमार ने पदभार ग्रहण करने के साथ ही आगामी 14 सितम्बर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों की व्यवहार न्यायालय के सभी न्यायिक पदाधिकारियों के साथ बैठक कर समीक्षा की। बैठक में परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश सत्य भूषण आर्या, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम पंकज मिश्रा, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह विशेष न्यायाधीश उत्पाद प्रथम धनंजय सिंह, विशेष न्यायाधीश उत्पाद द्वितीय नीतीश कुमार, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय धनन्जय कुमार मिश्रा, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय सुनील कुमार सिंह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह विशेष न्यायाधीश पॉक्सो लक्ष्मी कांत मिश्र, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश आनंद भूषण, सौरभ सिंह, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी माधवी सिंह, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम दीवान फहद, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सुकुल राम सहित समस्त न्यायिक पदाधिकारीगण मौजूद रहे। राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों की समीक्षा करते हुए जिला जज ने सभी न्यायिक पदाधिकारियों से अपने-अपने न्यायालय द्वारा अबतक की गई तैयारियों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होने अबतक विभिन्न न्यायालयों द्वारा निर्गत नोटिस और उससे संबंधित तामिला की जानकारी प्राप्त ली। साथ ही पक्षकारो के साथ की जाने वाली प्री-काउंसिलिंग प्रक्रिया के लिए अबतक किए गये कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर कई महत्वपूर्ण दिशा निर्देश भी दिए। कहा कि अबतक जितने भी वाद चिन्हित्त किए गए हैं और नोटिस निर्गत हुआ है, उसकी तामिला की स्थिति की यथाशिघ्र जानकारी प्राप्त करें। अधिक से अधिक पक्षकारो के साथ प्री-काउंसिलिंग की प्रक्रिया से संबंधित न्यायालयो के साथ सामंजस्य स्थापित करते हुए करें। जिला जज ने सभी न्यायालयों को प्री-काउंसिलिंग की प्रक्रिया को और तेज करने के लिए प्रेरित किया तथा न्यायालय में लंबित सभी तरह के सुलहनीय मामलो में पक्षकारो को राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से अपने वाद को निस्तारित करने के लिए लगातार प्रेरित करते रहने का निर्देश दिया। जिला जज ने समीक्षा के दौरान खासकर न्यायिक दंडाधिकारी के न्यायालय में लंबित मामलों पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए पक्षकारो के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण रखने के लिए प्रेरित किया ताकि उन्हें अपने वाद को राष्ट्रीय लोक अदालत में निष्पादन कराने में खुशी का भाव उत्पन्न हो और उनके माध्यम से आम जनमानस भी अपने-अपने वाद राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण हेतु प्रेरित हो सके। जिला जज ने राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर अबतक किये गये कार्यो को सराहा। कहा कि यह निरंतरता राष्ट्रीय लोक अदालत तक सभी को बनाए रखने की आवश्यकता है ताकि इसका प्रतिफल अधिक से अधिक वादों का निस्तारण का मार्ग प्रशस्त हो और जिले का मान बढ़े।जिला जज ने आम जनों से भी अपील किया कि वे ज्यादा-से ज्यादा अपने वादों का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से कराए। अगर किसी तरह की समस्या उत्पन्न हो तो जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय से सम्पर्क स्थापित करें।

# हर्षोउल्लास पूर्ण माहौल में मनाई गई हरतालिका तीज

निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)

मुख्यालय सासाराम समेत जिले के विभिन्न प्रखंडो एवं प्रमुख बाजारों से लेकर ग्रामीण व कस्बाई इलाको में पति की दीर्घायु कामना व 24 घण्टे का निर्जला व्रत हरतालिका तीज हर्षोउल्लास पूर्ण माहौल में मनाया जा रहा है। इसके मद्देनजर महिलाओं ने निर्जला होते हुए शुक्रवार को दोपहर से सायंकाल में नदी, तलाब व सरोवरों में जाकर स्नान की फिर सोरहो श्रृंगार कर नये नये परिधानों से सुसज्जित होकर कोई नदी तालाब पर ही तो कोई घर पर पूजा अर्चना कर शिव व गौरी की कथा सुना तथा अपने से बड़ो का चरण स्पर्श कर आशीर्वाद ग्रहण किया। यह व्रत बुधवार के अहले सुबह समाप्त होगी। मजेदार तथ्य यह है कि इस व्रत को कुवारी युवतियों ने भी रखा है और सुहागिन महिलाओं की तरह 24 घण्टे का भी उपवास रखा।हालांकि इस कठिन पर्व को देखते हुए भगवान सूर्य व इंद्र ने भी व्रतियों को ठंडक पहुचाने के लिए मौसम को दिन में कुछ देर के लिए सुहाना बना दिया था। नीले आसमान में दिन के दोपहर तक आस पास उमड़ते घुमडते बादलों के आवाजाही लगा रहा।फिर उमस भरी गर्मी तथा तीखी धूप और उमस भरी गर्मी का सिलसिला जारी रहा।जबकि बिजली ने व्रतियों को राहत दी और लुकाछिपी के बीच आते जाते रहा। व्रतियों ने स्नान करने के पश्चात सर्वप्रथम 'उमामहेश्वरसायुज्य सिद्धये हरितालिका व्रतमहं करिष्ये'।मंत्र का संकल्प करके मकान को मंडल आदि से सुशोभित कर पूजा सामग्री एकत्र किया।स्नान करके शुद्ध व उज्ज्वल वस्त्र धारण की। तत्पश्चात पार्वती तथा शिव की सुवर्णयुक्त प्रतिमा बनाकर विधि-विधान से पूजा की गई। बालू रेत अथवा काली मिट्टी से शिव-पार्वती एवं गणेशजी की प्रतिमा अपने हाथों से बनाई। फुलेरा बनाकर उसे सजाई गई फिर रंगोली डालकर उसपर पट्टा या चौकी रखा गया। इसके बाद सुहाग की पिटारी में सुहाग की सारी सामग्री सजा कर रखने के उपरांत पूजा की। अन्य सामग्री शिव व पार्वती को अर्पित की गई।शिव-पार्वती एवं गणेशजी की प्रतिमाओं को केले के पत्तों पर आसीन कर कलश पर श्रीफल रखकर मुख पर नाडा बांध दिया।उस पर स्वास्तिक बनाकर अक्षत चढ़ाया और दीपक जलाएं कलश पूजन होने के बाद श्री गणेश का पूजन की। भगवान शिव का पूजन कर फिर माता गौरी पर पूरा श्रृंगार चढ़ाकर उनका पूजन किया।इस प्रकार पार्वती तथा शिव का पूजन-आराधना कर हरतालिका व्रत का कथा सुना गया। तत्पश्चात सर्वप्रथम गणेशजी की आरती, फिर शिवजी और फिर माता पार्वती की आरती की गई।

# एलजेपीआर नेता ने किया सामूहिक वृक्षारोपन का शुभारंभ

निज संवाददाता | दाउदनगर (औरंगाबाद)



दाउदनगर प्रखंड के चौरी गांव निवासी अरविंद कुमार ने अपने दिवंगत दादा की स्मृति में शुक्रवार को एक कार्यक्रम आयोजित कर पूर्वजों के अंतिम संस्कार स्थल पर सामूहिक वृक्षारोपन कराया।वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, दाउदनगर के सचिव, राष्ट्रीय वैश्य महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष, 'हैंड्स ऑफ प्रकाश चंद्रा' के संरक्षक एवं लोजपा (रामविलास) के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. प्रकाश चंद्रा ने पौधारोपण कर किया। इस मौके पर प्रकाश चंद्रा ने कहा कि एक पेड़ एक जिंदगी के बराबर होता है। इरो अरविंद कुमार ने अपने पूर्वजों के विलीन होने के स्थान पर पौधरोपण करवा कर चरितार्थ किया है।

## रफीगंज के शिक्षक को पटना के ज्ञान भवन में मिला खेल सम्मान

रफीगंज (औरंगाबाद) (नि. सं.) रफीगंज प्रखंड के कड़सारा गांव निवासी शिक्षक संतोष कुमार सिंह को वृहस्पतिवार को पटना के ज्ञान भवन में आयोजित राज्य खेल सम्मान समारोह के दौरान बिहार सरकार के खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता सहित अन्य द्वारा सम्मानित किया गया।

साथ ही पांच लाख की पुरस्कार राशि का चेक दिया गया। 28 जुलाई 2023 से 6 अगस्त 2023 तक जर्मनी के क्लोन शहर में वर्ल्ड ड्वार्फ गेम का आयोजन किया गया था।

जिसमें उन्होंने गोला फेक गेम में इंडिया को गोल्ड, ब्राउन और ब्रौंच मेडल लाकर दिया था।

# 60 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद, कारोबारी फरार

निज संवाददाता | रफीगंज | (औरंगाबाद)



रफीगंज पुलिस ने गुप्त सूचना पर तिवारी बिगहा निवासी सचिन कुमार के घर से 375 एमएल का स्ट्रिंग रिजर्व व्हिस्की 160 पीस कुल 60 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया है। शराब कारोबारी भागने में सफल रहा। थानाध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि सचिन अपने घर के पास शराब की बिक्री करता है। इसी बात को लेकर झगड़ा एवं हल्ला हंगामा कर रहा है। पुलिस बल के पहुंचते ही हल्ला हंगामा कर रहे व्यक्ति भाग गए। उक्त व्यक्ति के घर तलाशी ली गई तो शराब बरामद किया गया। शराब बिक्री करने के आरोप में सचिन कुमार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## शिवगंज में खुला निःशुल्क कंप्यूटर कोचिंग

मदनपुर (औरंगाबाद) (नि.सं.) मदनपुर प्रखंड के शिवगंज में युवा समाजसेवी शंभू कुमार ने ईएफए ऑर्गेनाइजेशन की शिवगंज शाखा का फीता काटकर उद्घाटन किया। अविनाश कुमार ने बताया कि संस्थान में आसपास के छात्र-छात्राएं निःशुल्क कंप्यूटर, इंग्लिश स्पोकन तथा एग्जाम एवं इंटरव्यू की तैयारी कर सकते हैं।

## अगलगी पीड़िता को मिला आपदा राशि का चेक

रफीगंज (औरंगाबाद) | (नि.सं.)

रफीगंज प्रखंड के गोरडीहा गांव की अगलगी पीड़िता को आपदा राशि दी गई। अंचलाधिकारी ने बताया कि पीड़िता के घर में 27 जुलाई 2023 को अचानक अगलगी के कारण 5 जानवर की जलकर मौत हो गयी थी। आपदा अनुग्रह राशि के तहत बुधन महतो को 1 लाख 12 हजार 5 सौ की राशि का चेक दिया गया। पीड़िता ने सीओ को धन्यवाद और आभार जताया। उप प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश यादव, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि माहिद खान मौजूद रहे।

# गोह में छात्रा का अपहरण, परिजनों में मचा हड़कंप

निज संवाददाता | गोह (औरंगाबाद)

गोह थाना क्षेत्र के एक गांव से पढ़ने के लिए घर से निकली एक नाबालिग छात्रा का दो दिन के बाद भी अबतक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। इसे लेकर छात्रा के पिता ने थाना में आवेदन देकर अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है।आवेदन में कहा है कि छात्रा गोह के हाई स्कूल की नवीं क्लास की छात्रा है। वह अपने घर से 4 सितंबर को दिन में 10 बजे खाना खाकर विद्यालय में पढ़ने के लिए निकली थी। जब देर शाम तक घर नहीं आई, तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की और सभी रिश्तेदारों के घर खोजबीन की, लेकिन छात्रा का कोई सुराग नहीं मिला। मामले में पुलिस ने छात्रा के पिता के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर छात्रा की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। छात्रा को जल्द से जल्द ढूंढने का प्रयास किया जा रहा है।

## हसपुरा में 8 सितम्बर को होगी धोबी समाज की बैठक

हसपुरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)। अखिल भारतीय धोबी महासंघ की हसपुरा प्रखंड इकाई की बैठक 8 सितम्बर को हसपुरा में आयोजित की गई है। महासंघ के प्रखंड अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार लाला ने बताया कि बैठक बस स्टैंड के पास 11: 00 बजे से होना सुनिश्चित हुआ है, जिसमें संगठन के जिलाध्यक्ष आनंद रजक, महेंद्र रजक, किशोरी रजक, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष रमन कुमार सहित अन्य पदाधिकारी शामिल होंगे। बैठक के दौरान हसपुरा प्रखंड की पुरानी कमिटी को भंग कर नई कमिटी का गठन किया जाएगा।

# रफीगंज अंचल को बिहार में 34वां व सब डिवीजन स्तर पर मिला प्रथम स्थान

निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)

रफीगंज अंचल को पूरे बिहार में 34 वां स्थान एवं औरंगाबाद सब डिवीजन में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर अंचलाधिकारी भारतेंदु सिंह ने हर्ष जताते हुए सभी अंचल कर्मियों को बधाई एवं धन्यवाद दिया। सीओ ने बताया कि सीओ टॉप रैंकिंग में अगस्त माह में रफीगंज अंचल ने पूरे बिहार के 534 अंचलों में 36वां स्थान एवं औरंगाबाद सब डिवीजन में प्रथम स्थान प्राप्त किया हैं। गौरतलब है कि सीओ टॉप रैंक राजस्व विभाग द्वारा हर माह अंचल कार्यालयों के मूल्यांकन के लिए जारी किया जाता है। इसके तहत परिमार्जन प्लस के लिए 25 प्रतिशत, म्यूटेशन के लिए 15, अभियान बसेरा के लिए 15, आधार सीडिंग एवं ऑनलाइन एलपीसी के लिए 2.5, ई मापी के लिए 15, सरकारी भूमि एंट्री के लिए 10 प्रतिशत एवं अन्य ऐसे ही कुछ बिंदुओं के लिए नंबर दिए जाते हैं। उल्लेखनीय हैं कि रफीगंज अंचल द्वारा पहली बार टॉप 100 में जगह हासिल किया है।

## अभाखेमकिस ने प्रखंड मुख्यालय पर किया धरना प्रदर्शन

नोखा (रोहतास) (नि.सं.)। शुक्रवार के प्रखंड मुख्यालय सह अंचल कार्यालय के समक्ष अखिल भारतीय खेत मजदूर किसान संघ के प्रखंड कमेटी द्वारा जन समस्याओं के निदान हेतु एक दिवसीय विशाल धरना प्रदर्शन किया गयाअपनी मांगो के लेकर सैकड़ो महिला पुरुष ने पुलिस पदाधिकारी के खिलाफ नारेबाजी की इस मौके पर अशोक बैठा ने बताया कि हमारी मांग पूरा नहीं होगा तो अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन करेंगे एक डिस्मिल के बदले तीन डिस्मील जमीन अधिग्रहण किया जाए। श्याम सुंदर पाल, विश्वनाथ यादव, रमेश राम, सरिता देवी, रामनिवास बैठा, अजय राम, सैकड़ो लोग मौजूद थे।

# पुनपुन नदी के उस घाट वाले स्टेशन पर हुआ 9 जोड़ी एक्सप्रेस व 5 जोड़ी पैसेंजर ट्रेनों का ठहराव

कार्यालय संवाददाता | औरंगाबाद

यात्रीगण कृपया ध्यान दे। इस साल 2024 में 17 सितंबर से शुरू होकर 2 अक्टूबर तक चलने वाले मोक्षदायिनी पितृपक्ष में पित्तरो को पिंडदान करने गया श्राद्ध-तर्पण का प्रवेश द्वार कही जाने वाली पिंडदान की प्रथम वेदी पुनपुन नदी के धार्मिक-आध्यात्मिक और पौराणिक दृष्टिकोण से अति महत्वपूर्ण जम्होर घाट तक आने-जाने में सुविधा के लिहाज से पूर्व मध्य रेल ने बिहार के औरंगाबाद जिले के अनुग्रह नारायण रोड घाट स्टेशन पर 9 जोड़ी एक्सप्रेस और 5 जोड़ी पैसेंजर ट्रेनों के अस्थायी ठहराव की व्यवस्था की है। पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि पितृपक्ष मेला के अवसर पर पुनपुन घाट हाल्ट पर 09 जोड़ी एक्सप्रेस और 05 जोड़ी सवारी गाड़ियों का अस्थायी ठहराव, अनुग्रह नारायण स्नान घाट हॉल्ट स्टेशन पर सुनिश्चित किया गया है। इन ट्रेनो का ठहराव 17 सितम्बर से शुरू होकर 02 अक्टूबर तक जारी रहेगा। पुनपुन घाट हाल्ट पर 09 जोड़ी एक्सप्रेस ट्रेनों का दो-दो मिनट का अस्थायी ठहराव प्रदान किया गया है। इनमें गाड़ी सं.- 13243/13244 पटना-भभुआ रोड-पटना इंटरसिटी एक्सप्रेस, गाड़ी सं.- 13347/13348 पटना-बरकाकाना-पटना पलामू एक्सप्रेस, गाड़ी सं.- 13349/13350 सिंगरौली-पटना-सिंगरौली एक्सप्रेस, गाड़ी सं.- 18623/18624 इसलामपुर-हटिया-इसलामपुर एक्सप्रेस, गाड़ी सं. 18625/18626 पूर्णिया कोर्ट-हटिया-पूर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस, गाड़ी सं.- 12365/12366 पटना-रांची-पटना जनशताब्दी एक्सप्रेस, गाड़ी सं.- 13329/13330 पटना-धनबाद-पटना गंगा दामोदर एक्सप्रेस, गाड़ी सं.- 14223/14224 राजगीर-वाराणसी-राजगीर बुद्धपूर्णिमा एक्सप्रेस एवं गाड़ी सं.- 05553/05554 पाटलिपुत्र-गया-पाटलिपुत्र पैसेंजर स्पेशल ट्रेन शामिल है। इसके साथ ही 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक अनुग्रह नारायण रोड और चिरैला पौथू के बीच स्थित अनुग्रह नारायण स्नान घाट स्टेशन पर 05 जोड़ी पैसेंजर ट्रेनों का भी दो-दो मिनट का अस्थायी ठहराव प्रदान किया गया है। इनमें गाड़ी सं.- 03383/03384 गया-डीडीयू-गया मेमू पैसेंजर स्पेशल, गाड़ी सं.- 03691/03692 गया-डेहरी ऑन सोन-गया मेमू पैसेंजर स्पेशल, गाड़ी सं.- 03381/03382 गया-डेहरी ऑन सोन-गया मेमू पैसेंजर स्पेशल, गाड़ी सं.- 13305/13306 धनबाद-सासाराम-धनबाद इंटरसिटी पैसेंजर एवं गाड़ी सं. 13553/13554 आसनसोल-वाराणसी-आसनसोल मेमू पैसेंजर शामिल है। अंतर्राष्ट्रीय धर्मनगरी गया के पहले सर्वप्रथम पितृपक्षीय पिंडदान की महिमा- औरंगाबाद के जम्होर निवासी पंडित कुंदन पाठक बताते है कि पुराणों में पुनपुन नदी को गया पितृपक्षीय पिंडदान का प्रवेश द्वार कहा गया है। पुराणों के अनुसार गया में पितृपक्षीय पिंडदान के पहले सर्वप्रथम पुनपुन नदी के घाट पर पित्तरों को प्रथम पिंडदान अनिवार्य करार दिया गया है। यह भी कहा गया है कि पुनपुन नदी के घाट पर प्रथम पिंडदान किए बगैर मोक्षनगरी गया में पित्तरों को किया गया पिंडदान व्यर्थ है, इसके लिए चाहे पूरक विधान ही क्यो न अपनाया गया हो।

# राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में स्मार्ट इंडिया हैकथॉन का हुआ आयोजन

कार्यालय संवाददाता | औरंगाबाद



राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में शुक्रवार को कॉलेज के इंस्टिट्यूट इन्नोवेशन काउंसिल द्वारा स्मार्ट इंडिया हैकथॉन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय से दो टीम ने हिस्सा लिया।पहली टीम एयमर्स गोदरेज प्राइवेट कम्पनी के द्वारा ऊर्जा और जल का संरक्षण घरेलू उपयोग में कैसे करे। वहीं दूसरी टीम ओड टू कोड ने एआईसीटीई के द्वारा पेपरलेस डिस्बर्समेंट ऑफ स्कॉलरशिप फॉर पीएमएसएसएस को डिजिटल पोर्टल बनाने का प्रेजेंटेशन दिया। कार्यक्रम में भाग लेने वाली दोनो टीमो के स्टूडेंट्स में सन्नी, शिवम, गौरव, मुकुंद, हर्षदीप, वंदना, अंकित, आयुषी, आयुष, साहिल, रोहित एवं राजेंद्र कुमार का चयन आगे की प्रक्रिया के लिये किया गया है। गौरतलब है कि स्मार्ट इंडिया हैकथॉन का आयोजन देश के शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के इनोवेशन सेल एवं स्टार्टअप सेल के द्वारा किया जाता है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रशांत मणि ने बताया कि भारत सरकार के इस स्मार्ट इंडिया हैकथॉन का उद्देश्य छात्रों के बीच उत्पाद संबंधी नवाचार, समस्या-समाधान और लीक से हटकर सोचने की संस्कृति विकसित करना है। साथ ही प्राचार्य ने कार्यक्रम के सफल संचालन व महाविद्यालय में इन्नोवेशन इकोसिस्टम तैयार करने के लिए संस्थान के इन्नोवेशन कॉउंसिल की संयोजिका डॉ. कुमारी सरिता एवं ज्यूरी मेंबर्स विजेता सिंह, अविनाश सिंहा, वेडिवेल सी, आनंद राज, निधि कुमारी को बधाई दी और कार्यक्रम में शामिल सफल छात्रों को आगे की प्रक्रिया के लिए शुभकामनाएं दी और सभी छात्रों को पुरस्कृत किया।

## प्रीपेड मीटर बाईपास कर बिजली चोरी करने को लेकर लगा जुर्माना

बिक्रमगंज (रोहतास) (नि.सं.)। बिजली चोरी के खिलाफ चलाये जा रहें विशेष अभियान के तहत नगर परिषद बिक्रमगंज के अंतर्गत विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर ढ़िबरा मोहल्ला के दो लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। बताते चलें की मीटर बाईपास कर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर रंजन कुमार सिंह पर 154785 तथा महेंद्र प्रसाद गुप्ता पर 53905 रूपये दंडित राशि लगायी गयी है। प्रीपेड मीटर अधिष्ठापित थी परन्तु दोनों उपभोक्ताओं के द्वारा मीटर से पहले तार मे कटिंग करके एवं मीटर को बाईपास करते हुए अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा की चोरी की जा रही थी। मीटर बाईपास करने के कारण वास्तविक मान पठन अवरुद्ध हो रहा था तथा विभाग के राजस्व की क्षति हो रही थी। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया की बिजली चोरी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

## मारपीट में दोनों पक्ष के 14 लोगों पर प्राथमिकी हुई दर्ज

कोचस (रोहतास) (नि.सं.)। प्रखंड के नरवर गांव मे दो पक्षों में हुई मारपीट मामले मे शुक्रवार को दिनारा थाना मे दोनों पक्षों के कुल चौदह लोगों के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज की गई है। आपको बताते चले की बुधवार को नरवर पंचायत के नरवर गांव मे निजी जमीन पर अवैध तरीके से जबरन नाली गली का निर्माण कराने को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर लाठी डंडा चली जीसमें एक पक्ष के सात लोग बुरी तरह घायल हो गए थे। जहां स्थानीय पीएचसी में उपचार कर चिकित्सको ने बेहतर इलाज के लिए सासाराम रेफर कर दिया था। घटना के बाद उक्त गांव निवासी पीड़ित राम चेलाराम ने दूसरे पक्ष के विरुद्ध आवेदन दे स्थानीय थाने मे एफआईआर दर्ज कराई थी। वही इस संदर्भ में दिनारा थाना अध्यक्ष विनय कुमार ने बताया की नाली गली निर्माण को लेकर हुई मारपीट में दोनों पक्षों के द्वारा थाने को आवेदन प्राप्त हुई है।

# रफीगंज स्टेशन पर यात्री शेड बारिश से नहीं कर रहा बचाव, लोगों को हो रही परेशानी

निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)



पंडित दीनदयाल उपाध्याय गया रेलखंड के रफीगंज रेलवे स्टेशन पर गुरुवार रात डाउन प्लेटफार्म नंबर-3-4 पर बारिश के दौरान यात्री शेड से पानी गिरने लगा। रेल यात्रियों ने बताया कि हम लोग को इस्माइलपुर जाना है। रात में ट्रेन थी, लेकिन बारिश की वजह से सारा सामान खराब हो गया। वहीं, समाजसेवी डॉक्टर तुलसी यादव ने बताया कि रफीगंज के सभी रेल यात्री शेड जर्जर स्थिति में है, जल्द ठीक करवाना चाहिए ताकि यात्रियों को परेशानी नहीं हो। रेलवे स्टेशन पर कुल 4 प्लेटफार्म हैं। रफीगंज में लगभग 20 करोड़ से अधिक रुपए से विकास का कार्य किया जा रहा है। रफीगंज स्टेशन अधीक्षक एस के पांडे ने बताया कि यात्री शेड के संबंध में और अन्य सुविधाओं की कमी को लेकर पदाधिकारियों को आवेदन के माध्यम से जानकारी दी गई है। कुछ जगहों पर कार्य किए गए हैं और जहां बाकी है वहां जल्द ही किया जाएगा। 26 फरवरी को रफीगंज रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री ने ऑनलाइन उद्घाटन किया था। पंडित दीनदयाल उपाध्याय-गया रेलखंड के रफीगंज रेलवे स्टेशन का 26 फरवरी 2024 को अमृत भारत स्टेशन योजना अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव सहित अन्य अधिकारी ने ऑनलाइन उद्घाटन रफीगंज के तिवारी बीघा स्थित रेलवे परिसर के मैदान में किया गया था।

# नशीला पदार्थ के सेवन से हालत बिगड़ी, सदर अस्पताल रेफर

निज संवाददाता | कुटुंबा (औरंगाबाद)



कुटुंबा के पूर्व बाजार गुरुवार को नशीला पदार्थ का सेवन करने से एक व्यक्ति की तबीयत बिगड़ गई। परिजनों द्वारा कुटुंबा रेफरल अस्पताल लेकर जाया गया। जहां से डॉक्टर ने प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया। औरंगाबाद सदर अस्पताल में डॉक्टर उदय कुमार द्वारा प्राथमिक इलाज किया गया। इसे बेहतर इलाज के लिए गया मगध मेडिकल रेफर कर दिया गया। बीमार पड़े व्यक्ति की पहचान कुटुंबा थाना क्षेत्र के पूर्व बाजार गांव निवासी धर्मेंद्र तिवारी के रूप में की गई है। सदर अस्पताल में बीमार पड़े व्यक्ति के परिजनों ने बताया कि महुआ धाम में नशीला पदार्थ और कुछ वहां पर सल्फास की गोली पड़ी हुई थी। कुछ लोगों द्वारा हमलोगों को जानकारी मिलते ही अविलंब उन्हें भर्ती करवाया हूं। डॉक्टर ने बताया कि धर्मेंद्र तिवारी की स्थिति काफी नाजुक है। जिसे प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। देखने से प्रतीत होता है कि नशीला पदार्थ के साथ कुछ अन्य चीज का सेवन किया है। इससे काफी हालत नाजुक बनी हुई है। कुटुंबा थाना अध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने बताया कि मामले में किसी भी प्रकार की कोई अभी जानकारी प्राप्त नहीं हुई है। परिजन द्वारा आवेदन प्राप्त होने पर पुलिस द्वारा कार्रवाई की जाएगी। परिजनों को नहीं मालुम है की इनको नशीला पदार्थ और पैकेट में सल्फास की गोली कैसे आई। हालांकि, जब व्यक्ति होश में आएंगे तब ही कुछ पता चल पाएगा।